राष्ट्रीय दैनिक

प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

12 भारत के प्रत्येक नागरिक को त्वरित और सुलभ न्याय उपलध कराना मोदी सरकार की प्राथमिकता है....

चंडीगढ़ पर हक चाहिए तो 107 गांव वापस दो..... 12

वर्ष : 12 | अंक : 217 | पटना, शुक्रवार, 22 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

पीएम मोदी ने शीर्ष कैरेबियाई नेताओं से मुलाकात की, द्विपक्षीय सहयोग पर की चर्चा

जॉर्जटाउन (गुयाना)/नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के अवसर पर कैरेबियाई देशों के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने तथा कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री गुयाना पहुंचे। यह 50 वर्षों से अधिक समय में किसी भारतीय राष्ट्र प्रमुख की पहली गुयाना यात्रा है। उन्होंने बुधवार को दूसरे भारत-कैरेबियाई समुदाय (कैरिकॉम) शिखर सम्मेलन से इतर कैरेबियाई साझेदार देशों के नेताओं से मुलाकात की। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। राष्ट्रपति का स्वयं भारत के साथ प्रगाढ़ संबंध है। दोनों नेताओं ने कौशल विकास, क्षमता निर्माण, कृषि, फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय विकास सहयोग की समीक्षा की। उन्होंने कहा, भारत हमेशा बुनियादी ढांचे, शिपिंग, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में गुयाना के लिए एक विश्वसनीय साझेदार रहेगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन जैसी पहलों के लिए कैरेबियाई राष्ट्र के समर्थन को उल्लेखनीय बताया।

उन्होंने बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया मोटली से भी मुलाकात की। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बैठक में बारबाडोस की प्रधानमंत्री ने कोविड-19 महामारी के दौरान देश की सहायता में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और भारत-बारबाडोस संबंधों के प्रति प्रतिबद्धता को सराहा तथा प्रधानमंत्री को मानद ह्यऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोसह्न पुरस्कार से सम्मानित करने के अपनी सरकार के फैसले की घोषणा की। यह पुरस्कार 30 नवंबर को बारबाडोस में प्रदान किया जाएगा।

मंत्रालय ने कहा, इस उच्च स्तरीय बैठक ने दोनों नेताओं को भारत-बारबाडोस संबंधों में नई जान डालने और उन्हें मजबूत करने का अवसर प्रदान किया, साथ ही स्वास्थ्य एवं फार्मा तथा संयुक्त राष्ट्र में सहयोग सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में जारी सहयोग की समीक्षा की। प्रधानमंत्री मोदी ने बहामास के अपने समकक्ष फिलिप डेविस से भी मुलाकात की और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने, जलवायु परिवर्तन कार्रवाई एवं हरित साझेदारी पर केंद्रित सार्थक चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नेताओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन से इतर मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो के प्रधानमंत्री कीथ रोले से भी मुलाकात की। उन्होंने भारत के प्रमुख यूपीआई प्लेटफॉर्म को अपनाने के लिए डॉ. रोले को बधाई दी। विदेश मंत्रालय ने एक अलग पोस्ट में कहा, नेताओं ने डिजिटल परिवर्तन, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा, परिवहन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों नेताओं की उपस्थिति में त्रिनिदाद और टोबैगो में एकीकृत स्वचालित फल एवं सब्जी प्राथमिक प्रसंस्करण गतिविधियां स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन का भी आदान-प्रदान हुआ। मोदी ने सूरीनाम के राष्ट्रपति चान संतोखी से भी मुलाकात की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की तथा आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के महत्व पर बल दिया।

केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने करोड़ों रुपए की योजनाओं की दी सौगात

बिहार में सड़कों का बिछेगा जाल : गडकरी

बोलें-आने वाले समय में बदल जाएगी बिहार की तस्वीर

प्रात : किरण

गया। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को बिहार के गया में करोड़ों रुपए की कई योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकापर्ण किया। श्री गडकरी ने गया-डोभी मुख्य सड़क मार्ग पर मगध विश्वविद्यालय के समीप नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के लिए केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार विशेष व्यवस्था कर रही हैं। बिहार में सड़कों का जाल बिछेगा। उन्होंने इस मौके पर गया, पटना एवं बिहार की अन्य जिलों में कई रेलवे ओवरब्रिज बनाने की घोषणा की। इसके अलावा कई किलोमीटर तक सड़क बनाने की भी घोषणा की। आने वाले समय में बिहार की तस्वीर बदल जाएगी। बिहार के विभिन्न जिलों से पटना तक जाने में कम समय लगेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच का परिणाम है कि आज देश में सड़कों का जाल बिछ रहा है।

बेतिया में गंढक नदी पर फोरलेन :

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा की मांग पर पश्चिम चंपारण के बेतिया में गंढक नदी पर फोरलेन बनाया जाएगा। इसके अलावा बिहार में ग्रीन एक्सप्रेस-वे बनाया जाएगा। बनारस-सारनाथ से वाया डोभी होते हुए बोधगया तक सड़क बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आज छह सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण हुआ है।

राजौरी से बख्तियारपुर तक फेज तीन की सड़क का उद्घाटन :

श्री गडकरी ने कहा कि राजौरी से बख्तियारपुर तक फेज तीन की सड़क का उद्घाटन हुआ है। वहीं फेज एक के तहत बनने वाली सड़क का शिलान्यास भी किया गया है। इससे पूर्व श्री गडकरी बोधगया स्थित महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में मगध विश्वविद्यालय और भारतीय आर्थिक परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 22वां बिहार आर्थिक परिषद सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, मंत्री अशोक चौधरी, डॉ. प्रेम कुमार, पूर्व सांसद सुशील सिंह, हरि मांझी, पूर्व विधायक श्याम देव पासवान, मगध यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एसपी शाही सहित कई लोग मौजूद थे।

केन्द्र सरकार ने राज्य को दी 6000 करोड़ की सौगात : उपमुख्यमंत्री

डबल इंजन सरकार के विकास-यज्ञ का केंद्र बन रहा बिहार

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने बिहार दौरे में बिहार को करीब 16000 करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात दी है। श्री सिन्हा ने कहा कि गडकरी के द्वारा गया में 3700 करोड़ की लागत वाली 6 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ। साथ ही बुद्ध सर्किट से जुड़ी बिहार की परियोजनाएं जहाँ आने वाले कुछ महीने में पूरी हो जाएंगी, वहीं प्रस्तावित राम जानकी मार्ग (कुल लंबाई 453 किमी) की बिहार की 240 किमी लंबी परियोजना के मेहरौना से सीवान होते हुए मसरत तक गुजरने वाली 3100 करोड़ रुपए की लागत वाली 90 किमी लंबी सड़क का निर्माण अगले साल फरवरी तक शुरू हो जाएगा । शेष 160 किमी लंबी सड़क के लिए मार्च 2025 तक डीपीआर बना लिया जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राजधानी पटना को हर दिशा से सुलभ संपर्कता से आच्छादित किया जा रहा है । केंद्रीय बजट में घोषित 18 हजार करोड़ लागत वाली पटना-पूर्णिया ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का डीपीआर भी मार्च 2025 तक निर्गत कर दिया जाएगा । 10 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली पटना ग्रीनफील्ड रिंगरोड (कुल लंबाई 138 किमी), जिसमें गंगा पर 9.5 किमी लंबा 6 लेन पुल भी शामिल है, का काम 2027 तक पूरा करा लिया जाएगा ।

तबादले को इच्छुक शिक्षक नये सिरे से ऑनलाइन दाखिल कर सकते हैं आवेदन

शिक्षा विभाग ने स्थानांतरण को लेकर जारी किया आदेश

प्रात : किरण

पटना। बिहार सरकार ने विशेष समस्या के कारण तबादले के इच्छुक शिक्षकों को ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर नये सिरे से आवेदन करने को कहा है। शिक्षक एक से 15 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। राज्य के शिक्षा विभाग की स्थानांतरण नीति को स्थगित किये जाने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को आश्वासन दिया था कि सरकारी विद्यालयों में नियोजित शिक्षक अपनी सेवाओं के नियमित होने और सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिए जाने के बाद भी अपनी वर्तमान तैनाती स्थल पर बने रहेंगे। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद विभाग ने बृहस्पतिवार को यह निर्देश जारी किया। प्राथमिक शिक्षा के निदेशक पंकज कुमार ने बृहस्पतिवार को एक पत्र में, विभिन्न स्रोतों से अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं कि कुछ शिक्षक विशेष समस्या के कारण तबादले के लिये इच्छुक हैं। ऐसे शिक्षक जो किसी विशेष समस्या के कारण अपने स्थानांतरण के लिए इच्छुक हैं, वे ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अपना अभ्यावेदन नये सिरे कर सकते हैं। शिक्षा विभाग ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है लेकिन सरकार कुछ खास शिक्षकों की ही ट्रांसफर/पोस्टिंग करेगी। बिहार के प्राथमिक शिक्षा निदेशक पंकज कुमार की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार ने पहले बनाए गए ट्रांसफर/पोस्टिंग पॉलिसी को रद कर दिया है, इसलिए उस पॉलिसी के तरह जितने भी शिक्षकों ने आवेदन किए थे, उन सारे आवेदनों को भी रद कर दिया गया है। सरकार ने अब ट्रांसफर पोस्टिंग के लिए नया आदेश जारी किया है।

एक दिसंबर से सुबह 9:30 बजे से खुलेंगे सभी सरकारी स्कूल

सरकारी स्कूलों के समय में बदलाव सरकार ने जारी किया शेड्यूल

पटना। शिक्षा विभाग ने राज्य के सरकारी स्कूलों के समय सारणी में बदलाव किया है। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने पूरा शेड्यूल जारी किया है। नए शेड्यूल के मुताबिक, आगामी 1 दिसंबर से बिहार के सभी सरकारी स्कूल सुबह साढ़े 9 बजे से खुलेंगे। बिहार सरकार के माध्यमिक शिक्षा निदेश की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, राज्य के सभी प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक/ उच्च माद्यमिक, संस्कृत विद्यालय, मदरसा विद्यालय समेत अन्य स्कूल आगामी 1 दिसंबर से नए टाइम टेबल के अनुसार संचालित किए जाएंगे। नए शेड्यूल के अनुसार, अब ये सभी स्कूल सुबह 9:30 बजे से खुलेंगे। सुबह साढ़े 9 बसे से 10 बजे के बीच प्रार्थना, पहली कक्षा 10 बजे से शुरू होगी जो 10:40 तक चलेगी। वहीं, दूसरी क्लास सुबह 10:40 बजे से 11:20 बजे तक, तीसरी क्लास- 11:20 से 12:00 बजे तक लगेगी। इसके बाद मध्यांतर यानी लंच टाइम और एमडीएम का होगा जो 12:00 बजे से 12:40 तक होगा। इसके बाद चौथी घंटी- 12:40 बजे से 01:20 बजे, पांचवी क्लास- 01:20 बजे से 2 बजे तक, छठी क्लास- 2 बजे से 2:40 बजे तक और आठवीं क्लास दोपहर 3:20 बजे से 4:00 बजे तक संचालित होगी। इसके बाद शाम 4 बजे स्कूलों की छुट्टी कर दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने आगामी 1 दिसंबर से नए टाइम टेबल पर स्कूलों को संचालित करने का आदेश सभी जिलों को दे दिया है।

1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक करें आवेदन

प्राथमिक शिक्षा निदेशक पंकज कुमार की तरफ से जारी पत्र में कहा गया है कि सरकार को विभिन्न श्रोतों से ये अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं कि कुछ शिक्षक विशेष समस्या से ग्रसित हैं और इसके कारण अपना ट्रांसफर कराना चाहते हैं। ऐसे तमाम शिक्षक जो किसी विशेष समस्या के कारण अपना ट्रांसफर कराना चाहते हैं, सरकार ने उन्हें मौका दिया है। शिक्षा विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि ऐसे शिक्षक 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन दे सकते हैं। सरकार उनके ट्रांसफर/पोस्टिंग पर विचार करेगी।

संक्षिप्त खबरें

के संजय मूर्ति ने कैग पद की शपथ ली

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री के संजय मूर्ति को गुरुवार को भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक (कैग) पद की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडपम में आयोजित किया गया। श्री मूर्ति ने राष्ट्रपति के समक्ष कैग पद की शपथ ली। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी प्रस्तुत थे। श्री मूर्ति 1989 बैच के भारतीय प्रशासन सेवा के हिमाचल काडर के अधिकारी हैं। वह श्री गिरीश चंद्र मुर्मु का स्थान ले रहे हैं, जो 20 नवंबर को कैग के पद से सेवानिवृत्त हुये।

पश्चिम चंपारण जिले में दरभंगा-दिल्ली स्पेशल ट्रेन बेपटरी

पटना। बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के नरकाटियागंज के हरिनगर रेलवे स्टेशन के पास बीती मध्य रात्रि दिल्ली से दरभंगा आने वाली स्पेशल ट्रेन 04068 बेपटरी हो गई। उसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि किसी भी तरह के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। बताया गया है कि यार्ड परिसर में इंजन के पीछे की एक बोगी डिरेल हुई। अचानक झटका लगने से घबराये यात्री अपनी-अपनी सीट से उठ गए। कुछ समय तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। ट्रेन चार घंटे तक हरिनगर रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। सूचना पर पहुंची एआरटी की टीम ने बेपटरी बोगी को अलग किया। इसके बाद आज तड़के 3:55 बजे ट्रेन को रवाना किया गया। स्टेशन मास्टर रितेश कुमार ने बताया कि स्पेशल ट्रेन सामान्य बोगी के बेपटरी होने से अचानक रुक गई। गति तेज नहीं होने की वजह से कोई अनहोनी नहीं घटी।

विपक्ष ने अदाणी मामले को लेकर केन्द्र व पीएम को घेरा

संयुक्त संसदीय समिति से जांच की मांग की

नई दिल्ली/एजेंसी। विपक्षी दलों ने उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिकी अभियोजकों द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और मामले की संयुक्त संसदीय समिति से जांच की मांग की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यहां तक कहा कि अदाणी को तत्काल गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जानी चाहिए। अमेरिकी अभियोजकों ने अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी पर आरोप लगाया है कि उन्होंने भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देकर सौर उर्जा अनुबंध हासिल किए। इस कथित योजना के तहत 2020 से 2024 तक 25 करोड़ डॉलर (करीब 2236 करोड़ रुपये) की रिश्वत दी गई। अदाणी समूह ने कहा है कि अमेरिकी अधिकारियों द्वारा लगाए गए रिश्वतखोरी के आरोप निराधार हैं, समूह द्वारा सभी कानूनों का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है। इस मामले के सामने आने के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोला और कहा कि अदाणी को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि गौतम अदाणी की गिरफ्तारी नहीं होगी, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी तथा अदाणी एक हैं और इसीलिए दोनों सेफ हैं। राहुल गांधी ने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र में नेता प्रतिपक्ष के रूप में वह और पूरा विपक्ष अदाणी से जुड़े मामले को उठाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, जब एक शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय व्यवसायी को किसी विदेशी देश द्वारा अभ्यारोपित किया जाता है, तो यह वैश्विक मंच पर हमारी छवि को खराब करता है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस लगातार ऐसे अनैतिक व्यापारिक प्रथाओं का विरोध करती रही है, जो प्रमुख क्षेत्रों में एकाधिकार बनाने और अनुचित लाभ देकर कुछ लोगों के हाथों में धन केंद्रित करने की मोदी सरकार की नीति को लागू करके कुछ व्यक्तियों की मुनाफाखोरी और बढ़ावा देते हैं।

भाजपा ने कहा- पीएम मोदी की छवि खराब करने की कोशिश

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी ने अमेरिकी अभियोजकों द्वारा उद्योगपति गौतम अदाणी पर रिश्वतखोरी के आरोप लगाए जाने के बाद बृहस्पतिवार को इस संबंध में राहुल गांधी के बयान को लंबे समय से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि खराब करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा करार दिया। भाजपा प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि जहां तक अदाणी समूह के खिलाफ आरोपों का सवाल है, तो यह कंपनी पर है कि वह स्पष्टीकरण जारी करके अपना बचाव करे। प्रधानमंत्री और केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ राहुल के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए पात्रा ने कहा, कानून अपना काम करेगा। पात्रा ने यह भी कहा कि अभियोग में उल्लिखित अवधि के दौरान जिन चार राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ तमिलनाडु में अनुकूल शर्तों के बदले सरकारी अधिकारियों को कथित तौर पर 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की रिश्वत दी गई थी, वहां उस समय भाजपा की सरकार नहीं थी। एक ओर, कांग्रेस और उसके सहयोगी छत्तीसगढ़ व तमिलनाडु में सत्ता में थे, तो वहीं राष्ट्रीय स्तर पर सत्तापक्ष या विपक्ष से दूर रहे वाईएसआर कांग्रेस और बीजू जनता दल का क्रमशः आंध्र प्रदेश और ओडिशा पर शासन था। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी, उनकी मां सोनिया गांधी और कांग्रेस

2002 से मोदी की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे सफल नहीं हुए और जिस दिन विपक्षी दल उन पर हमला कर रहा है, उसी दिन प्रधानमंत्री को विदेश में सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार मिला है। पात्रा ने कहा कि अगर अदाणी भ्रष्ट हैं, तो कांग्रेस सरकारें उनकी कंपनी को निवेश क्यों करने दे रही हैं। अमेरिकी अभियोजकों ने अदाणी पर भारत में सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए अनुकूल शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर (लगभग 2,100 करोड़ रुपये) की रिश्वत देने का आरोप लगाया है। अमेरिकी अभियोजकों का आरोप है कि दी गई रिश्वत की जानकारी अमेरिकी बैंकों और निवेशकों से छिपाई गई, जिनसे अदाणी समूह ने 12 गीगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति करने वाली परियोजनाओं के लिए अरबों डॉलर जुटाए थे। अमेरिकी कानून अपने निवेशकों या बाजारों से जुड़े विदेशों में भ्रष्टाचार के आरोपों को आगे बढ़ाने की अनुमति देता है।

हजारीबाग में बस पलटने से सात लोगों की दर्दनाक मौत

हजारीबाग/एजेंसी। झारखंड के हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हदासे में सात लोगों की मौत हो गई और 25 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों की संख्या के बारे में फिलहाल आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। 25 से भी अधिक लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, बस कोलकाता से पटना जा रही थी। सुबह करीब 6.30 बजे बस अनियंत्रित होकर एक गड्ढे के पास पलट गई। ज्यादातर यात्री नींद में थे। दुर्घटना के बाद चीख-पुकार मच गई। आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। दुर्घटनाग्रस्त बस की खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया। तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि चार अन्य की अस्पताल जाते समय मौत हो गई। जीटी रोड पर सिक्स लेन निर्माण के लिए जगह-जगह मिट्टी काटी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एक जगह गड्ढे की वजह से लेन बदलने के दौरान बस अनियंत्रित होकर पलट गई। लोगों का कहना है कि सिक्स लेन सड़क निर्माण की गति बेहद धीमी है। गोरहर से लेकर चौपारण तक कई जगहों पर महीनों से पिलरों का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है। कई जगहों पर गड्ढे किए गए हैं। इस वजह से सड़क पर लगातार हादसे हो रहे हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी अजित कुमार विमल, गोरहर थाना प्रभारी, बरकट्ठा थाना प्रभारी समेत भारी संख्या में फोर्स मौके पर पहुंची है। फिलहाल

विकास के लिए शांतिपूर्ण माहौल जरूरी : धनखड़

उपराष्ट्रपति बोलें-सदियों से भारत के मूल मूल्य इसकी पहचान का आधार

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की विदेश नीति राष्ट्रों की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान तथा संघर्ष के मुकाबले संवाद को प्राथमिकता देने पर जोर देती है। उन्होंने कहा कि दुनिया देश के सद्भाव और सह-अस्तित्व के सदियों पुराने सिद्धांतों से सीख सकती है। उन्होंने राष्ट्रों द्वारा मजबूत रक्षा क्षमताओं के माध्यम से सामरिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा इस बात को रेखांकित किया कि विकास के लिए शांतिपूर्ण माहौल आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विश्व के किसी भी भाग में शांति भंग होने या हिंसा भड़कने से विकास में बाधा उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति पर आधारित एक मजबूत राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचा हमारे विकास लक्ष्यों को

प्राप्त करने के लिए पूर्व शर्त है। यहां राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय में भारत के मूल मूल्य, हित और उद्देश्य विषय पर व्याख्यान देते हुए धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि समावेशी विकास, शांति और सार्वभौमिक कल्याण, पर्यावरण का पोषण करते हुए, भारतीय दर्शन के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि सदियों से भारत के मूल मूल्य इसकी पहचान का आधार हैं और इसकी सभ्यतागत प्रकृति पर आधारित हैं। वर्तमान समय में, वे प्राचीन ज्ञान और आधुनिकता का मिश्रण हैं जिसका उद्देश्य लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत अपनी विविधता का जश्न मनाता है, जिसमें अनेक आधिकारिक भाषाएं, कई धर्म और विभिन्न जातियां एक ही संविधान के तहत आती हैं, जो स्वतंत्रता और समानता सुनिश्चित करती हैं। अपने संबोधन में धनखड़ ने कहा कि भारत के हित उसके लोगों के कल्याण और वैश्विक शांति से प्रेरित हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद और कट्टरवाद के खतरे से मिलकर और एकजुट होकर मुकाबला किया जाना चाहिए। लैंगिक न्याय के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, भारत लैंगिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है, यह अर्थव्यवस्था और सामाजिक मूल्यों के साथ-साथ सद्भाव के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसके परिणामस्वरूप न केवल महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है, बल्कि वे महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के अगले स्तर पर पहुंच गई हैं।

दुर्गावती जलाशय योजना और पुनपुन बराज योजना की समीक्षा

पटना। श्रम शक्ति भवन नई दिल्ली में गुरुवार को आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम और कमांड एरिया डेवलपमेंट एवं जल प्रबंधन कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न राज्यों की योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल और विभाग के अन्य वरीय अधिकारियों द्वारा किया गया। बैठक के दौरान जल संसाधन विभाग, बिहार की दो महत्वपूर्ण योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई, जिनमें दुर्गावती जलाशय योजना को वर्तमान प्रगति के आधार पर पूर्णता की स्थिति प्राप्त किए जाने एवं पुनपुन बराज योजना के अंतर्गत अन्डरग्राउन्ड पाइप-लाइन के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु एक महीने के अंदर डीपीआर तैयार कराने का निर्णय लिया गया ताकि भू-अर्जन की आवश्यकता न पड़े। उल्लेखनीय है कि दुर्गावती जलाशय योजना के माध्यम से बिहार के कैमूर और रोहतास जिलों में सिंचाई सुविधा प्रदान की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

चोरों ने घर के बाहर खड़ा ई रिक्शा उड़ाया

मसौढ़ी !नगर मुख्यालय स्थित सरवा गांव में घर के बाहर खड़ा एक ई रिक्शा रात्रि में चोर उड़ा ले गए। पीड़ित वाहन मालिक ने इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज करवाई है।पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।शिकायत में सरवा गांव निवासी रामानंद राम के पुत्र सुधीर कुमार ने बताया कि अपना ई रिक्शा रोजाना अपने घर के बाहर ही खड़ा करता था।मंगलवार रात भी उसने ई रिक्शा वहीं खड़ा किया था। लेकिन सुबह वह उठकर बाहर आया तो ई रिक्शा वहां पर नहीं था।उसने तुरंत इस बारे में अपने परिजनों व आस-पड़ोस के लोगों से इस बारे में पूछा लेकिन किसी को भी ई रिक्शा के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। जिसके बाद उसने अपने जानकारों के साथ मिलकर ई रिक्शा की अपने स्तर पर तलाश शुरू कर दी लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी गई।पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।बढ़ रही चोरी की घटनाएं उल्लेखनीय है पिछले कई माह के दौरान इलाके में वाहन चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही है। बढ़ रही चोरी की घटनाएं इसके अलावा बाइक व घर में चोरी के भी कई मामले पुलिस थानों में दर्ज हो चुके है लेकिन लेकिन अभी तक पुलिस वाहन चोरों का कोई सुराग नहीं लगा सकी है।

ट्रैक्टर शोरूम कर्मी के साथ मारपीट

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र में एक आईसर ट्रैक्टर शोरुम के कर्मचारी के साथ मारपीट की घटना प्रकाश में आया है।घटना के संबध में दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र मुकेश कुमार यादव ने बताया कि मैं बाला जी एग्री सॉल्यूशन आयशर ट्रैक्टर नौबतपर के शोरूम में काम करता हूं।कुछ दिन पहले मसौढ़ी थाना क्षेत्र के हांसाडीह गांव निवासी अरविंद शर्मा के पुत्र विजय नारायण उर्फ मुन्ना शर्मा ने मेरे शोरूम से मार्च में एक ट्रैक्टर खरीदा था।जिसमें 70हजार रुपए बाद में देने के बात कही थी, 20अक्टूबर को उन्होंने मुझे एक चेक दिया था। जिसकी अवधि समाप्त हो चुकी थी।जब हमने उनको कॉल किया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया,16 नवंबर को शोरूम के द्वारा पैसा वसूली को लेकर उनके घर भेजा गया। जब हम उनके घर से लौटते व्यक्त पैट्रोल पंप पर तेल रहे थे उसी समय उन्होंने मेरा साथ मारपीट व गाली गलौज करते हुए, मेरा मोबाइल पटक कर तोड़ दिया। और शोरूम बंद करने की धमकी देते हुए, एक लाख रुपए रंगदारी मांगी है। पीड़ित व्यक्ति के दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिक कीदर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

फैमिली कोर्ट का बेंच स्थापित करने के संबंध में एक ज्ञापन सौपा गया

दानापुर नगर के अंतर्गत।भाजपा युवा मोर्चा के लीगल सेल के प्रदेश सह-संयोजक एवं अधिवक्ता रजनीश तिवारी ने विधि मंत्री नितिन नवीन से मिलकर व्यवहार न्यायालय, दानापुर में एससी-एसटी स्पेशल कोर्ट,पोक्सो एवं फैमिली कोर्ट का बेंच स्थापित करने के संबंध में एक ज्ञापन सौपा।रजनीश ने बताया कि दानापुर व्यवहार न्यायालय का क्षेत्राधिकार काफी बड़ा है।आए दिन कई मामले दर्ज होते रहते हैं।व्यवहार न्यायालय का अधिकार क्षेत्र दानापुर, बिहटा,मनेर, नौबतपुर, बिक्रम क्षेत्र है।

जीपीओ और कॉपर टिकट पर बिहार के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार द्वारा माय स्टाम्प का हुआ विमोचन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार ने गुरुवार को मेघदूत भवन, जीपीओ परिसर, पटना में कॉपर टिकट जारी होने के 250 वर्ष और पटना जीपीओ की स्थापना के 107 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अपार हर्ष के साथ एक माई स्टाम्प जारी किया। इस अवसर पर श्री कुमार ने कहा, की 31 मार्च 1774 को दुनिया ने संचार के इतिहास में एक क्रांति देखी, जब डाक के संचरण के लिए तत्कालीन अजीमाबाद और वर्तमान में बिहार की राजधानी पटना से पहला ह्यप्रीपेड टोकनह्लजारी किया गया,जिसे ह्यकॉपर टिकटह्ल के रूप में जाना जाता है। यह तांबे का डाक टिकट भारत के गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स के प्रशासन के दौरान पूर्वी भारत बंगाल प्रेसीडेंसी द्वारा जारी किया गया था।उस समय थॉमस इवांस प्रेसीडेंसी में पोस्टमास्टर जनरल थे और चार्ल्स ग्रीम डिप्टी पोस्टमास्टर जनरल पटना थे। श्री कुमार ने कहा कि पटना जी.पी.ओ. भवन ब्रिटिश पुनरुत्थान गौथिक वास्तुकला शैली में अंग्रेज वास्तुकार जोसेफ फिलिप्स मुनिंग द्वारा 22.9 एकड़ भूमि पर 1.93 लाख वर्ग फुट में निर्माण की नीव लॉर्ड चार्ल्स हार्डिंग ने 1915 में रखी और 2.69 लाख रुपये की लागत से 1 जुलाई 1917 को उद्घाटन किया गया। इस इमारत को वर्ष 2000 में 1.25 करोड़ रुपये की लागत से पांच उद्यानों, दो भित्तिचित्रों और एक राजसी सहस्राब्दी द्वार और तीन पोर्टिको के साथ पुनर्निमित किया गया था। मीडिया से बात करते हुए, श्री कुमार ने कहा कि यह बिहार के प्रत्येक निवासी के लिए गर्व और खुशी की बात है कि इन दो ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित विरासतों की थीम पर ह्लमाई स्टैम्पह्ल जारी किया गया है। इसके बाद, हर कोई निकटतम डाकघर से संपर्क करके कॉपर टिकट के 250वें वर्ष और पटना जीपीओ के 107वें वर्ष की थीम पर माय स्टाम्प टिकट प्राप्त कर सकता है। मौके पर परिमल सिन्हा, पोस्टमास्टर जनरल, उत्तरी क्षेत्र मुजफ्फरपुर, मनोज कुमार, पोस्टमास्टर जनरल, पूर्वी क्षेत्र, भागलपुर, पवन कुमार, निदेशक डाक सेवाएँ ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सुशोभित किया। इस कार्यक्रम में नरसिंह महतो, सतर्कता अधिकारी, रंजय कुमार सिंह, मुख्य पोस्टमास्टर, पटना जीपीओ, राजदेव प्रसाद, एसएसआरएम पीटी डिवीजन, मनीष कुमार, एसएसपीओ, पटना डिवीजन, रॉबिन चंद्रा, सहायक निदेशक (फिलैटली), अनिल कुमार, उप मुख्य पोस्टमास्टर (प्रशासन), पटना जीपीओ, कुमारी सरिता, उप मुख्य पोस्टमास्टर (मेल एवं ट्रेजरी),बिहार सर्किल कार्यालय के अधिकारी और कई प्रतिष्ठित डाक टिकट संग्रहकर्ता, मीडियाकर्मी और आम जनता इस स्वर्णिम पल के साक्षी बने।

बेहतर मेहनत से मिलेगा बेहतर परिणाम : सिविल सर्जन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना- जिले में स्वास्थ्य सेवाओं तथा परिवार नियोजन सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर बैठक सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया. कार्यशाला में जिले के 13 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों ने भाग लिया. बैठक में 5 हाई इम्पैक्ट एप्रोच के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया. बैठक सह कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ. मिथिलेश कुमार, सिविल सर्जन, पटना, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एस.पी. विनायक, जिला संचारी रोग पदाधिकारी, रजनीश चौधरी, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. संजीव सहित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधिकारीयों ने भाग लिया. बैठक में पीएसआई इंडिया की तरफ से विवेक मालवीय, वरीय शाखा प्रबंधक के साथ टीम के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

परिवार नियोजन के साधन सभी के लिए हो सुगमता से उपलब्धः

बैठक में अपनी बात रखते हुए डॉ. मिथिलेश कुमार, सिविल सर्जन, पटना ने कहा कि जिला सहित पूरे राज्य में परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है. इसमें सबका प्रयास होना चाहिए कि नियोजन के साधनों की उपलब्धता प्रचुर मात्रा में करायी जाए. उन्होंने कहा कि बेहतर मेहनत हमेशा बेहतर परिणाम देता है और परिवार नियोजन के साधनों को सभी योग्य लाभार्थियों को पहुँचाना जरुरी है।

बैठक में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एस.पी.विनायक ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित टीकाकरण के आच्छादन को बढ़ाने की जरुरत पर बल दिया. उन्होंने कहा कि अगले बैठक में इसकी समीक्षा की जाएगी. बैठक में जिला अनुश्रवण तथा मुल्यांकन पदाधिकारी भानु कुमार ने भी अपनी बात रखी. बैठक में जिला स्वास्थ्य समिति से रामू कुमार भी उपस्थित रहे। बैठक सह कार्यशाला स्वास्थ्यकर्मियों का क्षमतावार्धन करने की उद्देश्य से किया गया. सभी चिकित्सा पदाधिकारी मास्टर कोच की भूमिका में कर्मचारियों को उनकी विशिष्ट विभागीय चुनौतियों के लिए सर्वोत्तम समाधान निकलने के बारे में सलाह और मार्गदर्शन पर चर्चा की. मौजूदा बुनियादी ढांचे का विश्लेषण करना और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और दक्षता बनाने में मदद करने के लिए सुधार लागू करना एवं परिवार नियोजन सेवाओं को हाई इम्पैक्ट इंटरवेंशन के द्वारा बेहतर तरीके से संपादित करने पर बल दिया गया। कार्यशाला में शामिल प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा परिवार नियोजन की सेवाओं को बेहतर तरीके से संपादित करने के लिए आंकड़ों का सही संवर्धन एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के क्षमतावर्धन पर बल दिया गया. उन्होंने ग्रुप कार्य के माध्यम से सुविधाओं के सशक्तिकरण एवं बजट प्लानिंग की प्रस्तुति दी. बैठक में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधिकारीयों के प्रभारियों को मास्टर कोच के रूप में बेहतर कार्य करने का लिए सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

युवाओं का नाम वोटरलिस्ट में जोड़ने को लगा शिविर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में युवा व छात्रों का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी को लेकर गुरुवार को राजकीय महिला महाविद्यालय, गायघाट और चौकशिकारपुर स्थित आरपीएम कॉलेज में जागरुकता शिविर लगाया गया। राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्या की अध्यक्षता में आयोजित जागरुकता अभियान में एसडीओ सत्यम सहाय ने छात्राओं को लोकतंत्र से अवगत कराया। वहीं एक जनवरी, 25 को 18 साल की अर्हता पूरी करने वाले छात्र-छात्राओं से आवेदन भी लिया गया। आरपीएम कॉलेज में प्राचार्या प्रोडॉ पूनम की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में अवर निवार्ची पदाधिकारी निखिल ने जागरुकता अभियान में युवतियों के आवेदन भी लिए गए। श्री निखिल ने कहा कि लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए, तभी देश और प्रदेश में आपकी चुनी हुई सरकार का गठन हो सकेगा। इस मौके पर पर्यवेक्षक धर्मेंद्र कुमार के साथ कॉलेज के शिक्षक डॉ अंजू जैन, डॉ रजिया नसरीन, डॉ नागेंद्र मिश्रा, डॉ जयंती रानी व कर्मी उपस्थित थे। एसडीओ ने बताया कि 28 नवंबर तक अभियान चला कर ऑन लाइन व ऑफ लाइन आवेदन लिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक अभियान में युवा व युवतियों का नाम जुड़ सके।

पीपी पब्लिक स्कूल के पांच छात्रों का आईआईटी एवं एनआईटी में हुआ चयन

प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी !नगर मुख्यालय स्थित बिरंचि मोड़ के पास प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल,के मेघावी छात्रों ने एक बार पुनःअपने अनुमंडल के साथ ही साथ अपने विद्यालय को गौरवान्वित होने का मौका दिया है । बताते चलें कि अभी हाल ही में आईआईटी वं एनआईटी की परीक्षा संपन्न हुई थी । जिसमें विद्यालय के छात्र हर्ष नंदन विक्की कुमार अतुल राज नृप रंजन वं अमित कुमार का चयन हुआ है। छात्रों के इस सफलता पर विद्यालय परिवार काफी उत्साहित हैं । इस बाबत छात्रों के सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्राचार्य ने बताया कि इन सभी का चयन अलग-अलग स्थान पर हुआ है।जिसमें हर्ष नंदन वं अमित कुमार का चयन आईआईटी गांधीनगर वं आईआईटी बिहटा , पटना के लिए हुआ है ।वही विक्की कुमार को एन आई टी श्रीनगर अतुल राज को एन आई टी पटना और नृप रंजन को एन आई टी भोपाल के लिए चयनित किया गया है ।अपने छात्रों के सफलता को लेकर पी पी शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डॉक्टर अभिराम सिंह ने कहा कि हमें खुशी है कि आज इस विद्यालय के बच्चे न सिर्फ आईआईटी वं एन आई टी अपितु देश के अन्य कठिन परीक्षाओं में शामिल होकर इस विद्यालय का नाम रोशन कर किया है।

सोनपुर मेला में एक महीने तक चलने वाले फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ

- विधायक अवधेश सिंह और सीबीसी के उप निदेशक संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना/ सोनपुर। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पटना द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से देश को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से ह्लविकसित भारत @ 2047 - विकसित भारत के पथ पर अग्रसरह्ल विषय पर सोनपुर मेला में एक महीने तक ह्लफोटो प्रदर्शनी सह जागरुकता अभियानह्ल का उदघाटन विधायक अवधेश सिंह और सीबीसी प्रमुख सह उप निदेशक संजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक अवधेश सिंह ने भारत सरकार की महत्वकांक्षि योजनाओं जैसे विश्वकर्मा योजना योजना, आयुष्मान कार्ड आदि के बारे में विस्तार से बताया।उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी सफल होगा जब सभी लोगों का विकास होगा। इसके लिए लोगों को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर अपने को विकास से जोड़ना होगा। साथ ही साथ उन्होंने एक पेड़ माँ ने नाम अभियान के तहत लोगों से एक पेड़ लगाने की अपील भी की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो के उप निदेशक संजय कुमार ने कहा कि इस फोटो प्रदर्शनी सह जागरुकता अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी तबकों को केंद्र की योजनाओं से जोड़ना है ताकि लोग सरकारी योजना का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर सोनपुर के पुलिस उपाधीक्षक नवल किशोर ने भी लोगों से अपील किया कि लोग इस मेला में भयमुक्त होकर आए और यहाँ लगे सभी प्रदर्शनी में घूमें और यहाँ लगे सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में खुद जागरुक बने और अपने आसपास और सगे सम्बन्धियों को भी जागरुक करें ताकि सभी लोग इस जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सके और साल 2047 तक हमारा राष्ट्र विकसित बन सके। कार्यक्रम के दौरान लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों का मनोरंजन भी किया गया और साथ ही साथ प्रश्नतरी करके विजेता को स्मृति चिन्ह से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में विधायक द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रैली भी निकाली गई। इस कार्यक्रम का संचालन सीबीसी के अधिकारी अमरेंद्र मोहन और धन्यवाद ज्ञापन प्रकाश सिंह ने किया। मौके सीबीसी पटना के नवल झा,अभय कुमार,ईश्वरया सहित अन्य शामिल थे। फोटो प्रदर्शनी सह जागरुकता अभियान के अंतर्गत एक महीने तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से फोटो प्रदर्शनी और लोक - सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही साथ प्रतिदिन प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया जाएगा और विजेता को पुरुस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

दियारा का पीपापुल सोमवार से आवागमन शुरू

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के अंतर्गत मंगलवार को होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर अभी पीपापुल को चालू किया जा रहा है ।ताकि मतदानकर्मियों को दियारा आने जाने में परेशानी का सामना करना नहीं पड़े। इसलिए अभी पीपापुल से भारी वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। पुल चालू हो जाने से दियारा क्षेत्र के पुरानी पानापुर,कासिमचक, हेतनपुर, गंगहारा, पतलापुर,मानस और अकिलपुर पंचायत के लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा और समय भी कम लगेगा। ठेकेदार ई वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पैक्स चुनाव को देखते हुए अभी पुल को चालू किया है। अभी सिर्फ हल्के वाहनों का आवागमन होगा ।पहुंच पथ और कुछ अन्य कार्य पुरा होना है। उम्मीद है कि एक सप्ताह बाद भारी वाहनों का भी आवागमन शुरू कर दिया जाएगा।

श्री सीताराम विवाह महोत्सव बारात यात्रा 26 को अयोध्या धाम से करेगा प्रस्थान

27 को बक्सर आरा पटना होते हुए पटना दीघा मार्ग से सोनपुर को प्रस्थान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

विश्व हिन्दू परिषद द्वारा आयोजित श्री सीताराम विवाह महोत्सव बारात यात्रा 26 नवंबर को अयोध्या धाम से प्रस्थान करेगी। नौ दिसंबर को जनकपुर धाम (नेपाल) पहुंचेगी। इस यात्रा में चार रथों पर भगवान श्रीराम, उनके भाई, लगभग 200 साधु-संत और अन्य बाराती सम्मिलित होंगे। यह बात विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्मश्री डॉ आरएनसिंह ने गुरुवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि यह यात्रा दक्षिण बिहार के बक्सर, आरा और पटना होते हुए उत्तर बिहार के सोनपुर पहुंचेगी। यात्रा 27 नवंबर को अपराह्न शाम चार बजे बक्सर गोलंबर पर बारात यात्रा का स्वागत होगा। यहां रात्रि विश्राम नई बाजार के मामा जी का आश्रम में होगा। 28 नवंबर को सुबह 8.30 में प्रस्थान कर पूर्वाह्न 10 बजे ब्रह्मपुर चौरास्ता में स्वागत, 11 बजे चंदवा (आरा) में स्वागत, मध्याह्न 12 बजे मौलाबाग और एक बजे रमना मैदान में स्वागत होगा। अपराह्न दो बजे कोइलवर, तीन बजे बिहटा, चार बजे दानापुर जंक्शन, पांच बजे पटना के पंचमुखी हनुमान मंदिर, राजवंशी नगर, शाम 6.30 बजे लव-कुश उत्सव हॉल (सुनील तिवारी जी का आवास), हरनीचक में स्वागत, रात्रि भोजन और विश्राम। 29 नवंबर को

सुबह 8.30 बजे यात्रा प्रस्थान कर आर. ब्लॉक, व अटल पथ-दीघा ब्रिज होते हुए सोनपुर (उत्तर बिहार) को प्रस्थान करेगी। स्वागत समिति की घोषणा करते हुए उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, संरक्षक पद्मश्री डॉ आरएन सिंह, विजय कुमार किशोरपुरिया, कार्यक्रम के संयोजक सुनील तिवारी, स्वागताध्यक्ष नारायण शाह, उपाध्यक्ष डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, पूर्व न्यायधीश कोमल राम, श्रीमती सुषमा अग्रवाल, डॉ उत्तम पाठक, कार्यक्रम मंत्री तारकेश्वर उपाध्याय, सहमंत्री राजेश बल्लभ, दिलीप जी, अनिल मिश्र होंगे। साथ ही दर्जनों सहयोगी संगठन अजेय रामदूत फाउंडेशन, आशीर्वाद सेवा ट्रस्ट, पतंजलि, दिनकर सेवा समिति, कैट, एआईजेजीएफ और अन्य सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं इस आयोजन में भागीदारी कर रही हैं।

प्रेसवार्ता में डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त, नारायण साह, गौरव अग्रवाल, तारकेश्वर उपाध्याय, चितरंजन कुमार आदि उपस्थित थे।

पत्नी व बच्चे को मार कर छत से फेंका दोनों की हुई मौत, पति हिरासत में

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शादी के पांच साल बाद भी पत्नी को प्रताड़ित करना नहीं छोड़ा और अंततः पत्नी के साथ तीन साल के मासूम को भी मार कर छत से फेंक दिया। इस घटना में दोनों की मौत हो गई। ब्याहता संजू देवी ने अंततः नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी में दम तोड़ दिया। संजू देवी की मां प्रमिला देवी ने रोते हुए अस्पताल परिसर में बताया कि बेटी की शादी में औकात से बढ़ कर नगद, जेवरात व अन्य सामान दिया था। शादी को करीब पांच साल हो चुका था। शादी नालंदा जिला के चंडी थाना क्षेत्र के बदरावाली के रहने वाले स्वर्गीय रणधीर पासवान के बेटे राजीव रंजन उर्फ तुलसी के साथ किया था। मगर उसे नहीं पता था कि उसका दामाद अन्य महिला के चक्कर में उसकी बेटी को प्यार से वंचित रखेगा और उसे प्रताड़ित करेगा। हालांकि दोनों के विवाहेत्तर संबंध से एक तीन साल का बेटा राजाराम भी हुआ। जब प्रताड़ना अधिक होने लगा, तो एक माह पूर्व ही थाना में लिखा-पढ़ी हुआ और दामाद राजीव रंजन ने वादा किया कि वह संजू देवी को ठीक से रखते हुए उसका सुख-दुख का पूरा ख्याल रखेगा। मगर इसके बाद भी उसके व्यवहार में फर्क नहीं आया। बेटी से बात होने पर वह उसे समझाती रही कि जाने दो बेटे के सहारे जी लो। जो कुछ भी होगा, वह इस तरफ से मदद करेगी। छठ में बात हुई, तब बेटी ने भी कहा कि वह अपने रिश्तेदार महिला के साथ ही रहता है। बाद में वह जयप्रकाश नगर एनएच 30 के पास पत्नी और बच्चे को लेकर चाचा के यहां चला आया। मध्य रात्रि को उसने न केवल अपने बेटे व पत्नी के साथ मारपीट किया, बल्कि दोनों को छत से नीचे फेंक दिया। बच्चे की मौत हो गई। उसका संस्कार कर दिया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल संजू देवी को इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी में लाया गया। यहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। संजू देवी के पिता उमेश पासवान ने इस संबंध में एनएमसीएच के पीओपी में फर्द बयान देते हुए मामला दर्ज कराया है। वहां दामाद राजीव रंजन भी बैठा था। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

भैरव उत्सव आज से होगा शुरू

पटना सिटी , प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। दो दिवसीय भैरव जन्म उत्सव गुरुवार से मंगल तालाब के दीरापर स्थित काली मंदिर में होगा। उत्सव के पहले दिन गणेश व पंचाग पूजन के साथ ही श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा। मंदिर के सेवायत पुजारी शशिकांत मिश्र ने बताया कि शनिवार को मां काली और भैरव बाबा का अभिषेक, रुद्राभिषेक, श्रृंगार अभिषेक, हवन पूजन और महाआरती के साथ भंडारा का आयोजन किया गया है। महोत्सव के लिए तैयारी पूरी हो गई है।

हत्याकांड में पति को साजिश के तहत फंसाया, हो निष्पक्ष जांच

पटना सिटी , प्रात :किरण संवाददाता

आलमगंज थाना की पुलिस की ओर से जमीन ब्रोकर 45 अरुण कुमार की हत्या में गिरफ्तार सहयोगी दिव्य सुंदरम को गिरफ्तार किया गया था। शूटर कुंदन कुमार ने कहा था कि उसी ने हथियार उपलब्ध कराते हुए अरुण कुमार की हत्या के लिए पांच लाख की सुपारी दिया था। गुरुवार को पत्नी जूही तिवारी प्रेस के समक्ष उपस्थित हुईं। साथ में उनकी सास दमयंती देवी के अलावा पूर्व पार्षद प्रमोद कुमार गुप्ता और विनोद गुप्ता आदि भी मौजूद थे। इन सबों का कहना था कि साजिश के तहत दिव्य सुंदर को हत्याकांड में फंसाया गया है। जिस शूटर कुंदन के बयान पर पुलिस ने दिव्य सुंदर को गिरफ्तार किया है, वह पैसा लेकर जब हत्या कर सकता है, तब पैसा के लिए किसी का नाम भी बदनाम कर सकता है। ऐसे में प्रशासन ने बिना जांच-पड़ताल उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पत्नी जूही ने यह भी दावा किया कि गिरफ्तार शूटर 13 जून पैसा देने की बात कही है, जबकि उनका पति दिव्य सुंदरम उस समय चार धाम की यात्रा पर थे। इसकी जांच होनी चाहिए। पत्नी के अनुसार गिरफ्तार शूटर का दावा है कि पैसे का लेन-देन नगर निगम के गेट के पास हुआ है, तब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच क्यों नहीं की। बगैर ठोस जांच के पति को गिरफ्तार कर लिया गया। पति को इंसाफ मिले, इसके लिए वह संघर्ष करेंगी। पूर्व पार्षद प्रमोद कुमार गुप्ता ने कहा कि एक पत्नी ने अपना पति खाया जबकि दूसरी पत्नी के पति को गलत आरोप लगाकर फंसाया गया है। बताते चलें कि जमीन कारोबारी अरुण की हत्या मामले में पुलिस ने हरनौत निवासी शूटर अंकित कुमार को गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने दिव्य सुंदरम पर पांच लाख में सुपारी लेकर हत्या कराने की साजिशकर्ता मान गिरफ्तार किया था। पत्नी जूही तिवारी वर्मा दमयंती देवी ने कहा कि हत्या की घटना के बाद स्व अरुण की पत्नी ने पटना सिटी व्यवहार न्यायालय में शपथ पत्र देकर सात लोगों का नाम गलत ढंग से हत्या में दिए जाने की बात कही थी, जिसमें दिव्य सुंदर का नाम भी उसमें शामिल था। यही नहीं, अरुण की पत्नी ने आलमगंज थाना को बाद में संशोधित आवेदन भी मामला दर्ज करने के लिए दिया था, जो नहीं किया गया।

नीतीश सरकार की योजनाओं को लोगों को बता दिलाएं लाभ

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जनता दल यूनाइटेड पटना महानगर के भागवत नगर सेक्टर कार्यकारिणी की बैठक हुई। यह बैठक अखिलेश शर्मा की अध्यक्षता एवं महानगर उपाध्यक्ष अभय यादव के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधान परिषद के सदस्य रविंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व एमएलसी वाल्मीकि सिंह, महानगर अध्यक्ष आसिफ कमाल, प्रवक्ता अनंत अरोड़ा, सुरेंद्र गोप, रामप्रवेश सिंह, रामकुमार राम, मनोरंजन गिरी, प्रदेश महासचिव अनिल, अजय सिंह, अनुपाल ठाकुर, श्रीमती पार्वती देवी, श्रीमती उर्मिला पटेल, रामलेखा ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, आलिया फातिमा, सुरेंद्र कुमार शिवम आदि शामिल होकर अपने विचार रखे। बैठक में एमएलसी रवींद्र सिंह ने संगठन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जदयू पटना महानगर संगठन को बूथ से वार्ड स्तर तक मजबूत करने एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करना है। साथ ही 14 दिसंबर को होने वाले पटना महानगर जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में जदयू के साथियों से शामिल होने के लिए भी आह्वान किया।

ड्रेसर की नई बहाली के लिए भेजी गई अधियाचना : मंगल

3326 ड्रेसर की बहाली के लिए तकनीकी सेवा आयोग को भेजी गई अधियाचना

- स्वास्थ्य सेवाएं हुईं बेहतर साथ-साथ रोजगार को भी मिला बल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं सफलता के नित्य नई कहानी गढ़ रहा है। आने वाले एक - दो माह में सैकड़ों नए अस्पतालों का उद्घाटन भी प्रदेश में होने वाली है। जिससे स्वास्थ्य सेवाएं तो बेहतर होंगी साथ- साथ रोजगार को भी बल मिलेगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार युवाओं को प्रदेश में लगातार रोजगार बांट रहे हैं। उसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से बिहार परिधापक (ड्रेसर) संवर्ग के मूल पद पर 3 हजार 326 नई बहाली करने जा रही है। जिससे अस्पतालों में मरीजों को त्वरित इलाज कराने में और सुविधा पहुंचेगी। राजद शासनकाल में ड्रेसर तो दूर चिकित्सकों, भवनों, नर्सों, ओटी, नर्सिंग स्टॉफ व दवाइयों की घोर कमी रहती थी। मगर आज सुशासन की सरकार में दवा शत - प्रतिशत रहती है तो अस्पताल हाईटेक हो गए हैं। अब बिहार में लालटेन नहीं बल्कि विकास का मॉडल कार्य करता है। श्री पांडेय ने बताया कि 3326 रिक्त पड़े ड्रेसर के पद पर नियमित बहाली की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए बिहार तकनीकी सेवा आयोग को स्वास्थ्य विभाग ने अधियाचना भेज दी है। इस नई बहाली से कई युवाओं को रोजगार मिलेगा। जिसके बाद छोटे अस्पतालों पर पड़ने वाली अतिरिक्त भार को कम किया जा सकेगा। लंबे समय से इस बहाली की चर्चा थी। मगर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की देन है कि उन्होंने इस पर संज्ञान लिया और अब बहाली की प्रक्रिया पूर्ण होने वाली है। श्री पांडेय ने कहा कि अस्पताल में कंपाउंडर व परिधापक भी एक अहम कड़ी होते हैं। कर्मियों के अभाव में रोगियों को परेशानी होती है। जिसे दूर कर मौजूदा सरकार उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं दे रही है। एक ड्रेसर डॉक्टर और नर्सों को घावों पर पट्टी बांधने, पट्टियां लगाने और रोगियों की बुनियादी चिकित्सा देखभाल प्रदान करने में सहायता करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। वास्तव में यह रोजगार और राजस्व सृजन दोनों के मामले में सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक के रूप में उभरा है। लगातार बढ़ती आबादी, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि और स्वास्थ्य पर बढ़ता सरकारी खर्च आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र के आकार को समान रूप से बढ़ाएगा। इस प्रकार भविष्य में मेडिकल ड्रेसर की मांग बढ़ेगी।

बिहार में नौकरियों एवं रोजगार की बहार : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली/पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि करिश्माई मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार हर क्षेत्र में कामयाबी के झंडे फहरा रहा है।लाख 14 हजार 138 विशिष्ट शिक्षकों की नियुक्ति उपलब्धियों की श्रृंखला की एक अविष्मरणीय कड़ी है। श्री प्रसाद ने कहा कि 10 लाख नौकरियों का वायदा अमली जामा पहन रहा है, वहीं 2025 तक 12 लाख नौकरियों के साथ 34 लाख रोजगार भी देकर राज्य एक कीर्तिमान गढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अपने कालजयी एवं युगांतकारी नेतृत्व में पिछले 19 वर्षों में श्री नीतीश कुमार ने विरासत में मिले राज्य को बदहाली एवं दमघोंटू वातावरण से निकाल कर संभावनाओं का प्रदेश बनाया है। बेहतर कानून व्यवस्था, शानदार आधारभूत संरचना, कमजोर वर्गों का सशक्तिकरण, घर घर बिजली, पेयजल, शौचालय, नौकरियाँ, रोजगार समेत बेशुमार उपलब्धियों के साथ अब निवेशकों द्वारा राज्य में उद्योग लगाने का कार्य भी जोर शोर से चल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य को दूसरा एम्स तो मिला ही, अब दरभंगा के बाद पूर्णिया एयरपोर्ट के ऑपरेशनल बनाने की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। वहीं पर्यटन एवं खेलकूद से जुड़ी आधारभूत संरचना ने भी अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है। इसीलिए न्याय के साथ विकास का नीतीश मॉडल सर्वत्र अनुकरणीय है।

बिहार यात्रा को चुनाव से जोड़ना उचित नहीं : शीला

पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित सुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार की परिवहन मंत्री शीला मंडल ने सूबे के विभिन्न जिलों से पहुँचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान शीला मंडल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जनता के जान-माल की सुरक्षा हेतु ट्रैफिक नियम बनाए जाते हैं और इसका पालन अवश्य होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बिहार यात्रा को चुनाव से जोड़ना कत्तई उचित नहीं होगा। इससे पहले भी वह कई बार आम जनता के बीच जाते रहे हैं। इस कार्यक्रम बिहार विधान परिषद् के मुख्य सचेतक, संजय कुमार सिंह उर्फ गॉंधी जी मौजूद रहे।

प्रिंटिंग व पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार के अवसर

- बिहार तेजी से इस क्षेत्र में बढ़ रहा है आगे
- राजकीय पालिटेक्निक गुलजारबाग में इस क्षेत्र का पहला राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

पटना सिटी। मंगलवार को गुलजारबाग स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग एवं ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रिंटिंग के साथ पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नई पीढ़ी इसके लिए तैयार हो रही है। बिहार तेजी से इस क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रिंटिंग और पैकेजिंग का भविष्य उज्ज्वल है। वैश्वीकरण के दौर में उत्पाद व वस्तुओं के बेहतर प्रेजेंटेशन, रख-रखाव व भंडारण के लिए उन्नत प्रिंटिंग और पैकेजिंग की आवश्यकता है। संगोष्ठी का विषय अनस्टॉपेबल पावर ऑफ प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग था। पूर्व निदेशक एके सिन्हा, कमल चोपड़ा व दीपक वालिया ने अपने विचार रखे। कॉलेज प्राचार्य डॉ भगवान सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर आदित्य गुप्ता, सलिल श्रीवास्तव, अनीश कुमार गुप्ता व राहुल सैनी समेत अन्य उपस्थित रहे। ज्ञापन प्रिंटिंग एवं टेक्नोलॉजी विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने किया।

प्रत्येक जिले में बेरोजगार संवाद का हो आयोजन : राठौड़

पटना। महिला संवाद के तर्ज पर प्रदेश में बेरोजगार संवाद का भी आयोजन करना चाहिए। ये बातें बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कही। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि महिला संवाद के नाम पर ढ़ाई सौ करोड़ सरकारी फंड का दुरुपयोग होगा। इसी संवाद के तर्ज पर ही उन्हें राज्य में युवाओं के साथ बेरोजगार संवाद का भी आयोजन करना चाहिए जिसमें उन्हें बताना चाहिए कि पिछले बीस वर्षों में उनके गैर जिम्मेदाराना कार्यों से कैसे चीनी मिल बंद हुए, जनसंख्या के अनुरूप रोजगार सृजित नहीं हुआ, बच्चें बेहतर शिक्षा के तलाश में पलायन को मजबूर हुए

झारखंड और महाराष्ट्र में बनेगी राजग की सरकार : चिराग

पटना। केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास (लोजपा-रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने दावा किया कि झारखंड और महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे पूरी तरह से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पक्ष में है। श्री पासवान ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजों राजग के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि हम लोग पूरी तरीके से आश्वासत हैं कि झारखंड और महाराष्ट्र में राजग की सरकार बनने जा रही है। दोनों जगह राजग को आशीर्वाद मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि सीधे तौर पर जब मैं चुनाव प्रचार करने गया था तो झारखंड में बदलाव की बयार दिख रही थी वहीं महाराष्ट्र में हमारी सरकार है और हमारी ही सरकार रहेगी। श्री पासवान ने बिहार में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा राज्य में शिक्षक नियुक्ति का श्रेय लेने पर कहा कि उनकी बातों में कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि वह ऐसा दावा करते हैं जैसे सब कुछ उन्हीं के समय में हुआ। जो काम हो रहा है सब उन्हीं लोगों ने किया। उन्होंने कहा कि 2005 के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आने के बाद रोजगार की संभावनाओं को देखा गया। प्रतिपक्ष के नेता को यह बताना चाहिए कि आखिर बिहार से पलायन कब शुरू हुआ इसके जिम्मेदार कौन है। जनता हमारे साथ है।

झारखंड और महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन की बनेगी सरकार : पप्पू

बोलें- पूर्णिया एयरपोर्ट का सपना होगा साकार

पटना । लोकसभा सांसद पप्पू यादव ने गुरुवार को उत्तरी मंदिरी स्थित आवास पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने केक काटकर पूर्णिया एयरपोर्ट के जल्द शुरू होने का जश्न मनाया। वहीं, इस मौके पर इस मौके पर सांसद पप्पू यादव ने कहा पूर्णिया की जनता के लिए यह बहुत बड़ी जीत है। वर्षों से लंबित पूर्णिया एयरपोर्ट का सपना अब साकार होता दिखाई दे रहा है। पूर्णिया एयरपोर्ट का मामला उन्होंने कई बार संसद में उठाया। वे इस विषय पर केंद्रीय मंत्रियों से भी बार-बार मिले। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री और पूर्णिया की जनता को धन्यवाद देता हूं। इस उपलब्धि के लिए सभी का सहयोग जरूरी था। पप्पू यादव ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों के सामने यह मुद्दा रखा था कि पूर्णिया में भी दरभंगा की तरह एक आधुनिक हवाई अड्डा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्णिया एयरपोर्ट न केवल सीमांचल क्षेत्र के विकास के लिए अहम है, बल्कि यह क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि जब वे अब सांसद नहीं थे तब भी जनता से किए वादों को उन्होंने पूरा करने की कोशिश जारी रखी। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि जब वे सांसद नहीं थे, तो इस मुद्दे को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई। पप्पू यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके 20 साल के कार्यकाल में इस मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई। 11 साल से नरेंद्र मोदी पीएम रहे लेकिन इसको लेकर कोई दिलचस्पी नहीं दिखायी गई। उन्होंने कहा कि जनता से किए अपने वादे को याद दिलाते हुए कहा कि मैंने कहा था कि चुनाव जीतने के चार महीने के अंदर एयरपोर्ट का काम शुरू करूंगा. अब मैं अपने पांच में से एक और वादा पूरा कर चुका हूं। पूर्णिया एयरपोर्ट पर उड़ान सेवा शुरू होना न केवल सीमांचल क्षेत्र के लोगों के लिए खुशी का कारण है, बल्कि यह विकास की नई संभावनाओं को भी जन्म देगा। इस परियोजना से सीमांचल के लोगों को रोजगार और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में सुधार मिलेगा।

सभी वार्ड कार्यालय में बन रहा आयुष्मान कार्ड

155304 पर कॉल कर ले सकते है स्थल की जानकारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना नगर निगम द्वारा विशेष अभियान के तहत सभी 75 वार्ड कार्यालय में आयुष्मान कार्ड बनवाया जा रहा है। बता दें कि अभियान के प्रथम दिन ही सिर्फ मौयार्लोक कॉम्पलैक्स में 100 व्यक्तियों के लिए कैंप लगाया गया था। 10 दिसंबर तक ये सुविधा सभी माननीय वार्ड पार्षदों के कार्यालय में दी जा रही है। इसके साथ ही सफाई इंस्पेक्टर द्वारा घर घर जाकर भी 70 साल एवं उससे ऊपर के बुजुर्गों की पहचान एवं कार्ड का निर्माण कर रहे है। यह पाया गया है कि बुजुर्ग अभियान की शुरूआत मौयार्लोक स्थल से होने के कारण आमजनों को यह भ्रम भी हो रहा है कि मौयार्लोक में आयुष्मान कार्ड बन रहा है। पटना नगर निगम द्वारा अपील की जा रही है कि आमजन अपने वार्ड में ही पार्षद कार्यालय में इसकी सुविधा प्राप्त कर सकते है। इसके साथ ही अधिक जानकारी के लिए पटना नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर 155304 पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते है। पटना नगर निगम के सफाई इंस्पेक्टर द्वारा उनके घर पहुंच कर ही यह सुविधा दी जाएगी। इसके साथ ही आमजनों को इसके लिए अपील की जाती है कि यह सुविधा निशुल्क है किसी को किसी प्रकार का कोई राशि भी कार्ड निर्माण के लिए नहीं दें।

संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने वालों 491 संपत्ति धारक को कुर्की का नोटिस

- संपत्तिधारको पर लगभग 5 करोड़ रुपए बकाया, जुलाई में दिया गया था डिमांड नोटिस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने वाले 491 संपत्तिधारक (संस्थान, मकान) को पटना नगर निगम द्वारा कुर्की के लिए नोटिस दिया जा रहा है। गौरतलब है कि इन संस्थानों पर लगभग 5 करोड़ की राशि बकाया है। इन सभी संस्थानों को जुलाई में ही भुगतान के लिए डिमांड नोटिस दिया जा चुका है। भुगतान नहीं करने पर इन संस्थानो प्रतिष्ठानों को कुर्की नोटिस दिया जा रहा है।

संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने पर सील होगी प्रॉपर्टी :

बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 एवं इसके अंतर्गत अधिसूचित बिहार नगरपालिका संपत्ति कर (निर्धारण, संग्रहण और वसूली) नियमावली, 2013 और पटना नगर निगम कर तथा गैर-कर राजस्व वसूली विनियम, 2013 के अनुसार सभी संपत्तिधारकों को अपनी संपत्ति/सम्पत्तियों एवं रिक्त भूमि के संपत्ति कर/रिक्त भूमि कर निर्धारण कर स-समय भुगतान करना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर उक्त अधिनियम, नियमावली और विनियम के अनुसार विभिन्न कार्रवाई जिसमें मांग-पत्र जारी करना, निगम सेवायें बंद करना, चल संपत्ति की जब्ती और उसकी बिक्री, अचल संपत्ति की कुर्की और बिक्री, बैंक अकाउंट की कुर्की इत्यादि का प्रावधान है। पटना नगर निगम द्वारा संपत्ति कर का भुगतान, असेस्मेंट एवं री-असेसमेंट के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सुविधाएं उपलब्ध है।

अंचलवार बकायेदार की सूची

पाटलिपुत्र अंचल 86, नूतन राजधानी अंचल 73, कंकड़बाग अंचल 89, बांकीपुर अंचल 90, अजीमाबाद 99, पटना सिटी 49।

घर बैठे संपत्ति कर का कर सकते हैं भुगतान :

पटना नगर निगम के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से घर बैठे संपत्ति कर का भुगतान कर सकते हैं। पटना नगर निगम के मुख्यालय एवं अंचल कार्यालयों में भी जाकर संपत्ति कर का भुगतान किया जा सकता है। आयकर गोलंबर के पास संपत्ति कर संग्रहण के लिए विशेष काउंटर की व्यवस्था की गई है। प्रति दिन सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक सभी वार्डों में पटना नगर निगम की टीम जा जाकर कर संग्रहण कर रही है. आम जन निगम कर्मियों को आवंटित ढडर मशीन अथवा दफ उड्ढीं के माध्यम से भी टैक्स का भुगतान कर सकते हैं। पेटीएम, फोन पे, जी पे एवं अन्य यूपीआई के माध्यम से घर बैठे अपना संपत्ति कर का भुगतान कर सकते हैं। पटना नगर निगम के पोर्टल पर उपलब्ध सेल्फ असेसमेंट टैक्स भरकर शहरवासी स्वयं कर निर्धारण एवं पुनर्निधारण का कार्य कर सकते हैं।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–54 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय: दिनांक– 30.11.2024 को 11.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समय : दिनांक– 02.12.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक– 02.12.2024 को 3.30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भ0नि0वि0, पटना। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल का कार्यालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. **कार्य का विवरणी** :

क्रम सं	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य (ओ0ग्रास)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Day to day roof cleaning and maintenance of 96 officers qtr at nehru path patna for the year 2024-25.	200000.00	4000.00	500.00	Up to Mar 25
2	E/r to 96 officers residence no B3/37 at nehru path patna for the year 2024-25.	500000.00	10000.00	750.00	15 Days
3	A/r to painting and other work of 96 officers flat no A3/21 at nehru path patna for the year 2024-25.	142500.00	3000.00	500.00	15 Days
4	E/r tp wardrobe and tiles , Bamboo chachri of 96 officers flat no A3/25 at nehru path patna for the year 2024-25.	285000.00	6000.00	750.00	15 Days
5	Roof treatment and sewarage work to prevent water leakage and water logging in 96 officers colony Patna for the year 2024-25.	380000.00	8000.00	750.00	15 Days
6	A/r to painting and other work of B3/1 nehru path patna for the year 2024-25.	114000.00	2500.00	500.00	15 Days
7	A/r to painting and other work of B3/2 nehru path patna for the year 24-25.	114000.00	2500.00	500.00	15 Days
8	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/3 at nehru path patna for the year 2024-25.	114000.00	2500.00	500.00	15 Days
9	A/r to painting and other work,app of B3/4 nehru path patna for the year 24-25.	228000.00	5000.00	500.00	15 Days
10	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/6 nehru path patna for the year 2024-25.	114000.00	2500.00	500.00	15 Days
11	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/7 at nehru path patna for the year 2024-25.	114000.00	2500.00	500.00	15 Days
12	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/8 at nehru path patna for the year 2024-25.	114000.00	2500.00	500.00	15 Days
13	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/9 at nehru path patna for the year 2024-25.	190000.00	4000.00	500.00	15 Days
14	E/r to bathroom and other work of 96 officers flat no B3/11 at nehru path patna for the year 2024-25.	500000.00	10000.00	750.00	15 Days
15	E/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/12 at Nehru path patna for the year 2024-25.	190000.00	4000.00	500.00	15 Days
16	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/13 at nehru path patna for the year 2024-25.	114000.00	2500.00	500.00	15 Days
17	E/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/14 at nehru path patna for the year 2024-25.	142500.00	3000.00	500.00	15 Days
18	E/r to app pathway painting and other work of 96 officers flat no B3/15 at nehru path patna for the year 2024-25.	475000.00	10000.00	750.00	15 Days
19	E/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/16 at nehru path patna for the year 2024-25.	114000.00	2500.00	500.00	15 Days
20	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/17 at nehru path patna for the year 2024-25.	114000.00	2500.00	500.00	15 Days
21	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/18 at nehru path patna for the year 2024-25.	152000.00	3500.00	500.00	15 Days
22	E/r to shed and other work of 96 officers flat no B3/19 at nehru path patna for the year 2024-25.	300000.00	6000.00	750.00	15 Days
23	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/20 at nehru path patna for the year 2024-25.	152000.00	3200.00	500.00	15 Days
24	Renovation of 96 officers flat no B3/21 at nehru path patna for the year 24-25	380000.00	8000.00	750.00	15 Days
25	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/22 at nehru path patna for the year 24-25	95000.00	1000.00	500.00	15 Days
26	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/23 at nehru path patna for the year 2024-25.	114000.00	2500.00	500.00	15 Days
27	E/r to painting work of 96 officers flat no B3/24 at nehru path patna for the year 2024-25.	228000.00	5000.00	500.00	15 Days
28	E/r to tiles texture and wood work of B3/25 96 officers flat at nehru path patna for the year 24-25	500000.00	10000.00	750.00	15 Days
29	E/r to guard shed of 96 officers flat no B3/25 at Nehru path patna for the year 2024-25.	118750.00	2500.00	500.00	15 Days
30	E/r to 96 officers flat no B3/26 at nehru path patna for the year 24-25	475000.00	9500.00	750.00	15 Days
31	S/r to 96 officers flat no B3/27 at nehru path patna for the year 2024-25.	171000.00	3500.00	500.00	15 Days
32	A/r to painting work of B3/28 flat at nehru path patna for the year 24-25	114000.00	2500.00	500.00	15 Days
33	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/29 at nehru path patna for the year 2024-25.	114000.00	2500.00	500.00	15 Days
34	A/r to aluminium and wood work of 96 officers flat no B3/30 at nehru path patna for the year 2024-25.	114000.00	2500.00	500.00	15 Days
35	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/31 at nehru path patna for the year 2024-25.	114000.00	2500.00	500.00	15 Days
36	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/32 at nehru path patna for the year 2024-25.	114000.00	2500.00	500.00	15 Days
37	S/r to wood work and painting work of 96 officers flat no B3/33 at nehru path patna for the year 2024-25.	95000.00	1000.00	500.00	15 Days
38	S/r to gate , wood work and other work of 96 officers flat no B3/34 at nehru path patna for the year 2024-25.	300000.00	6000.00	750.00	15 Days
39	S/r to 96 officers flat no B3/35 at nehru path patna for the year 24-25	114000.00	2500.00	500.00	15 Days
40	S/r to gate window and other work of 96 officers flat no B3/36 at nehru path patna for the year 2024-25.	190000.00	4000.00	500.00	15 Days
41	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/38 at nehru path patna for the year 24-25	300000.00	6000.00	750.00	15 Days
42	Campus development and shed work of 96 officers flat no B3/41 at nehru path patna for the year 2024-25.	228000.00	5000.00	500.00	15 Days
43	S/r to 96 officers flat no B3/42 at nehru path patna for the year 2024-25.	665000.00	13500.0	1250.00	15 Days
44	E/r to parking tiles of portico and courtyard of 96 officers flat no B3 43 at nehru path patna for the year 2024-25.	285000.00	6000.00	750.00	15 Days
45	E/r to 96 officers flat no B3/44at nehru path patna for the year 24-25	285000.00	6000.00	750.00	15 Days
46	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/47 at nehru path patna for the year 24-25	190000.00	4000.00	500.00	15 Days
47	E/r to boundry window and wood work of 96 officers flat no B3/48 at nehru path patna for the year 2024-25.	190000.00	4000.00	500.00	15 Days
48	A/r to 96 officers flat no B3/49 At nehru path patna for the year 2024-25.	180500.00	4000.00	500.00	15 Days
49	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/50 at nehru path patna for the year 2024-25.	142500.00	3000.00	500.00	15 Days
50	E/r to bathroom and other work of 96 officers flat no B3/51 At nehru place new Patna for the year 2024-25.	500000.00	10000.00	1250.00	15 Days
51	Emergent water supply and drain work of 96 officers flat no B3/52 at Nehru path patna for the year 2024-25.	142500.00	3000.00	500.00	15 Days
52	Emergent fencing and tiles , window work of 96 officers flat no B3/52 at nehru path patna for the year 2024-25.	500000.00	10000.00	750.00	15 Days
53	A/r to painting and wood work of 96 officers flat no B3/53 at nehru path patna for the year 2024-25.	190000.00	4000.00	500.00	15 Days
54	Emergent repair of bathroom window and pH work of 96 officers flat no B3/54 at nehru path patna for the year 2024-25.	700000.00	14000.00	1250.00	15 Days
55	Emergent ph and wood work, painting and repair of 96 officers flat no B3/55 at nehru path patna for the year 2024-25.	190000.00	4000.00	500.00	15 Days
56	A/r to painting and other work of 96 officers flat no B3/56 at nehru path patna for the year 2024-25.	142500.00	3000.00	500.00	15 Days
57	E/r to outer painting wood and window repair work of 96 officers flat no B3/57 at nehru path patna for the year 2024-25.	142500.00	3000.00	500.00	15 Days
58	E/r to painting wood work ,tiles and drain work of 96 officers flat no B3/58 at nehru path patna for the year 2024-25.	142500.00	3000.00	500.00	15 Days
59	E/r to kitchen portico of 96 officers flat no B3/60 at nehru path patna	200000.00	4000.00	500.00	15 Days
61	E/r to wardrobe alluminium and portico ,guard shed of 96 officers flat no B3/63 at nehru path patna for the year 2024-25.	285000.00	6000.00	750.00	15 Days
62	Remaining work of guard shed , bathroom and other work of 96 officers flat no B3/64 at nehru path patna for the year 2024-25.	285000.00	6000.00	750.00	15 Days
63	E/r to 96 officers flat no B3/67 at nehru path patna for the year 24-25	332500.00	7000.00	750.00	15 Days
64	Emergent repair of drain , portico texture ,plaster and paint of 96 officers flat no B3/68 at nehru path patna for the year 2024-25.	285000.00	6000.00	750.00	15 Days
65	A/r to 96 officers flat no A3/2 at nehru path patna for the year 2024-25.	350000.00	7000.00	750.00	15 Days
66	a/r to 96 officers flat no A3/3 at nehru path patna for the year 2024-25.	300000.00	6000.00	750.00	15 Days
67	S/r to guard shed and other work of 96 officers flat no A3/4 at nehru path patna for the year 2024-25.	380000.00	8000.00	750.00	15 Days
68	A/r to painting and drawing room of 96 officers flat no A3/5 at nehru path patna for the year 2024-25.	285000.00	6000.00	750.00	15 Days
69	S/r to bathroom and other work of 96 officers flat no A3/6 at nehru path patna for the year 2024-25.	285000.00	6000.00	750.00	15 Days
70	A/r to painting and other work of 96 officers flat no A3/9 at nehru path patna for the year 2024-25.	400000.00	8000.00	750.00	15 Days
71	A/r to painting and other work of 96 officers flat no A3/11 at nehru path patna for the year 2024-25.	300000.00	6000.00	750.00	15 Days
72	E/r to bathroom and wood work of 96 officers flat no A3/13 at nehru path patna for the year 2024-25.	285000.00	6000.00	750.00	15 Days
73	E/r to approach road and other work of 96 officers flat no A3/15 at nehru path patna for the year 2024-25.	380000.00	8000.00	750.00	15 Days
74	Campus development in residence no A3/16 at nehru path patna for the year 2024-25.	570000.00	11500.00	1250.00	15 Days
75	S/r to pathway,g s sheet , wardrobe, alluminium work of residence no A3/16 at nehru path patna for the year 2024-25.	570000.00	11500.00	1250.00	15 Days
76	A/r to painting and APP work of 96 officers flat no A3/17 at nehru path patna for the year 2024-25.	285000.00	6000.00	750.00	15 Days
77	S/r of damp proofing and painting work of 96 officers flat no A3/19 at nehru path patna for the year 2024-25.	190000.00	4000.00	500.00	15 Days
78	S/r to shed and painting work of 96 officers flat no A3/20 at nehru path patna for the year 2024-25.	400000.00	8000.00	750.00	15 Days
79	Renovation of drain , outer flooring work of 96 officers residence no 24/10 at nehru path patna for the year 2024-25.	975000.00	20000.00	1250.00	15 Days
80	S/ r to window and wood work of 96 officers flat no A3/22 at nehru path patna for the year 2024-25.	1000000.00	20000.00	1250.00	15 Days
81	S/r to cupboard and damp proofing work of 96 officers flat no A3/24 at nehru path patna for the year 2024-25.	237500.00	5000.00	500.00	15 Days
82	E/r to guard shed APP and other work of 96 officers flat no A3/26 at nehru path patna for the year 2024-25.	350000.00	7000.00	750.00	15 Days
83	S/r to drain and wood work of 96 officers flat no A3/28 at nehru path patna for the year 2024-25.	237500.00	5000.00	500.00	15 Days
84	Anti termite treatment work of 96 officers B3 type qtr at nehru path patna for the year 2024-25.	285000.00	6000.00	750.00	15 Days
85	Renovation of boundary wall,gate of 96 officers residence no 24/10 at nehru path patna for the year 2024-25.	1177000.00	24000.00	2500.00	15 Days
86	A/r to painting and other work of qtr no 27/10 at nehru path patna for the year 2024-25.	500000.00	10000.00	750.00	15 Days
87	Emergent repair of multy purpose shed ,guard shed kitchen shed of qtr no 28/10 at nehru path patna for the year 2024-25.	600000.00	12000.00	1250.00	15 Days
88	A/r to shed and painting work of qtr no 30 /10 at nehru path patna for the year 2024-25.	600000.00	12000.00	1250.00	15 Days
89	S/r to name plate and direction sign board of 96 officers qtr at Nehru path patna for the year 2024-25.	285000.00	6000.00	750.00	15 Days
90	S/r to paver resetting of 96 officers colony at nehru path patna	285000.00	6000.00	750.00	15 Days
91	Provision of information sign board for 96 set qtr at nehru path patna for the year 2024-25.	95000.00	2000.00	500.00	15 Days
92	Day to day repair of drain in 96 set qtr at nehru path patna for the year 2024-25.	237500.00	5000.00	500.00	Up to mar 25
93	E/r to septic tank and bathroom and wood work of 18/6 at nehru path patna for the year 2024-25.	800000.00	16000.00	1250.00	15 Days
94	A/r to painting and other work of 20/6 nehru path patna for the year 2024-25.	600000.00	12000.00	1250.00	15 Days
95	E/r to Qtr no B3/40 at nehru path patna for the year 24-25	1500000.00	30000.00	2500.00	15 Days
96	E/r to window, door,floor and painting work of 96 officers flat no B3/5 at Nehru path patna for the year 24-25	500000.00	10000.00	750.00	15 Days
97	S/r to 96 officers flat no A3/14 at nehru path patna for the year 2024-25.	1100000.00	22000.00	2500.00	15 Days
98	Day to day chamber repair cleaning B3 type qtr at nehru path patna for the year 2024-25.	285000.00	6000.00	750.00	Up to mar 25
99	Renovation of 96 Officer's flat No -B3/49 at Nehru Path patna for the year 2024 -25.(PH work and campus development work)	1085300.00	22000.00	2500.00	1 month
100	Renovation of residential office of 96 officer's flat No - A3/13 at Nehru Path Patna for the year 2024-25.	966000.00	20000.00	1250.00	1 month

निविदा की विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देंखे।

कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना

PR- 012910 (BCD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

संक्षिप्त खबरें

भाजपा के तीनों मंडल की हुई बैठक

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के चकमेहसी थाना क्षेत्र के डरौरी मंदिर परिसर में भाजपा तीनों मंडल के अध्यक्ष सह मंडल प्रभारी सक्रिय कार्यकताओं की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री कल्याणपुर प्रभारी कौशल पांडे ने की। बैठक में मौजूद प्रदेश किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार ठाकुर, जिला महामंत्री प्रेमदास, जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष सह उत्तरी मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष चकमेहसी ओम प्रकाश कुशवाहा, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष विजय शंकर ठाकुर, सुशील मालाकार, राजन सिंह, शिवचंद्र चौधरी, अंकित त्रिवेदी आदि मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते श्री पांडे ने उपस्थित पदाधिकारी सहित कार्यकताओं से कहा कि बूथ प्रमुख प्रभारियों का गठन कर 27 नवंबर तक कार्यालय में जमा करें। जो कार्यकर्ता पदाधिकारी इस कार्य में शिथिलता बरतेंगे उन पर समुचित विधि सम्मत पार्टी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर पंचायत स्थित अकबरपुर गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर थाना कांड के प्राथमिकी अभियुक्त नवीन कुमार सिंह के पुत्र राजू कुमार को गिरफ्तार किया। इस संबंध में प्रभारी थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा ने बताया कि मारपीट के आरोपी की तलाश पुलिस को लंबे अरसे से थी। गिरफ्तार आरोपी को गुरुवार को जेल भेजा गया।

जिला परिषद अध्यक्ष ने नए जेई को नियुक्ति पत्र सौपा

दरभंगा। जिला परिषद अध्यक्ष सीता देवी ने गुरुवार को जिला परिषद के अपने जेई का नियुक्ति पत्र दिया। अध्यक्ष सीता देवी ने कहा कि पिछले एक दशक से जिला परिषद प्रतिनियुक्त तकनीकी सहायक के सहारे अपने योजना का क्रियान्वयन करवा रही थी, जिला परिषद का अपना कोई तकनीकी सहायक या जेई नहीं था जिसके कारण जिला परिषद के विकासात्मक कार्य मे भारी कठनाई होती थी, मेरा संकल्प है कि जिला परिषद सुचारू रूप से चले एवं जिला के सभी माननीय पार्षदों के क्षेत्र में तीब्र गति से चले जिसमे यह निर्णय मिल का पत्थर साबित होगा जेई के रूप में चयनित रामेश्वर झा एवं शिवनारायण साहू को नियुक्ति पत्र देते हुए अध्यक्ष सीता देवी ने बधाई दी एवं कहा कि आपलोग ऊर्जा से विकासात्मक कार्य संपादित करें जिससे जिला परिषद नव आयाम को छु सकें।इस दौरान अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी गंगेश झा, वरीय लिपिक मुकेश, समाजसेवी संभु पासवान उपस्थित थे।वहिं जीप. सदस्य सागर नबोदिया, हबीबुलाह हाशमी, धर्मेंद्र झा, फूलबाबू लालदेव, दुर्गेश कुमार मौजूद थे।

समाज में बच्चों के बीच उत्कृष्ट शैक्षणिक सेवा प्रदान करना शिक्षक की अहम भूमिका : डीपीओ

प्रात : किरण, संवाददाता

सिंहवाड़ा(दरभंगा)। बिहार विधालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली के प्रावधानों के तहत सक्षमता उत्तीर्ण एवं काउंसिलिंग पूर्ण करने वाले स्थानीय निकाय के सभी कोटि 583 शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में प्रखंड स्तरीय औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण बुधवार को सिमरी राजकीयकृत मध्य विद्यालय परिसर में किया गया। दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन समारोह में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रवि कुमार ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण वातावरण के बीच उत्कृष्ट शैक्षणिक सेवा प्रदान करने को लेकर समाज में शिक्षकों की अहम भूमिका है।आप सभी दक्ष शिक्षक के रूप में बेहतर कार्य कर अपने अपने योग्यता का परिचय दें।यह मेरी शुभकामाएं हैं।मुख्य मंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने अब सक्षमता परीक्षा का पांचवा चरण समाप्त होने के बाद स्थानांतरण निति पर विचार करेगी।तत्काल प्रभाव से शिक्षा मंत्री ने रोक लगाई है।समारोह में भरवाड़ा व सिंहवाड़ा नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सुनील कुमार भारती व प्रेम कुमार भगत ने नियुक्ति पत्र वितरण कर कहा शिक्षक बच्चों के उज्जवल भविष्य के सूत्रधार हैं।समय बद्ध होकर अपने अपने शैक्षणिक संस्थान में योगदान देकर शिक्षा के प्रति सजग हों यही कामना करते हैं।समारोह में उपस्थित प्रखंड परियोजना प्रबंधक संजय कुमार, अभिषेक कमल साधन सेवी शिव नारायण राय,कृष्ण मोहन यादव,अविनाश आनंद, तबरेज आलम,अशरफ अली ने कहा सिंहवाड़ा प्रखंड के 583 शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र में कुछ शिक्षकों का पैक्स निर्वाचन के प्रशिक्षण में जाने के कारण वंचित शिक्षक को प्रखंड संसाधन केन्द्र सिमरी से नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।मौके पर प्रधानाध्यापक चन्देशवर महतो, शिक्षक इरशाद इलाही, फुलटून ठाकुर, विनय कुमार, निखिल कुमार, मुकेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

संगठन के बदौलत ही भाजपा बना विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक दल : सांसद

प्रात : किरण, संवाददाता

दरभंगा।संगठन किसी भी दल की नींव होती है। संगठन के बदौलत ही भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक दल बना है।संगठन की मजबूती के बिना सरकार और सत्ता की सोच को लोगों के बीच ले जाना संभव नहीं है। संगठन के माध्यम से पीएम नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा करें। आग स्थानीय परिसदन के सभागार में जिला महामंत्री अभयानंद झा की अध्यक्षता में आयोजित बहादुरपुर विधानसभा के तीनों मंडल के भाजपा के पार्टी पदाधिकारियो तथा प्रमुख कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने उपरोक्त बातें कही।सांसद ने मंडल तथा शक्तिकेंद्र स्तर पर पार्टी नेतृत्व के दिशा निर्देश के आलोक में संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जिस सोच और नीतियों से बूथ सशक्तिकरण का कार्य शुरू किया है उस लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने के लिए जी जान से जुट जाएं। सांसद डा ठाकुर ने भाजपा की नीतियों और सोच को हर राजनितिक दल के लिए एक उदाहरण बताते हुए कहा कि आज की परिस्थिति में जब सभी दलों के संगठन में परिवारवाद की संस्कृति हावी है वहां भाजपा का संगठन एक यक्ष उदाहरण बनकर भारतीय लोकतन्त्र की तस्वीरें प्रस्तुत करता है।बैठक में तीनों मंडल के अध्यक्ष सुशील सिंह, राजीव चौधरी, अशेश्वर पासवान, कृष्णभगवान झा, प्रेमकुमार मिश्र रिंकू, रामाज्ञा चौधरी, नवीन चौधरी, विकास विवेक चौधरी, उमेश चौधरी, आशुतोष झा, पुरुषोत्तम सिंह, मीरा देवी, गुलशन कुमार, मदन झा आदि उपस्थित थे।

निबंधन में हो रही देरी सहित मनमानी को ले निबंधन कराने आए लोगों ने किया हंगामा

आम लोग होते है परेशान जयनगर रजिस्ट्री ऑफिस में लोग झेल रहे है परेशानी

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी जयनगर जमीन के निबंधन प्रकिया मे हो रही देरी सहित मनमानी को लेकर निबंधन कराने आए लोगो को देर शाम निबंधन कार्यालय परिसर में हंगामा कर नारेबाजी किया। उपस्थित लोगो ने विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि नियमानुकूल निबंधन की प्रक्रिया सही ढंग से नही हो रहा है निबंधन के लाइन में लेनदेन का खेल होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वर्तमान समय में रोजाना 90 से 100 निबंधन की प्रक्रिया की जा रही है।जिस कारण नंबर के खेल में आम लोगो को काफी कठिनाइयो का सामना करना पड़ता है। बताते है कि दिन के दस से एक बजे तक आरटीपीएस काउंटर पर निबंधन के लिए दस्तावेज जमा लिया जाता है। रजिस्ट्री ऑफिस में मंगलवार को जमीन निबंधन कराने वाले लोगो की काफी भीड़ था। निबंधन कार्यालय ने भीड़भाड़ से निजात दिलाने के लिए बुकिंग ऐप लॉन्च का फायदा आम लोगो को नही मिल पा रहा है। जमीन का निबंधन करवाने वाले लोग स्वयं से अपना बुकिंग एप पर लोड करने के बाद दूसरे दिन रजिस्ट्री को लेकर ऑफिस पहुंच रहे है मगर पूर्व से ही विभागीय उदासीनता एवं मिलीभगत के कारण सही ढंग से नंबर ना मिलने के कारण जमीन का रजिस्ट्री करवाने वाले लोगो को देर रात तक रजिस्ट्री ऑफिस में ही रहना पड़ रहा है। निबंधन कार्यालय में प्रतिदिन करीब एक हजार लोगो का आना जाना होता है। ज्यादातर लोग जमीन खरीद-बिक्री के लिए पहुंचते है। निबंधन कार्यालय में प्रतिदिन करीब लगभग तीन लाख रुपए राजस्व आता है। साल में 250 दिन यहां जमीन की खरीद बिक्री होता है। अगर प्रतिदिन के प्राप्त राजस्व को सलाना के हिसाब से देखा जाये तो करीब 50 से 70 करोड़ रुपए सरकार को राजस्व मिल रहा है। यहां 33 कातिब पंजीकृत है। हालांकि कुछेक कातिब का निबंधन समय अनुसार नवीकृत नही हो सका है। समय समय पर इसकी सूचना कार्यालय के सूचना बोर्ड पर चिपकायी जाता है। इस संबंध में रजिस्टर मिथलेश कुमार दास ने बताया कि मंगलवार को हंगामा कर रहे हो उपभोक्ताओ का जमीन निबंधन हो गया है साइबर प्रॉब्लम के कारण जमीन निबंधन की प्रक्रिया में विलंब हो रहा है जिसे जल्दी सुधार कर लिया जाएगा।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैंक अधिकारियों के साथ की बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता

दरभंगा। आगामी 14 दिसंबर को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष,जिला विधिक सेवा प्राधिकार विनोद कुमार तिवारी ने बैंक अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अधिक से अधिक बैंक ऋण संबंधी मामलों का निपटारा कराने के लिए ऋणधारकों का चयन कर नोटिस जारी करें। बैंक की ओर से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करवाये ताकि पक्षकारों को लोक अदालत की जानकारी हो सके।बैंकों के अंदर एवं बाहर बड़ें-बड़ें बैनर पोस्टर लगायें। विशेष छूट करने एवं किस्तों में ऋण अदायगी की सुविधा संबंधी जानकारी ऋणधारकों को दें। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ऋण संबंधी मामलों के निष्पादन कराने में लोग रुचि रखते हैं। बैंक की ओर से मामलों का निपटारा कराने में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री रंजन देव ने कहा कि नोटिस तैयार करने में सतर्कता बरतें। नोटिस पर ऋणधारकों का नाम, पता एवं बकाया राशि सही सही अंकित करें ताकि ऋणधारको को मामले की सही जानकारी मिल सके।उन्होंने अधिकारियों को ऋणधारकों के साथ प्रि-काउंसलिंग करने का भी निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न बैंकों के अधिकारी मौजूद थे।

फायर ब्रिगेड की वर्दी व बैज में होगा बदलाव, खाकी रंग की होगी वर्दी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

फायर ब्रिगेड की वर्दी और बैज में आने वाले दिनों में बदलाव नजर आने वाला है। गृह विभाग के द्वारा अग्निश्मन विभाग की वर्दी, बैज, टोपी, बेल्ट में बदलाव को लेकर गाइडलाइन जारी किया गया है। यूनिफार्म, फार्मेशन साइन, बैज ऑफ रैंक, पीक कैप, कलर पैचेज आदि का नए सिरे से निर्धारण किया जा रहा है। गृह विभाग नए सिरे से फायर ब्रिगेड के यूनिफार्म, फार्मेशन साइन, बैज ऑफ रैंक, पीक कैप, कलर पैचेज आदि का निर्धारण करने में जुटा हुआ है। बिहार अग्निशमन सेवा के पदाधिकारी व कर्मी की वर्दी खाकी शर्ट एवं पैंट होगा। सभी पदीय संरचनाओं के लिए मल्टीज क्रॉस में आधारित बैज की डिजाइन का निर्धारण किया जा रहा है। माल्टीज क्रॉस बैज को पदाधिकारी व कर्मी कमीज के दाहिने तरफ नेम प्लेट के ऊपर धारण करेंगे। आने वाले समय में इससे जुड़े पदाधिकारी एवं कर्मी शोल्डर बैज पर विभागीय पहचान के लिए अंग्रेजी में बीएफएस या हिन्दी में बिअसे नाम के बैज धारण करेंगे। फायर ब्रिगेड के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों की वर्दी खाकी रंग की होगी। उनके पहचान पत्र में एकरूपता के लिए विभागीय स्तर पर यूनिक आईडी नंबर के साथ पहचान पत्र निर्गत किया जाएगा। पदाधिकारी एवं कर्मियों के लिए फार्मेशन साइन के आकार को बिहार पुलिस के फार्मेशन साइन के आकार जैसा रखते हुए, इसका बैकग्राउंड कलर रेड रखा जाएगा। वहीं बिहार अग्निशमन सेवा एवं विभागीय स्लोगन त्राणाय सेवामहे हिन्दी में बिहार राज्य के प्रतीक चिह्न बरगद के पेड़ का चित्र अंकित रहेगा और इसका रंग गोल्डेन कलर होगा। वहीं बैज पर बहादुरी व जनसेवा का प्रतीक माल्टीज क्रॉस बना होगा। इसमें सभी पदाधिकारियों व कर्मियों के बेल्ट एवं कैप के बैच की डिजाइन एक जैसी रखी जाएगी। सभी कर्मी व फायर फाइटर बैज अंग्रेजी में बाई बांह पर तथा हिन्दी में दाहिनी बांह पर लगाएंगे। वहीं इस संबंध में जिला सहायक अग्निशामक पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि फायर ब्रिगेड की वर्दी और बैज में बदलाव होना है, हालांकि यह कब से लागू होगा इसके लिए आगे विभाग के द्वारा आदेश आएगा।

डीएम ने बाल, पर्यवेक्षण गृह व विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिलाधिकारी राजीव रौशन की अध्यक्षता में जिला निरीक्षण समिति द्वारा बाल गृह,पर्यवेक्षण गृह तथा विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम सिविल सर्जन डॉ अरुण कुमार,पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, बाल कल्याण समिति सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई दरभंगा सुश्री नेहा कुमारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम बालगृह का साफ-सफाई,खान-पान, रसोई घर की स्थिति,सुरक्षा, स्वास्थ्य, पुनर्वास आदि की स्थिति का जायजा लिया।साथ ही उन्होंने बच्चों से पढ़ाई एवं अन्य समस्याओं के संबंध में में फीडबैक लिया।बताया गया कि बालगृह के दो बच्चों को राज्य बालअधिकार संरक्षण आयोग बिहार पटना द्वारा पुरस्कृत किया गया, जिनमें एक बालक गायन एवं दूसरा बालक विशेष इकाई चित्र कला के क्षेत्र से संबंधित है। गौरतलब है कि दोनों बच्चों को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित एवं उत्साह वर्धन किया गया।

अंतदेर्शीय मछली पालन के लिए किसान सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।डा राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के कृषि विज्ञान केंद्र, भगवानपुर हाट, सिवान के एक समर्पित किसान शिव प्रसाद सहनी को प्रतिष्ठित ह्लसर्वश्रेष्ठ अंतदेर्शीय मछली किसानह्व पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सम्मान के अतिरिक्त अंतदेर्शीय मछली पालन में उत्कृष्ट योगदान के लिए श्री सहनी को प्रोत्साहन के रूप में 1.0 लाख रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया गया है। इस पुरस्कार समारोह आयोजन का 21 नवंबर, को विश्व मछली पालन दिवस के अवसर पर सुषमा स्वराज भवन, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में किया गया। इस विशेष अवसर पर राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह मंत्री मत्स्य पालन, पशुपालन, डेयरी, और पंचायती राज, सहित अन्य मंत्री भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा अनुसंधान और प्रसार तीनों क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है। इसी का परिणाम है कि हमें एक तरफ तो पेटेंट मिल रहा है दूसरी तरफ कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़े किसान को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया गया है। डा पांडेय ने इसके लिए प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ मयंक राय की सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व में कृषि विज्ञान केंद्र अच्छा कार्य कर रहा हैं।निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ मयंक राय ने कहा कि यह पुरस्कार श्री शिव प्रसाद सहानी की मेहनत और समर्पण को दशार्ता है, जो कृषि विज्ञान केंद्र, भागवानपुर हाट, सिवान के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। यह पुरस्कार उनके उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है और उन्हें आगे भी इसी तरह काम करने के लिए प्रेरित करता है। निदेशक शिक्षा डा ए के सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करने को लेकर किसान और कृषि विज्ञान केंद्र को बधाई दी और कहा कि विश्वविद्यालय में नये बदलावों के परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। उन्होंने कुलपति और प्रसार शिक्षा से जुड़े सभी कर्मचारियों को इसके लिए बधाई दी और कहा कि छोटे छोटे प्रयासो से ही बड़ी सफलता प्राप्त होती है।

एमएमसीएच के अधीक्षक का सरकारी वाहन उड़ा रहा नियमों की धज्जी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राजधानी के दूसरे सबसे बड़े अस्पताल यानी नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक की सरकारी गाड़ी परिवहन विभाग के नियमों का खुला उल्लंघन कर रही है। स्थिति यह है कि उक्त वाहन से यदि कोई दुर्घटना होती है, तो इसका जिम्मेवार कौन होगा? इसके पीछे बड़ा कारण यह है कि उक्त सरकारी वाहन का इंश्योरेंस और पॉल्यूशन सर्टिफिकेट दोनों फेल है, मगर यह राजधानी की सड़कों पर सरपट दौड़ता है। राज्य का सारा राजकाज जिस सचिवालय से संचालन होता है, रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष सह डिविजनल कमिश्नर के परिसर में भी जाता व आता है। यातायात पुलिस का विभिन्न प्रमुख चौराहों पर कैमरा लगा हुआ है, जो नंबर प्लेट को कैद कर इंश्योरेंस, पॉल्यूशन फेल वाहनों का नंबर ट्रेस कर पेनाल्टी भेजता है। मगर शायद ही अधीक्षक के उक्त वाहन पर जुमार्ना लगा हो। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह जिस चार पहिया वाहन का इस्तेमाल कर रहे हैं, उसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01पीई 1545 है। इस वाहन का पॉल्यूशन सर्टिफिकेट समाप्त हो चुका है। इसके बाद भी यह गाड़ी सड़कों पर दौड़ रही है। खास बात यह है कि अधीक्षक के इस सरकारी गाड़ी का इंश्योरेंस सर्टिफिकेट भी चार, सितंबर 2020 में ही समाप्त हो चुका है। लेकिन पटना की सड़कों पर यह मजे से घूम रहा है, मगर परिवहन विभाग के सरकारी कैमरे, जो चौक-चौराहों पर लगे हैं, आज तक इस वाहन का शायद ही कोई चालान काटा हो। हालांकि आम जनता के साथ परिवहन विभाग हजारों का चालान रोजाना काट रहा है, मगर खास लोगों का चालान नहीं काटा जा रहा है। अधीक्षक के सरकारी वाहन का रजिस्ट्रेशन चार जून, 2013 को हुआ था, जबकि फिटनेस की वैधता 21 मार्च, 2028 तक है। वाहन का उम्र 11 साल 5 महीना हो चुका है।

परिवहन विभाग ने अभियान चला कर काटा नाबालिग ई-रिक्शा चालकों का चालान

- नाबालिगों को ई-रिक्शा की बिक्री करने वाले एजेंसी को भी दिया जाएगा नोटिस
- अभिभावकों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई का है प्रावधान

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिले में ई-रिक्शा और ऑटो का परिचालन करने में नाबालिग चालक की बड़ी संख्या है। खास कर ई-रिक्शा चलाने में नाबालिग काफी संख्या में है। परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा अभियान के तहत ई-रिक्शा और ऑटो चला रहे नाबालिगों पर कार्रवाई कर रही है। इस विशेष अभियान के तहत ई-रिक्शा और ऑटो चलते हुए पकड़े जाने पर नाबालिगों का चालान काटा जा रहा है उनसे जुमार्ना वसूल किया जा रहा है। हालांकि बावजूद इसके नाबालिग धड़ल्ले से ई-रिक्शा और ऑटो चला रहे हैं। इससे जहां विभाग के नियमों का उल्लंघन हो रहा है। वहीं उसमें बैठे यात्रियों का भी जान जोखिम रहता है। पिछले एक सप्ताह के दौरान सड़क सुरक्षा अभियान के तहत परिवहन विभाग ने ऐसे 28 नाबालिग चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसको लेकर एक लाख 49 हजार 508 रुपए के जुमार्ना वसूल के लिए चालान काटा गया है। वहीं इस दौरान 372 बाइक चालकों को पकड़ा गया। उनमें अधिकांश बिना हेलमेट और वैध कागजात के ही बाइक चला रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए सभी ई-रिक्शा व ऑटो चकक 18 साल के कम उम्र के थे और बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे। जिला परिवहन कार्यालय के एडिशनल डीटीओ गौरव लाल ने बताया कि नाबालिग चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। बता दें कि जिलेभर में ई-रिक्शा, ऑटो एवं मोटर वाहनों का परिचालन नाबालिगों और बिना लाइसेंस के किया जा रहा है। यही सड़क दुर्घटनाएं घटित होने का मुख्य कारण है। बता दें कि नाबालिगों को ई-रिक्शा की बिक्री करने वाले एजेंसी को भी नोटिस देने पर परिवहन विभाग विचार कर रहा है। उन्हें निर्देश दिया जाया जाएगा कि वो नाबालिग को ई-रिक्शा की बिक्री ना करें। अगर एजेंसी ऐसा करती है तो उनके ऊपर यातायात उल्लंघन करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। बता दें कि परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने सभी जिलों के डीटीओ को बिना लाइसेंस तथा नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा व तिपहिया वाहन के परिचालन के विरुद्ध विशेष अभियान चला कर कार्रवाई का निर्देश दिया है। परिवहन सचिव ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। नाबालिग चालकों द्वारा वाहन परिचालन से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है, जिससे न केवल उनकी अपनी जान को खतरा होता है। वहीं इस दौरान अन्य लोगों की सुरक्षा भी प्रभावित होती है। अभियान के दौरान नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा व तिपहिया वाहन परिचालन एवं लाइसेंस की जांच की जाएगी और उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस संबंध में एडीटीओ गौरव लाल ने बताया कि नाबालिग ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उनका चालान तो काटा ही जा रहा, लेकिन ऐसे चालकों को जागरूक भी किया जा रहा है।

बेनीपट्टी न्यायालय मे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी बेनीपट्टी व्यवहार न्यायालय परिसर मे बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेर्शानुसार 14 दिसंबर 2024 को व्यवहार न्यायालय परिसर बेनीपट्टी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।इस राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन बनाने को लेकर दिनांक 21 नवंबर 2024 को अपर मुख्य न्यायिक दंडकारी सह अध्यक्ष अनुमंडल विधिक सेवा समिति बेनीपट्टी की रंजीत कुमार सोनू की अध्यक्षता में बैंक बीएसएनल नापतौल विभाग श्रम विभाग वन विभाग इत्यादि विभाग के साथ बैठक का आयोजन किया गया।उक्त बैठक में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह अध्यक्ष अनुमंडल विधिक सेवा समिति बेनीपट्टी ने सभी विभागो को यह निर्देश दिया गया कि सभी दीवानी फौजदारी सुल हनीयवादो में पक्षकारो को स समय नोटिस तामील करना सुनिश्चित करे एवं जो भी डिफॉल्ट पक्षकार हैं उस पर विशेष ध्यान दे एवं संबंधित थाना से नोटिस तमिल करे।

राज्य में शल्य कक्ष सहायक के 1326 पद पर नियुक्ति का रास्ता साफ

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार में शल्य कक्ष सहायक संवर्ग नियमावली 2014 का संशोधन नियमावली 2024 को मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलते ही वर्षों से नियुक्ति में फंसा पेंच और राज्य में शल्य कक्ष सहायक नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। 18 नवंबर, 24 को बिहार गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित किया गया है। नई नियुक्ति नियमावली में मूल कोटि पद शल्य कक्ष सहायक के सीधी भर्ती के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और विज्ञापन वर्ष की पहली अगस्त को उम्र का निर्धारण किया गया है। शल्य कक्ष सहायक पद पर नियुक्ति लिखित परीक्षा के आधार पर होगी। इसमें 75 अंक का लिखित परीक्षा ली जाएगी एवं प्राप्त अनुभव के पांच अंक प्रति वर्ष अधिकतम 25 अंक राज्य के अस्पतालों में संविदा पर कार्य करने वाले को दिया जाएगा।इस तरह कुल सौ अंकों की गणना होगी। शल्य कक्ष सहायक के मूल कोटि पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन के लिए शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट विज्ञान (जीव विज्ञान के साथ) एवं सबंधित शल्य कक्ष सहायक कोर्स में डिप्लोमा/ डिग्री होगी। पहले इंटरमीडिएट और शल्य कक्ष सहायक के डिप्लोमा कोर्स के प्राप्तांक के आधार पर नियुक्ति होती थी। 2022 के अगस्त माह में शल्य कक्ष सहायक के 1096 पद के नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित हुआ था। हजारों छात्रों ने फॉर्म भी भरे थे। लेकिन 5 अप्रैल, 2023 को सामान्य प्रशासन विभाग बिहार सरकार के पत्रांक 6471 के आलोक में आदेशित किया गया कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग के माध्यम से होने वाली सभी नियुक्ति परीक्षा के माध्यम से होगी। इस कारण वर्ष प्रकाशित नियुक्ति को रद्द कर दिया गया था और नियमावली संशोधन हुई। राज्य में लैब टेक्नीशियन के 2969 पद, इसीजी टेक्नीशियन 163 पद, एक्स-रे टेक्नीशियन 803 पद और ड्रेसर (परिधापक) 1598 पद रिक्त है। शल्य कक्ष सहायक के 1398 पद और स्टाफ नर्स के 6298 पद रिक्त हैं। पारा मेडिकल एसोसिएशन ऑफ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण, सचिव सुरेंद्र सुमन, कोषाध्यक्ष आशुतोष नंदन, संगठन प्रभारी कृष्ण कुमार, उपाध्यक्ष लकी सिन्हा, दिग्विजय सिंह ने संयुक्त रूप से नियमावली को कैबिनेट की मंजूरी दिलाने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत को धन्यवाद किया है।

संक्षिप्त खबरें

रेलकर्मियों के बीच ईसीआरकेयू झोंक रही ताकत

जमुई [झाझा] रेलवे में मान्यता को लेकर रेल यूनियन को लेकर आगामी 4, 5, 6, दिसम्बर को होने वाली चुनाव को लेकर झाझा में रेल यूनियन ईसीआरकेयू की ओर से लगातार रेलकर्मियों के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है ताकि रेलकर्मी अपना बहुमूल्य मत ईसीआरकेयू के पक्ष में करे। यूनियन नेता मनोज कुमार ने बताया कि लंबे अंतराल के बाद रेलवे में मान्यता प्राप्ति को यूनियन का चुनाव करवाया जा रहा है जिसमे ईसीआरकेयू अपनी ओर से लगातार चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए मेहनत कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि झाझा रेलवे में अलग अलग रेल विभागों में पहुंचकर रेलकर्मियों को ईसीआरकेयू यूनियन के किये गए कार्यो के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि हमारी यूनियन हमेशा से रेलकर्मियों की मांगों को उठाने का काम करते हुए रेलकर्मियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का काम करती है और उनके हित मे कार्य करती है। चुनाव में जीत को लेकर यूनियन के झाझा शाखा के अध्यक्ष भारत भूषण, सचिव राजेश कुमार ने भी बताया कि यूनियन महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव के दिशा निर्देश पर यूनियन की जीत को लेकर यूनियन के हर पदाधिकारी, सदस्य रेलकर्मियों के बीच प्रचार प्रसार में दिन रात मेहनत कर रही है।

मुख्यमंत्री के शिक्षित बिहार समृद्ध बिहार की परिकल्पना को आप सब मिलकर साकार करें : पंचायतीराज सह मुंगेर जिला प्रभारी मंत्री

2204 शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में औपबंधिक नियुक्तिपत्र का वितरण किया गया

प्रात : किरण, संवाददाता

मुंगेर। बिहार विशिष्ट शिक्षक नियमावली - 2023 के प्रावधानों के तहत सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण एवं काउन्सिलिंग पूर्ण करने वाले स्थानीय निकाय के 2204 शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम बुधवार को किला परिसर स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केदार प्रसाद गुप्ता, मंत्री, पंचायती राज-सह-मुंगेर जिला प्रभारी मंत्री एवं जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके पूर्व जिलाधिकारी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर मंत्री का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी असगर अली सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं अभ्यर्थी उपस्थित थे। मंच संचालन कौशल किशोर पाठक कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि कल तक आप शिक्षक थे और आगे भी शिक्षक ही कहलाएंगे, परन्तु आप खुद को गुरूजी बनाकर देखिए और जिस भी विद्यालय में आपका पदस्थापन हुआ है, वहां के बच्चों को अपना बच्चा समझें तथा उन्हें बेहतर शिक्षा दें। गुरू जी का स्थान आज भी सर्वोपरी और गुरू यदि सत्य निष्ठा के साथ बच्चों को शिक्षा दें, बच्चे भी शिक्षा के क्षेत्र में आपके अध्यापन शैली में ढल कर खुद को शिक्षित बनाएंगे और देश का भविष्य बनेंगे। माननीय मुख्यमंत्री के शिक्षित बिहार, समृद्ध बिहार की परिकल्पना को आप सब मिलकर साकार करें। राज्य सरकार ने आपकी सभी मांगों को पूरा किया है और अब आपका दायित्व है कि आप भी विद्यालयों में अपनी शैक्षणिक प्रतिभा से एक ऐसा माहौल तैयार करें, जिससे विद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षित हो अत्यंत ही बेहतर शिक्षा हासिल करें तथा आगे चल कर अच्छी सरकारी अथवा सर्वोच्च सरकारी सेवा में जाकर अपने शहर, जिले, राज्य व देश का नाम रोशन करेंगे। यदि आपकी शैक्षणिक पद्धति से आपके विद्यालय से एक भी छात्र-छात्राएं किसी भी सर्वोच्च सेवा में नौकरी ले लेते हैं तो वे छात्र अपने गुरूजी को अपना आदर्श मानेंगे और फिर वही विद्यालय अन्य छात्र-छात्राओं के लिए एक आदर्श विद्यालय बन जाएगा। इस लिए गुरूजी बनें और माननीय मुख्यमंत्री के शिक्षित बिहार एवं समृद्ध बिहार की परिकल्पना को पूर्ण करने में अपना सर्वोच्च प्रदर्शन करें। पूर्व में विद्यालय की शिक्षा पद्धति के बनिस्पत वर्तमान शिक्षा पद्धति में काफी परिवर्तन हुआ है। बीपीएससी से शिक्षकों का चयन हो रहा है तो निश्चित तौर पर अत्यंत ही शिक्षित युवा युवतियां शिक्षक अथवा गुरूजी बन कर अपना योगदान दे रहे हैं। अब आप सब की भी जिम्मेदारी है कि सभी विद्यालय में शिक्षा पद्धति को इतना बेहतरीन बना दें कि गांव अथवा शहर के गरीब तथा सभ्रांत परिवार के लोग भी अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में भेज कर शिक्षित करें। उन्होंने सभी अभिभावकों से भी अपने अपने बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को शिक्षित अवश्य बनाएं तभी आपका तथा आपके शहर, जिले, राज्य अथवा देश की शिक्षा के स्तर में सुधार होगा। आज राज्य सरकार द्वारा लाखों लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा रहा है, जिसमें महिलाओं को और भी अधिक प्राथमिकता दी जा रही है। बिहार पुलिस हो अथवा शिक्षक भर्ती परीक्षा इन सब में महिलाओं ने बाजी मारी है और अधिकांश महिलाएं और पुलिस एवं शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। इस लिए आप सभी अपने बच्चों को शिक्षित अवश्य बनाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जो शिक्षित बिहार, समृद्ध बिहार की परिकल्पना की गयी है, आज उसका सपना साकार होता दिखाई दे रहा है। आप सभी विशिष्ट शिक्षक के रूप में अपने अपने विद्यालयों में योगदान देकर विद्यालय की शिक्षा नीति में खुद को ढाल कर विद्यालय के बच्चों को सर्वोच्च शिक्षा दें। बच्चों की शिक्षा तभी मजबूत होगी जब उनकी प्रारंभिक शिक्षा मजबूती के साथ सिलेबस के अनुरूप दी जाए। आज माननीय मंत्री द्वारा जिला मुख्यालय में कुल 200 अभ्यर्थियों को औपबंधिक पत्र का वितरण किया गया है। जबकि अन्य सभी प्रखंडों में भी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा शेष अभ्यर्थियों के बीच औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं और उनका भविष्य आपके हाथों में है। आप अपनी पूरी तन्मयता के साथ बच्चों को शिक्षित करें, उसका रिजल्ट स्वयं आपके सामने होगा।

नामांकन की प्रक्रिया हुई पूरी, अध्यक्ष के लिए 31 लोगों ने भरा नामांकन पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] आगामी 3 दिसम्बर को प्रखंड क्षेत्र के 11 पंचायतो में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर 3 दिनों से चल रहे नामांकन की प्रक्रिया गुरुवार को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न किया गया। अंतिम दिन बड़ी संख्या में अध्यक्ष, सदस्य पद के लिए महिला, पुरुष उम्मीदवार की भीड़ प्रखंड कार्यालय में पहुंचे हुए थे। उम्मीदवार अपने अपने प्रस्तावक के साथ नामांकन हॉल में पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया गया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सबसे ज्यादा पुरुष उम्मीदवार ने नामांकन पत्र भरा। नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जानकारी देते हुए निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ रविजी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए कुल 31 लोगों ने नामांकन पत्र भरा है जिसमे जामूखरैया पंचायत से 3 पुरुष, 1 महिला, केशोपुर से 1 महिला और 1 पुरुष, खुरण्डा से 3 पुरुष, 1 महिला, कनोदी से 1 पुरुष, टेलवा से 2 पुरुष, 1 महिला, पैरगाहा से 2 पुरुष, 1 महिला, रजलकला से 2 पुरुष, चांय से 2 पुरुष 1 महिला, छापा से 4 पुरुष, धमना से 2 पुरुष और कानन पंचायत से 1 पुरूष और 2 महिला उम्मीदवार ने नामांकन पत्र भरा। वही सदस्य पद के लिए कुल 154 लोगों ने नामांकन पत्र भरा जिसमे जेनरल से 34 पुरुष, 26 महिला, बीसी से 15 पुरुष और 9 महिला, ईबीसी से 14 पुरुष, 10 महिला और एससीएसटी से 9 पुरुष और 6 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब संवीक्षा का कार्य 22 और 23 नवंबर को किया जाएगा उसके बाद 26 नवंबर को नाम वापसी और उसी दिन चुनाव के लिए उम्मीदवार को प्रतीक आवंटन किया जाएगा। अंतिम दिन नामांकन को लेकर प्रखंड कार्यालय में उमड़ी भीड़ को देखते हुए पुलिस पदाधिकारी की कड़ी चौकसी रही।

मुख्यमंत्री समग्र शहरी एवं ग्रामीण विकास योजना की समीक्षा बैठक पंचायती राज मंत्री की अध्यक्षता में हुआ संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु निर्माण योजना से संबंधित जिला संचालन समिति की बैठक बुधवार को समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में केदार प्रसाद गुप्ता मंत्री, पंचायती राज-सह-मुंगेर जिला प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, विधान परिषद सदस्य अजय कुमार सिंह, तारापुर विधायक राजीव कुमार सिंह, जमालपुर विधायक अजय कुमार सिंह, मुंगेर विधायक प्रणव कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष साधना सिंह यादव सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु निर्माण योजना पर बिंदु वार चर्चा हुई। मंत्री श्री गुप्ता द्वारा उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों से अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत दोनों योजना से संबंधित प्रतिवेदन की मांग की गयी। उन्होंने सभी जन प्रतिनिधियों से कहा कि आप अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत पुल पुलिया एवं सेतु निर्माण की आवश्यकता के अनुरूप सूची बना कर जिलाधिकारी को शीघ्रता शीघ्र उपलब्ध करा दें। इसके आधार पर सरकार द्वारा उक्त दोनों योजना के तहत प्राप्त सूची के अनुसार स्थलीय निरीक्षण कर प्राक्कलित राशि के अनुरूप आवंटन उपलब्ध करा दिया जाएगा, जिससे संबंधित क्षेत्र के विकास में कार्य किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाना तमाम जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों का है। उन्होंने कहा कि आप सभी सक्रियता के साथ अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करें तथा योजना के अनुरूप सभी कार्यों का शत प्रतिशत क्रियान्वयन कराएं। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि राज्य सरकार द्वारा जिले में संचालित सभी योजनाओं का लगातार मॉनिटरिंग करते रहें और अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लाभूकों तक पहुंचे इसकी जांच करते रहें। जिलाधिकारी ने मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिले में संचालित सभी योजनाओं के क्रियान्वयन का लगातार मॉनिटरिंग की जाती है तथा जिला से प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों द्वारा लगातार कार्य कर अधिक से अधिक लाभूकों को विभिन्न योजनाओं से संबंधित लाभ दिलाने की दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है।

प्रखंड कार्यालय में नामांकन के अंतिम दिन समर्थकों के साथ बड़ी संख्या में नामांकन करवाने पहुंचे समर्थक

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] प्रखंड कार्यालय में नामांकन के अंतिम दिन पैक्स चुनाव को लेकर समर्थकों के साथ बड़ी संख्या में नामांकन करवाने पहुंचे उम्मीदवार के द्वारा ब्लॉक परिसर के अंदर से लेकर नामांकन हो कमरे तक पहुंचकर भीड़ लगाया साथ ही साथ प्रखंड कार्यालय में छोटे बड़े वाहनों का जमावड़ा भी लग गया जिसके कारण प्रखंड कार्यालय में अन्य जरूरी कामों से पहुंचने वाले लोगों को परेशानी हो रहा था जिसके बाद निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ रविजी और विधि व्यवस्था को बनाये रखने में जुटे एसआई मुकेश कुमार पुलिस बल के साथ लोगों को खदेड़ते हुए नामांकन प्रक्रिया स्थल से बाहर निकालते हुए माइकिंग कर उम्मीदवार छोड़कर सभी लोगों को प्रखंड कार्यालय से बाहर होने का निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि चुनाव को लेकर नामांकन केंद्र पर प्रोटोकॉल होता है लेकिन समर्थक प्रोटोकॉल का पालन नही कर रहे थे इसलिए लोगों को नामांकन केंद्र से खदेड़ा गया। वही उम्मीदवार को लेकर पहुंचे चार पहिया वाहन सहित समर्थकों की बड़ी संख्या में लगें दो पहिया वाहनों को बाहर करवाते हुए समर्थकों को भी प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार से बाहर निकाला।

टेलीविजन मनोरंजन की पाठशाला: प्रधानाचार्य

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई:- विश्व टेलीविजन दिवस के अवसर पर आधुनिक युग में टेलीविजन का महत्व विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता केकेएम कॉलेज के अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर पासवान ने की। मुख्य अतिथि के बतौर के.के. एम कॉलेज जमुई के प्रधानाचार्य डॉ चंद्रमा सिंह ने कहा कि सूचना युग में टेलीविजन मनोरंजन की पाठशाला ही नहीं,बल्कि शिक्षा और सामाजिक चेतना का माध्यम है। डिजिटल के जमाने में भी टेलीविजन की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। यह जन जागरूकता का बेहतर विकल्प है। टेलीविजन के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिलते हैं। टेलीविजन का आविष्कार 20वीं सदी की सबसे बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धियां में से एक है। अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में डॉ. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि टेलीविजन आधुनिक युग का प्रतिबिंब है क्योंकि इसने मानव जीवन के हर पहलू को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। यह समाज और संस्कृति का दर्पण, तकनीकी व वैज्ञानिक प्रगति का साधन, संवेदनाओं का मूल तो संदेशों का पुल है। उन्होंने कहा कि टेलीविजन वह खिड़की है,जिससे पूरी दुनिया को देखी जा सकती है। वर्तमान में स्थिति ऐसी है कि टेलीविजन से मन पूरा लगता है तो टेलीविजन के बिना घर अधूरा लगता है। विश्व टेलीविजन दिवस प्रत्येक वर्ष 21 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा सन 1996 में यूएन ने की थी। इसका उद्देश्य टेलीविजन के महत्व को पहचानना और इसके माध्यम से शिक्षा सूचना और मनोरंजन के प्रसार को उजागर करना है। राजनीतिक विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर सह पीजी हेड डॉ मनोज कुमार ने कहा कि टेलीविजन ज्ञान का दरवाजा खोलता है। इसने आधुनिक समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और नई पीढ़ी को शिक्षित करने का भी कार्य करता है। भारत में आज करीब 21 करोड़ से ज्यादा घर हैं, जिनमें से लगभग 19.7 करोड़ (197 मिलियन) से अधिक घरों में टीवी मौजूद हैं. स्मार्टफोन, लैपटॉप और इंटरनेट जैसे नई-नई वैज्ञानिक और उपकरण आने के उपरांत भी टीवी का महत्व कम नहीं हुआ है। राजनीतिक विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ देवेंद्र कुमार गोयल.ह्न ने कहा कि मानव जीवन में टेलीविजन का विशेष महत्व है। यह वर्तमान समय में एक महत्वपूर्ण और प्रासंगिक माध्यम है। चाहे भले ही इंटरनेट और अन्य तकनीको ने नई संभावनाएं खोल दी हो। यह सूचना और ज्ञान का स्रोत है। टेलीविजन वैश्विक स्तर पर हर शिक्षा, चिकित्सा, राजनीति, संस्कृति आदि के क्षेत्र में लोगों को काफी प्रभावित किया है। टेलीविजन के अनेक लाभ हैं, लेकिन इसके दुरुपयोग से कुछ नकारात्मक प्रभाव भी दिखने लगे हैं। अत्यधिक टीवी देखने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अतः टेलीविजन का हमें सदुपयोग करना चाहिए। मनोविज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.अमोद कुमार सिंह उर्फ अमोद प्रबोधी ने कहा कि टेलीविजन करोड़ों लोगों के मनोरंजन का साथी है। यह सूचना और ज्ञान का महासागर है। टेलीविजन देखने से अनेक लाभ के साथ-साथ लोगों विशेष कर बच्चों पर दुष्प्रभाव भी पड़ता है। यह जनसंचार एवं जन जागरूकता का प्रभावी तथा बेहतर माध्यम है। टेलीविजन का उचित प्रयोग करना वरदान से कम नहीं है. मौके पर कई गणमान्य शिक्षक पुरुष सरदार राम, प्रो.कैलाश पंडित, डॉ.दीपक कुमार, प्रो. रणविजय सिंह, प्रो अनिंदो सुंदर पोले, डॉ उदय नारायण घोष, डॉ सत्यार्थ प्रकाश, एवं शिक्षकेतर कर्मचारी श्री रवीश कुमार सिंह, सुशील कुमार, कृष्णागिरी, बटेश्वर यादव शैलेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

निशक्तजन के लिए विशेष कैंप का किया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

श्रम संसाधन विभाग बिहार पटना के निर्देश अनुसार जिला नियोजनालय मुंगेर के तत्वाधान में निशक्तजन के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बुधवार को शंभू नाथ सुधाकर उपनिदेशक नियोजन भागलपुर प्रमंडल भागलपुर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर जिला नियोजनालय मुंगेर में किया गया। एकदिवसीय निशक्तजनों के लिए आयोजित विशेष कैंप का उद्घाटन करने के पश्चात उपनिदेशक नियोजन ने निशक्तजनों को संबोधित करते हुए जिला नियोजनालय द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं यथा स्टडी किट एवं टूल किट बारे में विस्तृत जानकारी दी साथ ही कल 45 निशक्त जनों को चादर देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग मुंगेर एवं महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र मुंगेर के द्वारा बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जिससे कि इसका लाभ सुगमता एवं निशुल्क प्राप्त हो सके साथी राणा अमितेश जिला नियोजन पदाधिकारी मुंगेर के द्वारा जिला नियोजनालय मुंगेर के कार्यालय में विभाग द्वारा चलाई जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई इस अवसर पर कार्यालय के सभी कर्मियों ने शिविर को सफल बनाने में अपनी सहभागिता दर्ज की।

आयोजित किया गया नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम , बैंक की वित्तीय सुविधा को लेकर

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] गुरुवार को बैंक के द्वारा ग्राहकों के बीच बैंक से मिलने वाली सुविधा के बारे में विस्तृत जानकारी हेतु दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक धमना की ओर से धमना बाजार में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलाकारों के माध्यम से लोगों को बताया कि खाता में नोमनी का नाम बहुत ही महत्वपूर्ण है इससे खाताधारकों के परिवार को काफी लाभ मिलता है। इसके अलावे अन्य वित्तीय सुविधा के बारे में जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक की अगुवाई वित्तीय साक्षरता सलाहकार जमुई अमरनाथ सिंह के द्वारा की गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने लोगों को बैंक के कामकाज, वित्तीय सुविधा, बैंक में ससमय कामकाज को पूरा करने, खाता में नोमनी का महत्व आदि महत्वपूर्ण बिंदुओ को गीत, नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया। कलाकारों के माध्यम से लोगों को बताया कि खाता में नोमनी का नाम बहुत ही महत्वपूर्ण है इससे खाताधारकों के परिवार को काफी लाभ मिलता है। इसके अलावे अन्य वित्तीय सुविधा के बारे में जानकारी दी गई। वित्तीय साक्षरता सलाहकार ने बताया कि बैंक हमेशा ग्राहकों को संतुष्ट करने का भरपूर प्रयास करते रहता है साथ ही उनकी समस्या को भी सुनकर समाधान करता है उन्होंने बताया कि नाबार्ड के द्वारा वितकोषिक के तहत यह कार्यक्रम किया गया। मौके पर बैंक कर्मी नीतीश कुमार, सौरव प्रसाद, निवास कुमार , बड़ी संख्या ग्रामीणों लोग उपस्थित हैं।

नामांकन के दूसरे दिन अध्यक्ष सहित प्रबंधकारिणी सदस्य पद के लिए कुल 24 लोगों ने दाखिल किया अपना पर्चा

मुंगेर। बरियारपुर प्रखंड के अंतर्गत छः पैक्सों में होने वाले अध्यक्ष तथा तय प्रबंधकारिणी सदस्यों के चुनाव के लिए बुधवार को भी नामांकन की प्रक्रिया शुरू रही। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी, बरियारपुर श्वेता कुमारी ने बताया कि, विभिन्न पैक्सों के अध्यक्ष एवं प्रबंधकारिणी सदस्य पद के लिए कुल 24 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन कराया है। इसके साथ ही विभिन्न पैक्सों के प्रबंधकारणी सदस्य पद हेतु कुल 24 अभ्यर्थियों ने अपना पर्चा दाखिल कराया है।

अच्छी पहल : मौत के बाद अंतिम संस्कार के लिए तुरंत मिलेगी 3000 हजार रुपए की आर्थिक मदद

समाज कल्याण विभाग ने इस योजना में किया है परिवर्तन

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। ग्रामीण क्षेत्र में गरीब असहाय परिवार के लोगों की मृत्यु के बाद सामाजिक कल्याण विभाग के निर्देश पर पंचायत के मुखिया द्वारा उक्त परिवार के सदस्य को तत्काल अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के लिए कबीर अंत्योष्टि योजना के तहत 3000 हजार राशि दिया जाता है। पहले इस राशि को देने में काफी विलंब होता था। लेकिन अब इस योजना में कुछ परिवर्तन हुआ है। अब इस योजना में राशि बिना देर किए भुगतान की जा सकेगी। इसके लिए मृत्यु प्रमाण पत्र का इंतजार करना नहीं पड़ेगा और ना ही कहीं से अप्रूवल लेने की आवश्यकता होगी। पंचायत सीधे पीड़ित परिवार को इस योजना के तहत 3000 की राशि भुगतान कर सकता है। इसके लिए पंचायतों के खाते में राशि एडवांस रूप में पड़ी रहेगी। बता दें कि गरीबों को सही समय पर कबीर अंत्योष्टि योजना नहीं मिल पाने से निर्धन एवं बीपीएल परिवारों के परिजनों की मौत हो जाने पर भी अंतिम संस्कार में आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता था। लोगों की इस परेशानी को देखते हुए समाज कल्याण विभाग ने इस योजना में परिवर्तन किया है। जिससे मुखिया तत्काल मृतक को फंड से 3000 दे सकेंगे। मृत्यु प्रमाण पत्र की अनिवार्यता समाप्त समाज कल्याण विभाग ने इस में बदलाव करते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र के अनिवार्यता समाप्त कर दिया है। पंचायत स्तर से ही एंट्री की सुविधा बहाल कर दी गई है। वर्ष 2013 के बाद प्रक्रिया में काफी बदलाव किया गया था जिसके चलते करीब 10 साल से कुछ नियमों के चलते योजना की राशि भुगतान होने में परेशानी हो रही थी। योजना के सफल क्रियान्वयन में आ रही परेशानी को देखते हुए यह बदलाव किया गया है। कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत अग्रिम पांच लाभुकों का पैसा हर वक्त ग्राम पंचायत के खाते में उपलब्ध होंगे। ताकि मृत्यु के बाद मृतक के परिजनों को तत्काल 3000 रुपया की राशि दी जा सके। पांच लाभुकों के लिए राशि रहेगी एडवांस इस तरह पंचायत के खाते में इस योजना से करीब 15000 की राशि एडवांस में रहेगी। इस योजना के लाभ लेने के लिए सबसे पहले मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ती थी। लेकिन सरकार इस योजना को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच सके इसके लिए अब मृत्यु प्रमाण पत्र की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। इससे पहले लोगों को मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था। अब यह सब मामूली प्रक्रिया से हो जाएगी। शहरी इलाकों में आबादी अधिक होती है ऐसे में लाभुकों की संख्या भी अधिक होती है। इसलिए पंचायत के खाते में पांच लाभुक के भुगतान हेतु 15000 हजार रूपया, प्रत्येक नगर परिषद में 20 लाभूक के लिए 60 हजार, नगर पंचायत में 10 लाभुक के लिए 30 हजार एडवांस उपलब्ध कराया गया है। पूर्व में मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ पंचायत में आवेदन किए जाते थे। आवेदन की एंट्री प्रखंड कार्यालय में होती थी। इसकी जांच की जाती उसके बाद आवेदकों को पैसा दिए जाते थे।अब अनुदान योजना के लिए पंचायत को अपने स्तर पर एंट्री करने का अधिकार भी मिल गया है। वाट्सएप पर ही होगा प्रमाणित नियम के तहत मुखिया या वार्ड सदस्य वाट्सएप पर प्रमाणित करेंगे और अपने पंचायत के सचिव या नगर कार्यपालक द्वारा इंट्री की प्रक्रिया कराई जा सकती है।

केंद्र और बिहार सरकार के केवाईसी के आदेश से हवेली खड़गपुर के 25 हजार गरीब जनता का राशन कार्ड से नाम काटा

25 हजार गरीब जनता राशन से हो जाएंगे वंचित, नहीं मिलेगा मुफ्त राशन

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। भारत सरकार ने पूरे देश के 80 करोड़ लोगों को प्रति माह प्रति व्यक्ति गरीबों को चार किलो चावल और एक किलो गेहूं मुफ्त राशन देने का ऐलान कर दिया और राशन जन वितरण प्रणाली की दुकानों से वितरण भी किया जा रहा है। आपूर्ति विभाग हवेली खड़गपुर कार्यालय सूत्रों के अनुसार सरकार के निदेर्शानुसार केवाईसी से उपभोक्ताओं का पहचान हो जाएगा और सरकार इस आदेश से खड़गपुर अनुमंडल क्षेत्र के लगभग 50000 गरीब को मुफ्त राशन से वंचित होना पड़ा है अनुमंडल क्षेत्र के सैकड़ो उपभोक्ताओं का आरोप है कि गरीब तो आंसू लेकर पैदा होते हैं और गरीबों की किस्मत आंसुओं से लिखी होती है उन मंत्रियों और अधिकारियों को क्या पता कि गरीबी क्या चीज होती है मंत्री और अधिकारी तो एसी बंगले और एसी गाड़ी में सफर करते हैं यह खर्च भी जो उन पर होता है वह जनता के पैसों पर ही होता है। मंत्री और अधिकारी ऐसा आराम फरमाते हैं इन गरीबों को राशन से जो वंचित किए गए हैं इनका दोष सिर्फ इतना है कि उनका अंगूठा नहीं मिल पा रहा है जबकि आंखों से भी केवाईसी किया जा सकता है लेकिन जन वितरण प्रणाली के दुकानदार ऐसा करने से कतरा रहे हैं जिससे मुफ्त राशन योजना से यह गरीब वंचित हो गए हैं। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी खड़गपुर जुली कुमारी ने बताया कि भारत सरकार की योजना थी कि फर्जी कार्ड धारी का केवाईसी करने से नाम हट जाएंगे लेकिन सरकार को या आपूर्ति विभाग को यह पता नहीं था की केवाईसी ऐसे गरीबों का नाम राशन कार्ड से हटाया काटा गया है जो राशन प्राप्त करने के असली हकदार हैं। जिनके लिए गरीब भी एक अभिशाप बनकर रह गया है वहीं आज भी संपन्न लोगों को फ्री का अनाज मिल रहा है जिन्हें राशन की आवश्यकता नहीं है साधन संपन्न ऐसे लोग इस योजना का लाभ अनुमंडल क्षेत्र में 30% से 40% लोग ले रहे हैं लेकिन इन नौकरशाहों के आंखों पर पट्टी बंधी रहती है जिन्हें इस योजना से नाम नहीं हटाया जा रहा है उपभोक्ताओं ने बिहार सरकार और भारत सरकार के से इसकी जांच की मांग की है और गरीबों को राशन मुहाया करने की भी मांग करती है।

गंगरा मुसहरी से पांच शराबी को गिद्धौर पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। थाना क्षेत्र के गंगरा पंचायत के गंगरा मुसहरी से गिद्धौर पुलिस ने पांच शराबी व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार को गंगरा मुसहरी से पांच लोगों को शराब पीने की सुचना मिली सूचना उपरांत मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त पांच शराबी व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाना लाया गया।जहां उनका चिकित्सकीय जांच करवा न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इधर गिरफ्तारी को लेकर थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार ने बताया कि बलदेव पंडित के पुत्र पंकज पंडित, पांडेडीह थाना झाझा , अवधी रजक के पुत्र छोटे लाल रजक, गोलू राजा के पुत्र ललन कुमार रजक, गुरचरण रावत के पुत्र सतीश कुमार रावत, महेंद्र शाह के पुत्र विशाल कुमार ये सभी गिद्धौर थाना क्षेत्र को नशे में हंगामा करने की सूचना मिली।वहीं पकड़कर थाना लाया गया।

जहां जांचोपरांत के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस अभियान में पीएसआईअनुज कुमार के अलावे पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

सुलगते-दहकते मणिपुर का जिम्मेदार कौन?

मणिपुर भारत का सबसे खूबसूरत प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर उत्तर पूर्वी राज्य है, जिसमें लगभग पिछले डेढ़ वर्ष से हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। हिंसा की यह आग मई, 2023 में शुरू हुई थी, जब वहां की हाईकोर्ट ने बहुसंख्यक मैतई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) का दर्जा देने का फैसला सुनाया था, इससे वहां के पहाड़ों में रहने वाले कुकी समुदाय के लोगों में डर पैदा हो गया कि उनकी जमीनें और अधिकार बड़े स्तर पर कम हो जाएंगे। उत्तर पूर्व के छोटे-छोटे राज्य अशांत रहते हैं। इन सभी राज्यों के अलगाववादी हथियारबंद होकर दशकों से यहां चुनौती पेश करते आ रहे हैं। मणिपुर में बहुसंख्यक मैतई हिन्दू समुदाय के साथ और कुकी बड़ी हद तक ईसाई समुदाय से संबंधित हैं। यहां भाजपा की सरकार है। एन. बिरेन सिंह यहां के मुख्यमंत्री हैं। 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 37 विधायक हैं, जिनमें से 7 विधायक कुकी समुदाय के साथ भी संबंध रखते हैं। डेढ़ वर्ष से यहां बनी गृह युद्ध की स्थिति में अब तक 300 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। बड़े स्तर पर घरों और जायदादों को आग लगाई जा चुकी है। यह दोनों समुदाय एक दूसरे के कट्टर विरोधी ही नहीं, बल्कि दुश्मन बने नजर आते हैं। इसलिए अपने-अपने गांवों में इन्होंने अपने पहरे लगा रखे हैं। हथियारबंद लोग एक- दूसरे समुदाय पर हमले करते हैं। मणिपुर एक बार फिर से हिंसा की आग में जल रहा है। यहां उग्रवादियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद जिरीबाम में 6 लोगों के अपहरण और उनकी लाश मिलने के बाद से भीड़ हिंसक हो गई है। कई मंत्रियों के घरों पर हमले हो चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने सीएम के घर पर भी हमला करने की कोशिश की थी। कुकी उग्रवादियों की ओर से एक ही परिवार के 6 लोगों की नृशंस हत्या के बाद नाराज मैतेई समुदाय के लोग सड़क पर उतर आए हैं। वे लगातार हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कुकी समुदाय 11 नवंबर की मुठभेड़ को फर्जी बता रहा है। इन लोगों का कहना है कि वह उनके शवों का अंतिम संस्कार पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही करेंगे। कुकी समुदाय का कहना है कि उन्हें शक है कि सुरक्षाबलों ने उन्हें पकड़कर मारा है। ताजा जानकारी के अनुसार हथियारबंद उग्रवादियों द्वारा जिरीबाम में एक महिला की हत्या की गई। इस संबंध में 8 नवंबर को जिरीबाम स्थानीय पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। सशस्त्र उग्रवादियों ने जिरीबाम के जाकुरधोर करोंग और बोरोबेकरा पुलिस स्टेशनों पर मौजूद सीआरपीएफ चौकी पर हमला किया। इस सिलसिले में 11 नवंबर को बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। बोरोबेकरा में घरों को जलाने और नागरिकों की हत्या का मामला सामने आया। इस संबंध में 11 नवंबर को बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। 11 नवंबर को, मणिपुर पुलिस ने कहा कि बोरोबेक्रा पुलिस स्टेशन और जिरीबाम के जकुरधोर में सीआरपीएफ कैंप पर छद्म वर्दी पहने और अत्याधुनिक हथियारों से लैस उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में 10 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। पुलिस के अनुसार, कुछ घंटों बाद संदिग्ध उग्रवादियों ने उसी जिले से महिलाओं और बच्चों सहित छह नागरिकों का कथित तौर पर अपहरण कर लिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि मणिपुर में तैनात सभी सुरक्षा बलों को राज्य में व्यवस्था और शांति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। पिछले साल मई से जातीय संघर्ष से जूझ रहे मणिपुर में महिलाओं और बच्चों के शव बरामद होने के बाद विरोध प्रदर्शन और हिंसा के कारण स्थिति अस्थिर हो गई है। गुस्साई भीड़ ने इंफाल घाटी के विभिन्न जिलों में तीन भाजपा विधायकों और एक कांग्रेस विधायक के घरों में आग लगा दी जबकि सुरक्षा बलों ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के पैतृक आवास पर धावा बोलने की प्रदर्शनकारियों की कोशिश को नाकाम कर दिया।

अब सबके सपनों में सत्ता -सुंदरी

महाराष्ट्र और झारखण्ड विधानसभाओं के चुनाव समाप्त हो गए। अब 23 नवमबर को नतीजे आएंगे, तब तक सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशी, नेता और कार्यकर्ता थकान मिटायेंगे और जब उन्हें नींद आएगी तो सभी को ख्वाब में सत्ता-सुंदरी नर्तन करती दिखाई देगी। ऐसा शुरू से होता आया है, लेकिन एक मैं हूँ जिसके सपने में कोई सत्ता-सुंदरी नहीं आती। मेरे सपनों में आता है तो यूट्यूब का डायमंड प्ले बटन। भारत में 247 हम बिरादरी वालों के पास ये डायमंड प्ले बटन है। दुनिया में हर इंसान को सपने आते है। कहते हैं कि सपने तो जानवर भी देख्छ्ते हैं, पशु-पक्षी भी देखते हैं। सबके सपने अपने-अपने ढंग के होते है। नेताओं को सपने में सत्ता सुंदरी दिखाई देती है तो 85 करोड़ जनता को सपने में रोटी दिखाई देती है। मजदूर को दिहाड़ी, नौजवान को नौकरी, उद्योगपति को मुनाफा और अपराधियों को बंदूकें। बच्चों को सपने में खिलौने तथा चॉकलेट्स दिखाई देती हैं, बुजुर्गों को नर्क या स्वर्ग। स्वप्नों के बारे में हमारे प्रिय कवि गोस्वामी तुलसीदास जी कह गए हैं कि-मोह निशा सब सोवनहारा। देखहिं स्वप्न अनेक प्रकारा। यानि स्वप्न देखना सभी का जन्मसिद्ध अधिकार है। मौलिक एकदम मौलिक अधिकार। इसका जिक्र संविधान में भले न हो लेकिन हर कोई स्वप्न देख सकता है। स्वप्न देखे ही नहीं जाते बल्कि दिखाए भी जाते है। इन दोनों ही क्रियाओं पर न कोई टैक्स लगता है और न कोईपाबन्दी। कोई तुगलक, कोई हिटलर, कोई मुसोलनी स्वप्न देखने पर पाबन्दी लगा भी दे तो भी आप स्वप्न देख सकते हैं, ये बात और है कि तानाशाहों के राज में आप न अपने स्वप्न का जिक्र कर सकते हैं और न उसमें रंग भर सकते हैं। वाहन सपने देखने का अधिकार केवल तानाशाह को होता है, स्वप्न देखने के लिए नींद आना जरूरी नहीं है। आप चाहें तो खुली आँखों से भी स्वप्न देख सकते हैं। सपनों कोई कोई जात-बिरादरी या सम्प्रदाय नहीं होता। सपने देखने वाले की जरूरत के हिसाब से ही आएं -जाएँ ये जरूरी नही। कभी-कभी आप ऐसे सपने भी देख सकते हैं जिनसे आपका दूर-दूर का भी कोई नाता-रिश्ता न हो। सपने किस पदार्थ से बने होते हैं ये मै नहीं जानता। लेकिन ये सपने टूटते भी हैं, इसलिए लगता है कि सपने भी या तो कांच के होते हैं या मिटटी के। सपने किसी धातु से बने होते तो आसानी से टूटते नही। सपनों को लेकर तमाम धारणाएं हैं। अडानी-अम्बानी के सपने दूसरी तरह के होते होंगे। कल जो बीत गया आज वो सपना हो गया है आज जो बीत जायेगा कल सपना हो जायेगा। इसी तरह ये सारे जीवन की कार्यवाही सपना हो जाती है। हमारी तमाम चिंताएं, आकांक्षाएं एक सपना ही तो हैं। सपना आता है और पलक झपकते चला भी जाता है। सपनों के बारे में हमारे आराध्य भगवान शिव का वक्तव्य आधिकारिक माना जा सकता है। भगवान शिव जी कहते हैं कि - उमा कहहुँ मैं अनुभव अपना। सत हरि भजन जगत सब सपना।। सपने में कोई भी आ-जा सकता है। सांप, बिच्छू, शेर, चीत। बिल्ली के ख्वाब में तो छिछड़े आते हैं। हम सनातनी लोग सपनों को बेहद गंभीरता से लेते है। हमारे ज्योतिषियों ने तो सपनों को लेकर उपचार भी तलाश रखे हैं। मसलन यदि आपके सपने में सांप नजर आएं तो सांपों की उपस्थिति प्रलोभन, शक्ति और कामुकता सहित जीवन के विभिन्न पहलुओं का प्रतीक हो सकती है। सपने के संदर्भ के आधार पर, साँप सकारात्मक और नकारात्मक दोनों शक्तियों का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। पंडित जी आपको फौरन कालसर्प योग पूजा करने के लिए कह सकते हैं। सपने में शेर दिखाई दे तो हम देवी कि नाम पर भंडारा कर देते हैं। दुर्भाग्य ये है कि सपने में सत्ता-सुंदरी आने पर ज्योतिषियों ने कोई उपाय नहीं बताया, जैसे मेरे सपने में यूट्यूब का डायमंड बटन आता है, अब इसे हासिल करने के लिए मुझे कौन सी पूजा करना चाहिए ज्योतिषी नहीं बताता। क्योंकि डायमंड बटन किसी पूजा से नहीं बल्कि सब्सक्राइबर्स की संख्या के आधार पर मिलता है। आपके चैनल के कम से कम एक करोड़ ग्राहक हों तब कहीं जाकर आप डायमंड प्ले बटन का सपना देख सकते हैं। अब होता ये है कि-न नौ मन तेल होता है और न राधा नाचती है। बहरहाल संतोष की बात ये है कि हमारा देश दुनिया कि तमाम इंडेक्सों में भले ही नीचे से भी नीचे रहता हो किन्तु यूट्यूब कि डायमंड प्ले बटन कि मामले में दुनिया में दुसरे पायदान पर है। डायमंड बटन वाले सबसे ज्यादा चैनल अमेरिका में है. यहां पर लोग यूट्यूब पर काफी ज्यादा कंटेट क्रिएट करते हैं।

युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएँ

स्वयं सहायता समूह और ग्राम सभाओं में युवा महिलाएँ शासन में महिलाओं की भूमिका पर पारंपरिक विचारों को चुनौती दे रही हैं। केरल कुदुम्बश्री मिशन महिला-नेतृत्व वाले शासन को बढ़ावा देता है, जिसने राज्यों में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित किया है। भारतीय महिलाएँ ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएँ न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएँ मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं।

प्रियंका सौरभ
लेखक

पिछले एक दशक में युवा भारतीय महिलाओं की आकांक्षाओं में एक परिवर्तनकारी बदलाव देखा गया है, जो उनकी बढ़ती स्वायत्तता, शिक्षा और कार्यबल में भागीदारी को दर्शाती है। यह विकास भारत के सामाजिक परिदृश्य को महत्त्वपूर्ण रूप से पुनर्परिभाषित कर रहा है। उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कियों की अब लड़कों के बराबर शैक्षिक उपलब्धि है, जिसमें 50 फीसदी से अधिक युवा महिलाएँ कक्षा 12 पूरी कर रही हैं और 26 फीसदी कॉलेज की डिग्री प्राप्त कर रही हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (2017-18) उच्च शिक्षा में महिलाओं के बढ़ते नामांकन पर प्रकाश डालता है, जिसमें महिला सकल नामांकन अनुपात 27.3 फीसदी तक पहुँच गया है। युवा महिलाएँ विभिन्न कैरियर पथों और डिजिटल कौशल प्लेटफॉर्म तक पहुँच से प्रभावित होकर पेशेवर महत्त्वाकांक्षाओं को तेजी से प्राथमिकता दे रही हैं। स्किल इंडिया मिशन और स्टेम फॉर गर्ल्स इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने तकनीकी क्षेत्रों में युवा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है। विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएँ अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52 फीसदी महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42 फीसदी थी। कई युवा महिलाएँ आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है। उदाहरण के लिए: नीति आयोग द्वारा महिला उद्यमिता मंच ने 10, 000 से अधिक महिला उद्यमियों के नेटवर्क को बढ़ावा दिया है। युवा महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय शासन में बढ़ती भागीदारी के साथ राजनीतिक रूप से अधिक सक्रिय हैं। ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वयं सहायता समूह सदस्यता 2012 में 10 फीसदी से बढ़कर 2022 में 18 फीसदी हो गई। ये आकांक्षाएँ पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और मानदंडों को चुनौती दे रही हैं। जैसे-जैसे अधिक महिलाएँ करियर बना रही हैं, घरों में पारंपरिक लैंगिक अपेक्षाएँ बदल रही हैं। मनरेगा पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन प्रदान करता है, जो ग्रामीण घरेलू गतिशीलता को प्रभावित करता है। अधिक शिक्षा और आय के साथ, युवा महिलाओं का अब परिवार के वित्तीय और सामाजिक निर्णयों में अधिक प्रभाव है। स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को सामूहिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाया है। बाद में विवाह करने और साथी चुनने में सक्रिय भागीदारी की ओर बदलाव ने अरेंज मैरिज की पारंपरिक संरचना को चुनौती दी है। बाल विवाह में कमी और बाद में विवाह करने को प्राथमिकता देने की रिपोर्ट करता है। बढ़ती स्वतंत्रता ने सामाजिक प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए शिक्षा या काम के लिए महिलाओं की अकेले यात्रा को सामान्य बना दिया है। 2012 में 42 फीसदी की तुलना में अब 54 फीसदी महिलाएँ बस या ट्रेन से अकेले यात्रा करने में सहज महसूस करती हैं। युवा महिलाएँ पेशेवर सेटिंग्स में लैंगिक समानता के बारे में तेजी से मुखर हो रही हैं, कानूनी और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा दे रही हैं। पोष अधिनियम (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम), 2013 ने महिलाओं को कार्यस्थल के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने के लिए सशक्त बनाया है। स्वयं सहायता समूह और ग्राम सभाओं में युवा महिलाएँ शासन में महिलाओं की भूमिका पर पारंपरिक विचारों को चुनौती दे रही हैं। केरल कुदुम्बश्री मिशन महिला-नेतृत्व वाले शासन को बढ़ावा देता है, जिसने राज्यों में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित किया है। भारतीय महिलाएँ ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएँ न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएँ मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बडे.उदाहरण स्थापित किए हैं। 2030 तक पृथ्वी को मानवता के लिए स्वर्ग समान जगह बनाने के लिए भारत सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ चला है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण करना सतत विकास लक्ष्यों में एक प्रमुखता है। वर्तमान में प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, समावेशी आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति हैं। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से महिलाएँ न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था की मजबुती में को भी योगदान दे रही है। सरकार के निरन्तर लगातार आर्थिक सहयोग से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में उनकी भागीदारी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। पिछले 6-7 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों का अभियान और तेज हुआ है। आज देश भर में 70 लाख स्वयं सहायता समूह हैं। महिलाओं के पराक्रम को समझने की जरूरत है, जो हमें महिमा की अधिक ऊंचाइयों तक पहुँचाएगी। आइए हम उन्हें आगे बढ़ने और फलने-फूलने में मदद करें। महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण के लिए ह्यअमृत कालह्ल इन्हें समर्पित हो। युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएँ भारत के सामाजिक ताने-बाने को उत्तरोत्तर रूप से परिभाषित कर रही हैं, एक ऐसे समाज को बढ़ावा दे रही हैं जहाँ लैंगिक समानता और महिलाओं की एजेंसी आदर्श बन गई है। सहायक नीतियों को सुनिश्चित करने से इस बदलाव में तेजी आ सकती है, जिससे समावेशी

रोजगार और निवेश से सम्पन्न, समृद्ध, स्वावलंबी बनता मध्यप्रदेश तीन लाख करोड़ का निवेश

यहां सरकार प्रदेश में धार्मिक टूरिज्म की संभावनाओं के अलावा, माइनिंग, आईटी, एनर्जी, फार्मास्युटिकल, ऑटोमोबाइल जैसे तमाम सेक्टरों पर प्रेजेंटेशन देगी और उद्योगपतियों से निवेश को लेकर चर्चा की जाएगी। उनका कहना है कि विपक्ष सकारात्मक भूमिका निभाए और अपने इन्वेस्टर्स को लेकर आए। आगामी 7 दिसंबर को नर्मदापुरम में संभाग स्तरीय इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होगी। इस कॉन्क्लेव में सभी सेक्टर्स के उद्योगपतियों को आमंत्रित किया गया है। जिससे आईटी, हेल्थ, एजुकेशन, टूरिज्म, भारी उद्योग, एमएसएमई, लघु कुटीर उद्योग से जुड़े लोग शामिल होंगे। सभी के प्रयासों और उद्योग धंधों के माध्यम से राज्य के लोगों के लिए अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने की कोशिशें की जा रही हैं।

निर्मला वर्मा
लेखक

मध्यप्रदेश को सम्पन्न, समृद्ध, स्वावलंबी और सक्षम राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जोर शोर से जुटे हुए हैं। इसके लिए उन्होंने वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय भी ले लिया है। विगत आठ माह से वे मध्यप्रदेश में निरंतर औद्योगिक निवेश को बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। प्रदेश में उद्योगों की स्थापना के लिए वे ग्लोबल समिट और रीजनल कान्क्लेव भी करा चुके हैं। तीसरा ग्लोबल समिट मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 7 एवं 8 फरवरी को होना है। इसके पूर्व निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री 24 नवम्बर को एक सप्ताह के लिए यूरोप जा रहे हैं। वे इंग्लैंड एवं जर्मनी में विदेशी निवेशकों के साथ-साथ भारतीय निवेशकों को भी मध्यप्रदेश में निवेश करने के लिए प्रेरित करेंगे। प्रदेश में पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफॉर्मेशन टेक्नालॉजी के साथ ही लघु एवं मध्यम कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने की कोशिशें की जा रही हैं। इसके लिए मध्यप्रदेश में पिछले आठ महीनों में उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और रीवा से लेकर कोयंबटूर, बैंगलुरू, कोलकाता और मुंबई तक निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश के बड़े जिलों से लेकर सागर और रीवा जैसे छोटे-छोटे जिलों में रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें छोटे-बड़े अनेक उद्योगपतियों को आमंत्रित किया जाता है। सिंगल विंडो सिस्टम, कस्टमाइज पैकेज, निवेश प्रोत्साहन जैसी सुविधाओं से उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश की ओर आकर्षित करने के प्रयास किए जा रहे हैं तो नए निवेशकों को भी प्रदेश में निवेश करने के लिए सरल और सुगम उद्योग मित्र नीतियां बनायी गयी है। सरकार प्रदेश के हर एक जिले में इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित कर चुकी है। हर जिले के कलेक्टर को उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि प्रदेश में निरंतर नया निवेश आ रहा है, इसलिए मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ेगा। प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का क्रम जारी है। दिसम्बर में नर्मदापुरम और शहडोल में भी संभाग स्तरीय कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। फरवरी माह में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट आयोजित होगी। जिसमें इंग्लैंड और जर्मनी के निवेशकों को आमंत्रित किया जाएगा। ग्लोबल समिट के पूर्व हर संभाग में रीजनल कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इन कॉन्क्लेव के फलस्वरूप प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है। कम्पनियां बड़े पैमाने पर रोजगार देने को तैयार हैं। आई टी पार्क, एमएसएमई, हेवी इन्डस्ट्री एवं एनर्जी सहित अन्य सेक्टर्स में लगभग तीन लाख करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट आ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव का कहना है कि हमारा उद्देश्य रोजगार परक उद्योगों की स्थापना करना है जिससे लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिल सके। इस सिलसिले में इंग्लैंड और जर्मनी की उनकी यात्रा के महत्वपूर्ण रहने की संभावना है, जिसमें विदेशी उद्योगपतियों और मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को प्रदेश में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने इस अभियान में विपक्ष को भी आमंत्रित किया है। उनका कहना है कि विपक्ष सकारात्मक भूमिका निभाए और अपने इन्वेस्टर्स को लेकर आए। आगामी 7 दिसंबर को नर्मदापुरम में संभाग स्तरीय इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होगी। इस कॉन्क्लेव में सभी सेक्टर्स के उद्योगपतियों को आमंत्रित किया गया है। जिससे आईटी, हेल्थ, एजुकेशन, टूरिज्म, भारी उद्योग, एमएसएमई, लघु कुटीर उद्योग से जुड़े लोग शामिल होंगे। सभी के प्रयासों और उद्योग धंधों के माध्यम से राज्य के लोगों के लिए अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने की कोशिशें की जा रही हैं। राज्य सरकार के इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। रोजगार के बेहतर अवसर किसी भी प्रदेश की खुशहाली तभी संभव है जब वहां रहने वाली जनता सुखी, समृद्ध और प्रसन्न हो। यह तभी संभव है जब प्रदेश में बेहतर आर्थिक वातावरण बने, लोगों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलें, युवाओं को अपनी बौद्धिक क्षमता के अनुरूप स्थानीय स्तर पर काम मिलें, उन्हें रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। इस दिशा में सरकार के ये प्रयास निस्संदेह दिखाई तो दे ही रहे है। निवेशकों के लिये सरल नीतियां मध्यप्रदेश सरकार ने उद्योग क्षेत्र के लिये वर्ष 2024-25 में 4 हजार 190 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है। औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन देने के लिये प्रदेश में सिंगल विंडो सिस्टम, निवेश प्रोत्साहन और कस्टमाइज पैकेज जैसी सुविधाएं प्रदान करने की घोषणाएं भी की गई है। नये निवेशकों के लिए भी सरल और सुगम निवेश प्रक्रिया सुनिश्चित करने की बात की जा रही है। मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश पिछले 8 माह में प्रदेश में उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव एवं मुंबई, कोयंबटूर, बैंगलुरू और कोलकाता में रोड-शो भी किए गये। इनमें विभिन्न सेक्टर्स में 2 लाख 76 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। कहा जा रहा है कि इससे 3 लाख 28 हजार 670 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इस प्रक्रिया की निरंतरता में 7 और 8 फरवरी 2025 को भोपाल में दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का भी आयोजन सरकार कर रही है। निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है म.प्र. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से मध्यप्रदेश न सिर्फ औद्योगिक हब बन रहा है बल्कि हर क्षेत्र में उन्नति का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है। मध्य प्रदेश में विदेशी निवेशकों को लुभाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जर्मनी और लंदन जाने वाले हैं। अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री विदेशी उद्योगपतियों से मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं को लेकर चर्चा करेंगे तथा उन्हें फरवरी में होने वाली इंवेस्टर्स समिट में आमंत्रित करेंगे। यहां मुख्यमंत्री फ्रेंड्स ऑफ एमपी के प्रतिनिधियों से भी मिलेंगे।

बुनियादी सुविधाओं से जोड़ना होगा स्लम बस्तियों को

सीताराम गुर्जर

अपनी ऐतिहासिक इमारतों, विविध संस्कृति और पर्यटक आकर्षणों के लिए राजस्थान की राजधानी जयपुर दुनिया भर में मशहूर है. लेकिन इसका एक और पक्ष भी है जिसे काफी हद तक नजरअंदाज कर दिया जाता है. यह पहलू है शहर की स्लम बस्तियां, जहां हजारों लोग जीवन की बुनियादी सुविधाओं के बिना जीवन गुजारते हैं. यह इलाका किसी दूसरी दुनिया की तस्वीर प्रस्तुत करता है. संकरी गलियां, कूड़े के ढेर, टूटी सड़क, सड़क पर बहता घर और नाली का पानी और पीने के साफ पानी की कमी इन इलाकों की आम बात होती है. यहां के लोग न केवल गरीबी बल्कि जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं से भी वंचित होते हैं. इनकी मुख्य समस्या यह है कि इन बस्तियों में साफ-सफाई का पूरी तरह से अभाव होता है. उचित अपशिष्ट प्रबंधन की कमी के कारण यहां बीमारियां आम हैं, खासकर यहां के बच्चे, किशोरियां और बुजुर्गों इससे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। जयपुर में ऐसी ही एक स्लम बस्ती रावण मंडी है. राज्य सचिवालय से करीब 12 किमी दूर स्थित इस बस्ती में 40 से 50 झुग्गियां आबाद है. जिसमें लगभग 300 लोग रहते हैं. इस स्लम बस्ती में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों की बहुलता है. जिसमें जोगी, कालबेलिया और मिरासी समुदाय प्रमुख रूप से शामिल है. प्रति वर्ष विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन के लिए यहां 3 फीट से लेकर 30 फीट तक के रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले तैयार किए जाते हैं. जिसे खरीदने के लिए जयपुर के बाहर से भी लोग आते हैं. इसी कारण इस बस्ती को रावण मंडी के रूप में पहचान मिली है. विजयदशमी में पुतले तैयार करने के अलावा साल के अन्य दिनों में यहां के निवासी आजीविका के लिए रद्दी बेचने, बांस से बनाये गए सामान अथवा दिहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं. शहर में आबाद होने के बावजूद इस बस्ती में मूलभूत सुविधाओं का अभाव देखने को मिलता है. इनमें स्वास्थ्य और शिक्षा भी एक बड़ा मुद्दा है. यहां महिलाओं और बच्चों में स्वास्थ्य और पोषण की कमी बहुत अधिक देखने को मिलती है. आर्थिक कमी के कारण उन्हें पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता है. जिसके कारण यहां की अधिकतर महिलाएं विशेषकर गर्भवती महिलाएं और नवजात बच्चे कुपोषण का शिकार नजर आते हैं तो वहीं अन्य लोग विभिन्न प्रकार की बीमारियों का शिकार हैं। किसी प्रकार का पहचान पत्र नहीं होने के कारण बीमारी के दौरान इन्हें पूरी तरह से स्वास्थ्य सुविधाएं भी नहीं मिल पाती है. इस संबंध में बस्ती की 38 वर्षीय शांति देवी बताती हैं कि उनका परिवार कालबेलिया समुदाय से हैं. जिसे घुमंतू और खानाबदोश जनजाति के रूप चिन्हित किया जाता है. घुमंतू होने के कारण उनका कोई स्थाई ठिकाना नहीं होता था. ऐसे में उन लोगों का कभी कोई प्रमाण पत्र नहीं बन सका है. हालांकि अब वह लोग पिछले 8 वर्षों से रावण मंडी में रह रहे हैं. इसके बावजूद अब तक उनका या उनके परिवार में किसी का स्थाई निवास प्रमाण पत्र नहीं बन सका है. इसके कारण सरकारी अस्पताल में उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल पाती है. जब वह अस्पताल जाती हैं तो उन्हें यह कह कर लौटा दिया जाता है कि उनका कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है. ऐसे में उन्हें निजी अस्पताल में जाने को कहा जाता है. जहां इलाज काफी महंगा होता है. ऐसे में अक्सर वह लोग बस्ती में आने वाले डॉक्टर से देसी इलाज कराते हैं. हालांकि उन्हें नहीं पता कि उसके पास डॉक्टर की मान्यता प्राप्त डिग्री है भी या नहीं? वहीं 42 वर्षीय राजा राम जोगी कहते हैं कि इस बस्ती में पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं है. पास में एक सरकारी नल से पानी भरते हैं लेकिन अक्सर उन्हें वहां से पानी नहीं मिल पाता है. ऐसे में बस्ती के कुछ परिवार आपस में चंदा इकठ्ठा करके प्रति सप्ताह पानी का टैंकर मंगवाते हैं ताकि परिवार को पीने का साफ पानी मिल सके. लेकिन पानी खत्म होने पर वह लोग गंदा पानी पीने को मजबूर होते हैं. स्वच्छ पेयजल की कमी का सीधा नकारात्मक प्रभाव इन लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ता है. अधिकांश लोग गंदे और दूषित पानी पर निर्भर हैं, जिसके कारण इस बस्ती में पानी से होने वाली बीमारियां आम हैं। मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के करीब आबाद इस स्लम बस्ती में स्कूलों की कमी और गरीबी के कारण बच्चे बाल मजदूरी पर विवश हैं. 26 वर्षीय नूतन कहती है कि हमारी बस्ती में एक भी आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है जहां हमारे बच्चों को शिक्षा के साथ साथ पौष्टिक भोजन भी मिल सके. सबसे नजदीक आंगनबाड़ी मुख्य सड़क से दूसरी ओर है जहां जाने के लिए बच्चों को तेज रफ़्तार आती जाती गाड़ियों से होकर गुजरना होगा जो किसी प्रकार संभव नहीं है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक

जिले में 50 विद्यालयों को मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित करने हेतु होगा प्रयास: डीएम

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर ने आज समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रखण्डों में दो-दो विद्यालयों सहित कुल 50 उच्च विद्यालयों को चरणबद्ध तरीके से मोडल विद्यालय के रूप में विकसित करने हेतु प्रयास किया जायेगा। इसके लिये सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को विद्यालय चिन्हित करने को कहा गया। ज्ञात हो कि जिला के 27 विद्यालयों को पीएम श्री योजना के तहत विकसित करने हेतु भी प्रस्ताव भेजा गया है।

ई-शिक्षा कोष पर शिक्षकों की उपस्थिति लगभग 95 प्रतिशत दर्ज की जा रही है। कुछ प्राप्त शिकायतों से ज्ञात हुआ है कि कुछ विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक के लॉगिन से कई दिन दर्ज की जा रही है। जबकि शिक्षकों की उपस्थिति उनके स्वयं के लॉगिन से दर्ज की जानी है। विशेष परिस्थिति में ही प्रधानाध्यापक के लॉगिन से हाजिरी बनानी है।जिलाधिकारी ने ऐसे विद्यालयों की सूची तैयार करने का निदेश दिया जहाँ कई बार प्रधानाध्यापक के लॉगिन से शिक्षकों की हाजिरी बनाई जा रही है। ऐसे प्रधानाध्यापकों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी जो अपने लॉगिन का दुरुपयोग कर रहे हैं।

बैठक में बताया गया कि जिला में 64 भूमिहीन प्राथमिक विद्यालय हैं, जिनके भवन के निर्माण हेतु भूमि की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त असंबद्ध किये गए 17 अन्य विद्यालयों के लिये भी भूमि की आवश्यकता है। इस प्रकार कुल 81 विद्यालयों के भवन निर्माण हेतु भूमि की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अंचलाधिकारियों के माध्यम से इन विद्यालयों के लिये प्राथमिकता देते हुये भूमि चिन्हित कराई जायेगी।

सभी विद्यालयों की भूमि का दाखिल खारिज सुनिश्चित कराने हेतु एक महीने के अंदर संबंधित अंचलाधिकारी के यहाँ आवेदन कराने का निदेश दिया गया।

सभी टोला सेवकों /तालिमी मरकज को प्रत्येक दिन अपने क्षेत्र में कम से कम 25 घरों का भ्रमण कर परिवार में नामांकन योग्य बच्चे तथा वास्तविक में नामांकित बच्चे की सूची वार्डवार तैयार करने का निदेश दिया।

सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में प्रत्येक माह बच्चियों के ड्रीम शेपिंग हेतु समाज में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं के माध्यम से उत्साहवर्धन हेतु कार्यशाला का आयोजन सुनिश्चित कराने को कहा गया।

विद्यालय के छात्र कोष में उपलब्ध राशि से विद्यालयों को सुसज्जित करने हेतु कार्रवाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी डीपीओ एवं सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्पेशल ट्रेन की एक बोगी के बेपटरी होने से बड़ा हादसा टला

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। आनंद विहार से दरभंगा जा रही स्पेशल ट्रेन 04068 की एक बोगी बेपटरी होनें से बीती रात हरिनगर स्टेशन के पास एक बड़ा हादसा होते-होते बचा ।

घटना के बाद मौके पर भगदड़ मच गई क्योंकि करीब आधी रात को ट्रेन की बोगी और इंजन डिरेल हो गए । बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने वैक्यूम ब्रेक लगाया था, जिसके कारण यह घटना हुई । हालांकि रेलवे की तत्परता और समय पर कार्रवाई से किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं पहुंची है ।आनन फानन में फिलहाल डिरेल हुई बोगी और इंजन को ट्रेन से अलग कर प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर खड़ा कर दिया गया । एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन (एआरटी) की मदद से रेलगाड़ी को ठीक कर दरभंगा के लिए रवाना कर दिया गया है । पूर्व मध्य रेल की ओर से यात्रियों को सुरक्षित निकालने और ट्रेन को गंतव्य स्थान तक भेजने के लिए तुरंत कदम उठाए गए हैं । हालांकि इस रेल दुर्घटना के बाद सिस्टम पर सवाल खड़े हो रहें हैं लिहाजा पूर्व मध्य रेल्वे के समस्तीपुर रेल मंडल में हड़कंप मचा है । बतादें की रेलवे ट्रैक को मरम्मत कर फिलहाल यातायात समेत ट्रेनों का परिचालन सामान्य कर दिया गया है । हालांकि,इस घटना के कारण दो ट्रेनें प्रभावित जरूर हुई हैं जिसमें गोरखपुर कैंट नरकटियागंज पैसेंजर (05498) पांच घंटे विलंब से चल रही है तो वहीं नरकटियागंज गोरखपुर (05450) लगभग 10 घंटे की देरी से चल रही है,अन्य ट्रेनें रात के समय संचालित नहीं की गई थीं,जिससे यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। क्योंकि भैरोगंज हरिनगर रेल्वे स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया ।

संक्षिप्त खबरें

हॅकारपुर में 24 घण्टे का अखण्ड अष्टयाम शुरू

प्रातः किरण, संवाददाता

इसुआपुर । प्रखंड के हंकारपुर गांव के ब्रह्मस्थान के प्रांगण में बृहस्पतिवार को 24 घंटे के अखंड अष्टयाम की शुरूआत हुई । विद्वान पंडित वीरेंद्र तिवारी तथा अजीत तिवारी के मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्तिमय हो गया। यजमान के रूप में भावनाथ राय तथा उनकी धर्मपत्नी पत्नी उर्मिला देवी ने यज्ञ का संकल्प लिया। इसके पूर्व सैकड़ों महिलाओं, कन्याओं तथा पुरुष श्रद्धालुओं ने हाथ में कलश लेकर हाथी घोड़े गाजे बाजे के साथ जुलूस के रूप में हंकारपुर ब्रह्मस्थान से पैदल चलते हुए सढ़वारा शिव मंदिर स्थित तालाब पहुंचे। जहां से पवित्र जलभरी कर पुनः यज्ञस्थल पहुंचे। जहां पवित्र जल से यज्ञ की शुरूआत हुई। जुलूस का नेतृत्व पैक्स अध्यक्ष राजेश राय, हरेंद्र राय, बीडीसी अशोक राय, उपेंद्र कुमार यादव, संतोष कुमार यादव उर्फ भोलाजी, माधव राय, सुनील राय,अनिल राय,विनोद राय, वीरेंद्र राय, संतोष राय, रूपेश कुमार यादव, सीता राय, बेयासी राय, राजबली राय, चंद्रिका राय, ललन राय, जितेंद्र राय आदि ने किया।

चौदह हजार मतदाता करेंगे पैक्स उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला

प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर । प्रखंड में दूसरे चरण का पैक्स चुनाव 27 नवंबर को होना है। जिसके लिए 14025 मतदाता 25 पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशियों तथा कार्यकारिणी के सदस्यों के भाग्य का फैसला करेंगे। सीओ सह प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी करुण करण ने बताया कि पैक्स चुनाव में नामांकित 11 लोगों ने नाम वापस ले लिया। वहीं तीन लोगों के कागजात में गड़बड़ी के कारण नामांकन अस्वीकृत कर दिया गया। वहीं बुधवार को मतदान के लिए प्रतीक चिन्ह प्रत्याशियों के बीच वितरित कर दिया गया। चुनाव के लिए प्रखंड में कुल 25 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

ऑटो रिक्शा के धक्के से वृद्ध की मौत

प्रात : किरण, संवाददाता

बनियापुर (सारण) थाना क्षेत्र के एनएच 331 पुछरी नहर पर मंगलवार की देर रात टेंपो के धक्के से वृद्ध की घटना स्थल पर मौत हो गई। जानकारी पर मौके पर पुलिस पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। प्रप्त जानकारी के मुताबिक स्थानीय निवासी 55 वर्षीय अलगू राम अपने घर के सामने सड़क पर टहल रहे थे कि विपरीत दिशा से आ रही टेंपो ने जोरदार धक्का मार दी। जिससे घटना स्थल पर ही वृद्ध की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया।

शादी की नीयत से अपहरण हुई युवती को पुलिस ने बरामद किया

प्रात : किरण, संवाददाता

एकमा । स्थानीय थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के शोभन छपरा गांव से एक सप्ताह पूर्व शादी के नियत से अपहरण हुई युवती को बरामद किया । इस संबंध में युवती के पिता ने अपने ही गांव के उदय राम के पुत्र जीतू राम को नामजद अभियुक्त बनाया था जहां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार को जेल भेज दिया। वहीं बृहस्पतिवार के दिन युवती को एकमा स्टेशन से गिरफ्तार कर 164 का बयान हेतु न्यायालय भेज दिया गया।

कचहरी स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का है अभाव

■ यूरिनल बनकर है तैयार, पर लगा रहता है बराबर ताला

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा । कचहरी स्टेशन पर महिला शौचालय यूरिनल चालू नहीं होने से आने जाने वाली यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ' बता दें कि छपरा कचहरी स्टेशन पर तीन प्लेटफार्म है, लेकिन एक भी यूनियन नहीं है जिससे खासकर महिला यात्रियों के लिए परेशानी का सबक बन गया है ' इस प्लेटफार्म पर यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है, लगभग 6 माह पहले प्लेटफार्म संख्या एक पर यूरिनल बना था जिसे तोड़ दिया गया था ' जबकि रेलवे द्वारा उस पर पुनः यूरिनल बना दिया गया ' लेकिन उसमें ताला लगा हुआ रहता है, ऐसी स्थिति में महिला यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ' इस मामले आईओ डब्लू से पूछा जा रहा है तो बार-बार टालमटोल कर रहे हैं '

अगर बात की जाए यात्री सुविधाओं की तो इसका भी अभाव है ' सबसे ज्यादा यहां पर परेशानी महिलाओं को यूरिनल नही होने से हो रही है ' क्योंकि तीनों प्लेटफार्म पर एक भी यूरिनल नहीं है जिसके कारण दिन के उजाले में महिलाओं को काफी परेशानी होती है '

इस बाबत आईओ डब्ल्यू से पूछा जा रहा है तो कोई टालमटोल की नीति अपनाते हैं '

इस संबंध में कई महिला रेल यात्रियों का कहना है कि प्लेटफार्म पर यूरिनल नहीं होने से खासकर महिला यात्रियों को बहुत परेशानियां हो रही है। प्लेटफार्म और अन्य जगहों पर गंदगी का आलम है। दो ट्रैक के बीच में नाला टूटा हुआ है, कई बार रेल यात्री इससे चोटिल हो चुके हैं ' लेकिन रेल प्रशासन का इस पर कोई ध्यान नहीं है,सबसे मूलभूत सुविधा महिला शौचालय की है,और इस पर रेल मंत्रालय द्वारा भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ' कचहरी स्टेशन पर तीन प्लेटफार्म है,लेकिन एक भी महिला शौचालय नहीं है, और जो बना है वह भी बंद पड़ा है ' वहीं वेटिंग हॉल की बात की जाए तो उसमें भी सुविधा नदारत है। विभागीय उपेक्षा का शिकार छपरा कचहरी स्टेशन बुनियादी सुविधाओं का मोहताज है '

गन्ना चलान और घटतौली कुव्यवस्था को लेकर नाराज किसानों का विरोध प्रदर्शन

प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा।बिहार की दर्जनभर चीनी मिलों में शुमार बगहा तिरुपति चीनी मिल्स में घटतौली और गन्ना चालान समेत कुव्यवस्थाओं कों लेकर नाराज किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया है।

दरअसल तिरुपति चीनी मिल्स के खिलाफ एकजुट गन्ना किसानों ने नरवल बरवल पंचायत भवन प्रांगण में हुंकार भरी है क्योंकि तिरुपति चीनी मिल्स बगहा पर किसानों के शोषण समेत मनमानी करने के कई गंभीर आरोप लगे हैं। लिहाजा ईंख काशतकार संघ के बिहार प्रदेश सचिव छोटे श्रीवास्तव के नेतृत्व में गन्ना किसान संघ नें अब मोर्चा खोल दिया है। बताया जा रहा है की मौसम की दोहरी मार झेल रहें गन्ना किसान पहले से परेशान हैं इसी बीच गन्ना पेराई शुरू होने पर चीनी मिल द्वारा किसानों के साथ भेदभाव किया जा रहा है और सीमावर्ती उतर प्रदेश से गन्ना लिया जा रहा है। इतना हीं नहीं जिस प्रभेद के गन्ना की बुआई का चीनी मिल प्रबंधन नें पूर्व में किसानों कों सलाह दिया था अब खेती किसानी और फसल पैदावार के बाद उसी प्रभेद की आपूर्ति पर रोक लगाई जा रही है। इसके अलावा गन्ना किसानों के साथ कैलेंडर के मुताबिक न तो चालान निर्गत किये जा रहें हैं और ना हीं वाजिब माप तौल की जा रही है, लिहाजा इसकी शिकायत के बाद आईएएस गौरव कुमार ने भी संज्ञान लेते हुए विगत दिनों आपातकालीन बैठक बुलाई और केन ऑफिसर राम सिंह कों अविलम्ब इन मामलों की जाँच कर कार्रवाई के निर्देश दिये बावजूद इसके तिरुपति चीनी मिल प्रबंधन के उदासीन रवैया से अन्नदाता हल्कान और परेशान हो रहें हैं क्योंकि इलाके में आई बाढ़ और अत्यधिक बरसात के कारण पहले हीं फसल की पैदावार प्रभावित हुई है और अब किसानों कों मनी की चिंता सता रही है। ऐसे में नगदी फसल की चीनी मिल में आपूर्ति और मापतौल में घटतौली के अलावा 9301 प्रभेद के गन्ना कों प्रतिबंधित किये जाने कों लेकर किसान मारे मारे फिर रहें हैं लिहाजा पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक बैठकों और विरोध प्रदर्शन का दौर जारी है ।

शहरी स्वास्थ्य केंद्र जमादार टोला बेतिया में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा मेला का हुआ आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(कुमार अभिजितम) ।स्वास्थ्य विभाग और अन्य सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से पुरुष नसबंदी पखवाड़ा पर जागरूकता बढाने एवं परिवार नियोजन के महत्व पर जोर देकर प्रगति बढ़ाने हेतु मेला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन पार्षद इंद्रजीत यादव ने किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शहाबुद्दीन ने बताया की आज 21 नवम्बर को ह्यह्नपुरुष नसबन्दीह्व पखवाड़ा मेला का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत पूरे शहर मे जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न कर, परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा योग्य दम्पतियों को इच्छित सेवा प्रदान करने का लक्ष्य बनाया गया है। ताकि समुदाय स्तर पर आमजन को उत्प्रेरित करने में आशा, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी, विकास मित्र आदि की भागीदारी सुनिश्चित किया गया। जनसंख्या स्थिरीकरण की आवश्यकता, सही उम्र मे शादी, पहले बच्चे में देरी, बच्चों के बीच सही अंतर तथा छोटा परिवार के लाभ के बारे में आमजन के मध्य चर्चा कर, माँ और शिशु स्वास्थ्य को बेहतर करने तथा गर्भनिरोधक उपायो को अपनाने हेतु परामर्श दिया जाय। पखवाड़ा के दौरान परिवार नियोजन सेवाओं के तहत प्रदान की जाने वाली सेवा यथा- कॉपर-टी, गर्भनिरोधक सूई, बंध्याकरण एंव नसबंदी की सेवा प्रदान करने पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जाना है। पीएसआई अमित प्रताप कोसयारी सतीश कुमार के द्वारा आमजन में जागरूकता के उद्देश्य से ई-रिक्शा (सारथी रथ) के माध्यम से रूट चार्ट के अनुसार पंचायत के हाट बजार प्रचार किया गया।

पैक्स चुनाव: अधिकारीयों ने किया सामग्री कोषांग का निरीक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। पैक्स चुनाव के लिए मतदान कर्मियों को उपलब्ध करायी जाने वाली सामग्रियों का झोला नगर निगम के सभागार में संचालित सामग्री कोषांग के द्वारा तैयार किया जा रहा है. गुरुवार को वरीय प्रभारी पदाधिकारी सह बंदोबस्त पदाधिकारी संजय कुमार ने कार्यों का निरीक्षण का निरीक्षण किया. उनके साथ उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल और कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीएसओ कमरे आलम भी उपस्थित थे. अधिकारियों ने राज्य निर्वाचन प्राधिकार के निदेश में कर्मियों को उपलब्ध करायी जाने वाली मतदान सामग्रियों का निरीक्षण किया. उन्होंने इस दौरान साधारण झोला और विशेष झोला में डाली जाने वाली सामग्रियों को जांचते हुए आयोग के चेक लिस्ट से क्रॉस चेक किया. बंदोबस्त पदाधिकारी श्री संजय ने स्पेशल थैले को बहुत ही सावधानी से तैयार करने का निदेश देते हुए कहा कि इसे बूथ के अनुसार तैयार किया जाता है. प्रत्येक बूथ का चिन्हित मतदाता सूची, प्रभेदक चिन्ह, मतदान लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची बूथ और पैक्स के अनुसार पृथक होती है. इस लिए इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि कोई सामग्री छूटे या बदले नहीं. उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री एकबाल ने साधारण थैला को भी महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सभी सामग्री चुनाव के दौरान उपयोगी होती हैं. एक भी सामान की कमी चुनाव को प्रभावित कर सकता है.

इस लिए चेक लिस्ट के अनुसार उन्हें झोला में अवश्य डालें. सामग्रियों की गुणवत्ता भी चेक कर लें. खराब या टूटे फूटे सामान को छांट दें. डीएसओ श्री आलम ने सभी प्रपत्रों और लिफाफों का मिलान करते हुए उन्हें अचूक रूप से झोला में डालने का निदेश दिया. उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन प्राधिकार के द्वारा आपूर्ति किए जाने वाली सामग्रियों को भी जांचा. इस अवसर पर कोषांग में प्रतिनियुक्त मुकुंद मोहन श्रीवास्तव उर्फ राजू, प्रभु सिंह, रितेश सिंह, नदीम अहमद, मणिकांत तिवारी आदि उपस्थित थे.

हाकी टीम ने संघर्ष और समर्पण दिखाया, देश के सभी नागरिकों के लिए गर्व का विषय : मनीष पंकज मिश्रा

गया।भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं ने भारतीय महिला हॉकी टीम की शानदार जीत पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में चीन को हराकर इतिहास रच दिया है। यह जीत भारतीय हॉकी की एक नई दिशा और संभावनाओं का प्रतीक है।इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम ने इस महत्वपूर्ण मैच में जिस प्रकार का संघर्ष और समर्पण दिखाया, वह देश के सभी नागरिकों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने टीम की पूरी सदस्याओं को मुंह मीठा कराकर बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को सराहा है। डॉ. मिश्रा ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा खेलों को प्रोत्साहित करने और खिलाड़ियों को सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा इस शानदार जीत को ऐतिहासिक बताते हुए भारतीय खेल जगत में महिला खिलाड़ियों के प्रति सम्मान और प्रोत्साहन को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। नेताओं ने भारतीय हॉकी संघ और खिलाड़ियों के कोचिंग स्टाफ की मेहनत की सराहना की, जिन्होंने इस जीत को संभव बनाने में अहम भूमिका निभाई।यह जीत न केवल भारतीय महिला हॉकी के लिए, बल्कि सम्पूर्ण देश के लिए गर्व का क्षण है। इस जीत ने भारतीय खेलों में महिलाओं के योगदान को एक नया आयाम दिया है और अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।, सभी भाजपा नेताओं ने टीम के सभी खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। बधाई और शुभकामना देने वालों में जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर भाजपा नेता राणा रणजीत सिंह सुनील बंबईया सहकारिता मंच के जिला अध्यक्ष मुन्ना लाल पाठक नमामि गंगे के सह संयोजक धनंजय पांडे मंटू कुमार बबलू गुप्ता जीत की बधाई शुभकामनाएं दी हैं।

प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर की उन्मुखिकरण कार्यशाला आयोजित

उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने दिए अहम टिप्स

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण केवल रिफ्रेश की तरह आयोजित होना चाहिए. सर्वप्रथम उनसे प्रश्न पूछ कर उनकी जानकारी का आकलन करें. उनके कंफ्यूजन को स्पष्ट करें. किसी भी तौर पर भाषण बाजी से परहेज करें. उक्त बातें उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने पैक्स चुनाव के लिए आगामी 22 और 23 नवंबर को आयोजित द्वितीय प्रशिक्षण के मद्देनजर गुरुवार को राजपूत स्कुल में आयोजित मास्टर ट्रेनर के उन्मुखिकरण में कहीं. उन्होंने कहा कि कर्मियों को प्रथम प्रशिक्षण में आप लोगों ने वृहत जानकारी दी है. केवल उन बातों में से प्रमुख और महत्तवपूर्ण बातों को दोहरा दिया जाए तो द्वितीय भी प्रशिक्षण सफल हो जाएगा. उन्होंने कहा कि लंबा भाषण देने और प्रशिक्षण को बोझल बनाने से परहेज करें. विभिन्न प्रकार की गतिविधि को शामिल कर इसे रूचिकर बनाया जाना चाहिए. केवल बुलेट पॉइंट में अपनी बात को रखें. ताकि चुनाव कर्मियों को महत्पूर्ण बातें और प्रक्रिया याद रहें.

उन्होंने माइक्रो लेवल की ट्रेनिंग का संचालन करते हुए डिस्कशन विधि को अपनाया. उन्होंने बिन्दुवार परिचर्चा के माध्यम से कार्मिकों की ट्रेनिंग को डिजाईन करने की जरूरत जतायी.

उन्होंने प्रशिक्षण में अधिक समय विभिन्न प्रकार के प्रपत्र भरने और मतपेटी के खोलना और बंद करना सिखाने में देने को कहा. श्री एकबाल ने काउंटिंग की बारीकियों को बिन्दुवार और चरणवार प्रदर्शित कर विभिन्न प्रश्नों का उत्तर दिया और मास्टर ट्रेनर की जिज्ञासाओं को शांत किया. कार्मिकों को प्रशिक्षण के दौरान दी जाने वाली हस्त पुस्तिका के साथ ही अहम कार्यों और बिंदुओं का एक या दो पन्ने का बुलेट पॉइंट देने. डूज और डांट्स के साथ इवीएम में आने वाली त्रुटियों के निराकरण की सूची मास्टर ट्रेनर को स्वंय कंठस्थ करते हुए कर्मियों को सिखाने को कहा. उन्होंने डिस्पैच और रिसीविंग की जानकारी देने को कहा. ताकि मतदान कर्मियों को परेशानी से बचाया जा सके. उन्होंने सभी प्रशिक्षकों को कार्मिक प्रशिक्षण के पूर्व मास्टर ट्रेनरों को छोटे-छोटे ग्रूप में डिस्कशन आयोजित करने की सलाह दी ताकि प्रशिक्षण की एकरूपता बरकरार रहे. प्रशिक्षण में विनय कुमार तिवारी, शुभनारायण ओझा, सुनील कुमार, मणिकांत तिवारी, अनिल कुमार शर्मा, रमेश चंद्र, प्रवीण कुमार, विनय प्रताप सिंह, अंसार आलम, सुशील कुमार आदि मौजूद थे.

प्रभारी जिलाधिकारी ने जीएमसीएच का किया औचक निरीक्षण

जीएमसीएच प्रशासन को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। प्रभारी जिलाधिकारी सुमित कुमार ने आज जीएमसीएच का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में चिकित्सकों, नर्सेज एवं अन्य कर्मियों की उपस्थिति की जांच की गयी। साथ ही ओपीडी/आईपीडी में उपस्थित मरीजों एवं उनके एटेंडेंट से जीएमसीएच द्वारा दी जा रही सुविधाओं एवं ईलाज को लेकर फीडबैक लिया गया। इसके साथ ही दवा की उपलब्धता की स्थिति, पैथोलॉजिकल सेवाओं की सुविधा सहित अन्य बिन्दुओं की विस्तृत जांच की गयी।

जांच के क्रम में यह पाया गया कि डॉक्टरों द्वारा जीएमसीएच के मरीजों को कुछ दवा बाहर से क्रय करने हेतु स्लीप दिया जा रहा है। इसको लेकर भी अधीक्षक, जीएमसीएच को पारदर्शिता बनाये रखने हेतु सिस्टम विकसित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

प्रभारी जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जीएमसीएच का संचालन स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए किया जाय। मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा के साथ ही सरकार द्वारा देय अन्य सभी सुविधाएं उन्हें ससमय मुहैया करायी जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि मरीजों के समुचित ईलाज एवं उनके देखभाल में किसी भी तरह की लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही नहीं बरती जाय। ऐसा करने वाले डॉक्टरों, नर्सेज एवं अन्य कर्मियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी जिलाधिकारी द्वारा एक मरीज बनकर बिल्कुल ही प्रारंभ से सभी व्यवस्थाओं को बारीकी से एक-एक स्टेप को देखा गया तथा कमी पाए जाने पर सुधारात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

वार्डों के निरीक्षण के क्रम में मरीज के साथ अटेंडेंट या परिजन के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता हेतु ससमय इंडेंट करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जो दवाई एक्सपायर होने वाली हो उसे पहले खपत करने का निर्देश दिया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि मरीज के परिजन कई बार जानकारी के अभाव में इधर से उधर भटकते रहते हैं और कई बार ससमय इलाज के अभाव में मरीज की स्थिति नाजुक हो जाती है। इसलिए बेहतर सुविधा से युक्त हेल्प डेस्क अधिष्ठापित कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही जगह जगह पर स्टैंडी के माध्यम से आवश्यक जानकारी यथा कौन सा वार्ड किधर है, किन डॉक्टरो की ड्यूटी है इत्यादि प्रदर्शित कराने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने निर्देश दिया कि जीएमसीएच में डॉक्टरों, नर्सेज एवं अन्य कर्मियों की रोस्टरवाइज उपस्थिति हर हाल में होनी चाहिए। अनाधिकृत रूप से कोई भी डॉक्टर, नर्सेज एवं अन्य कर्मी अनुपस्थित नहीं रहने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि जीएमसीएच के मेडिकल वेस्ट का प्रॉपर तरीके से निस्तारण करने की व्यवस्था की जाय।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच कुमार रविन्द्र अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर विनोद कुमार, अमरेंद्र कुमार, जिला भूअर्जन पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जिले के सभी 226 पंचायतों में खेल का मैदान बनेगा: डीडीसी भोजपुर

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । बिहार राज्य मनरेगा आयुक्त के द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मनरेगा भोजपुर की समीक्षा बैठक की गई इस बैठक में उप विकास आयुक्त भोजपुर,निर्देशक ग्रामीण विकास अभिकरण भोजपुर ,मनरेगा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला अभियंता, सहायक अभियंता एवं अनुपस्थित रहे ।जिले में खेल कूद को बढ़ावा देने के लिए जिले के सभी 226 पंचायतों में खेल के मैदान का निर्माण कराया जाएगा. अभी तक 153 पंचायतों में 204 खेल मैदान के लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है. शेष पंचायतों में अभी जगह का चयन बाकी है उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिले में खेल मैदान निर्माण को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जाएगी समीक्षा बैठक में जिन पंचायतों में अभी तक जगह का चयन नहीं किया गया है, वहां मनरेगा पदाधिकारी को पंचायत में भ्रमण कर जल्द से जल्द जगह को लेकर रिपोर्ट देने को कहा गया है ।जिले के हर पंचायत में खेल मैदान बनाने के पीछे का उद्देश्य यह है कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन का मौका मिलेगा. वह अपनी प्रतिभा को और निखार पाएंगे. साथ ही पंचायतों में खेल मैदान होने से यहां के लोगों को भी फायदा होगा. वे भी स्वास्थ्य को लेकर थोड़े सजग रहेंगे. मॉर्निंग वॉक करने में आसानी होगी. इसके लिए बेहतर जगह उपलब्ध हो पाएगा।

उप विकास आयुक्त ने कड़ी चेतावनी देते हुए सभी मनरेगा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द पंचायतों के अन्तर्गत सभी स्कूलों में भ्रमण कर विभाग की तरफ से मांगी गई रिपोर्ट के आधार पर जगह चिन्हित करते हुए रिपोर्ट सौंप दें. साथ ही जितनी भूमी चिन्हित हो गई है, उनका तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए आवश्यक कार्रवाई करें। निदेशक ग्रामीण विकास अभिकरण ने कहा कि मनरेगा से मैदान का विकास के साथ ही साथ खिलाड़ियों के दौड़ने के लिए ट्रैक, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, बास्केट बॉल के कोर्ट, फुटबाल के लिए गोल पोस्ट भी इसी योजना से बनाए जाएंगे। साथ ही ऊंची कूद, लंबी कूद, खो-खा, कबड्डी आदि खेल के लिए जरूरी व्यवस्था भी की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जिले के जितने भी जनप्रतिनिधि हैं उनसे भी आग्रह है कि उनके क्षेत्र में खेल मैदान के लिए जो जगह चिन्हित करना है उसमें वह सहयोग करें।

बड़हरा में भाजपा का संगठन सबसे मजबुत होगा:राघवेन्द्र प्रताप सिंह

■ बड़हरा विधानसभा संगठन महापर्व कार्यशाला संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की पार्टी है।भाजपा का संगठन सबसे मजबुत है।बड़हरा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी मजबुत स्थिति मे.है। संगठन महापर्व के दौरान बड़हरा मे पार्टी का संगठन सबसे मजबुत बनेगा।बड़हरा विधानसभा में सबसे अधिक सक्रिय सदस्य बनेंगे और सभी बूथों का पुनर्गठन 30 नवम्बर तक हो जाएगा।सभी सक्रिय कार्यकताओं और वरिष्ठ कार्यकताओं का मान-सम्मान का ख्याल रखा जाएगा।उक्त बाते बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने भाजपा जिला कार्यालय मे आयोजित बड़हरा विधानसभा संगठन महापर्व कार्यशाला के दौरान कहा।

विधानसभा कार्यशाला का संचालन जिला उपाध्यक्ष सह बड़हरा विधानसभा प्रभारी धीरेन्द्र सिंह ने किया।कार्यशाला मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने संबोधित करते हुए कहा कि जिला मे प्राथमिक सदस्यता आँनलाइन और आफलाइन संपन्न हो चुका है और 25 नवम्बर को सक्रिय सदस्यो की सूची जारी हो जाएगा। 30 नवम्बर तक सभी बूथो का गठन हो जाएगा। संगठन महापर्व मे सभी कार्यकताओं की सहभागिता है।

कार्यशाला मे पूर्व महामंत्री श्रीभगवान सिंह,सदस्यता प्रभारी संतोष सिंह चंद्रवंशी,विधानसभा संयोजक शैलेश कुमार गुड्डू, मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता सिंह,जिला प्रवक्ता धीरज सिंह,निशांत सिंह सेंगर,मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह,संटु,रणजीत गुप्ता,करोड़ पति सिंह,संजय कुशवाहा, धनंजय तिवारी,रामाकांत सिंह सहित मंडल प्रभारी,मंडल महामंत्री, मोर्चा अध्यक्ष,शक्तिकेन्द्र संगठन पर्व सहयोगी ,वरिष्ठ कार्यकर्ता थे।

प्राथमिक स्वस्थ केंद्र सादर प्रखंड में उप विकास आयुक्त भोजपुर ने किया निरक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। प्राथमिक स्वस्थ केंद्र सादर प्रखंड आरा में आज उप विकास आयुक्त भोजपुर निरक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डढऊ में ड्यूटी रोस्टर के अनुरूप 03 चिकित्सक उपस्थित एवं कार्यरत पाए गये।अस्पताल में उपस्थिति पंजी के अनुरूप चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे अस्पताल की साफ सफाई संतोषजनक पायी गयी` इसे और बेहतर करने हेतु निर्देशित किया गया` उप विकास आयुक्त ने कहा कि डढऊ में मरीजों का ईलाज एवं दवा समय से दिया जाए , साथ हीं ठउऊकाउंटर पर मरीजों के इढ, शुगर , एवं अन्य पैथोलॉजिकल सेवाएं उपलब्ध कराई जाऐ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अन्य आवश्यक जांच सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया` प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया गया एवं प्रसुताओं को दी जाने वाली सुविधा , जननी बाल सुरक्षा अभियान, नियमित टीकाकरण सहित सरकार द्वारा मुहैया करना में दिक्कत नहीं होनी चाहिए।अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की गयी , साथ हीं इसे और बेहतर एवं सुलभ बनाने हेतु निर्देशित किया गया।

साई बीएड कॉलेज बिक्रमगंज में कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) : बिक्रमगंज शहर के साईं बीएड एंड डीएलएड कॉलेज में डी.एल.एड कोर्स सत्र 2024 -26 का प्रथम वर्ष का वर्ग संचालन समारोह गुरुवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ प्रारंभ हुआ । समारोह में द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत गीत-संगीत एवं विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम द्वारा किया गया । जिस समारोह के मुख्य अतिथि डीएसपी कुमार संजय के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि विद्या अध्ययन एक तपस्या है,सीमित संसाधन के माध्यम से भी इस तपस्या को पूरी कर अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है ।

विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिलेश कुमार निदेशक डीपीएस स्कूल बिक्रमगंज द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि दार्शनिक सुकरात के जीवन एवं दर्शन से प्रेरणा लेकर प्रशिक्षणार्थियों को जीवन पथ में आगे बढ़ना चाहिए ।

महाविद्यालय के सचिव धनंजय कुमार द्वारा नए प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि महाविद्यालय के पूर्ववर्ती प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण उत्कृष्ट एवं परीक्षा परिणाम उत्तम रहा है । पूर्ववर्ती प्रशिक्षणार्थियों से प्रेरणा लेकर नए प्रशिक्षणार्थियों को भी बेहतर परीक्षा परिणाम प्राप्त करना है । इस अवसर पर विभागाध्यक्ष रूबी त्यागी,प्राध्यापक संजय यादव,रिपुंजय सिंह,अनिल कुमार,श्याम एवं दीपक सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

आरा नवादा थानान्तर्गत बड़ी घटना को अंजाम देने से पूर्व तीन अपराधी गिरफ्तार

आरा। एएसपी परिचय कुमार ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि आरा में दिनांक-20.11.2024 को अनाईठ मठिया मंदिर के पास वाहन चेकिंग के दौरान किसी बड़ी घटना को अंजाम देने से पूर्व ही 03 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिससे 01 देशी कट्टा, 04 जिंदा कारतूस, 03 मोबाईल एवं 01 मोटरसाईकिल बरामद किया गया। इस संबंध में आरा नवादा थाना कांड सं0-853/24, दि0-20.11.24 धारा-25(1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता :- अनुज कुमार, पे0-गयानाथ सिंह, सा0-हरनाइ, थाना-जगदीशपुर, जिला-भोजपुर।रजनीश कुमार, पे0-लालबाबू सिंह, सा0-हरनाई, थाना-जगदीशपुर, जिला-भोजपुर।राहुल कुमार, पे0 श्रीजगलाल सिंह, सा0-हरनाई, थाना-जगदीशपुर, जिला-भोजपुर। अपराधियों के पास से बरामद किया गया देशी कट्टा -01जिंदा कारतूस-04मोबाइल-03 मोटरसाईकिल-01ओसिटिव बी.ए तीनों अपराधियों से पूछताछ कर जेल भेज दिया गया।

आरा नवादा थानान्तर्गत मील रोड में दुकानदार पर गोली चलाने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । एएसपी परिचय कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि दिनांक-20.11.2024 को संध्या 04 बजे मिल रोड, स्थित आलू-प्याज के दुकानदार विनोद कुमार गुप्ता पर तीन अपराधियों के द्वारा रंगदारी मांगने एवं गोली चलाए जाने की घटना में एक अपरधकर्मी को स्थानिय लोगों के द्वारा पकड़ा गया है। पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना स्थल से 01 मीस फायर कारतूस, 02 खोखा, 01 पिलेट को बरामद किया गया एवं पकड़े गये अभियुक्त को हिरासत में ले कर घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों के बारे में जानकारी प्राप्त कर उसके गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रहीं है। इस संबंध में वादी के लिखित आवेदन पर आरा नवादा थाना कांड सं0-854/24 दि0-20.11.24 धारा-109(1)/308(5)/292/3(5) भा०न्या०सं० एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता :छोटू उर्फ मनीष परमार पे०-विनोद उर्फ गुप्तेश्वर सिंह सा०-मटियारा थाना-गिद्धा जिला-भोजपुर। अभियुक्त से पूछताछ कर जेल भेज दिया गया।

नोनहर की बैठक में परिवार नियोजन पर हुई चर्चा

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) : बिक्रमगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत नोनहर में जीविका ग्राम संगठन के लोगों के साथ बैठक आयोजित की गई । जिसमें पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर कुश कुमार द्वारा परिवार नियोजन के ऊपर चर्चा की गई । साथ ही बैठक में बताया कि परिवार नियोजन क्यों जरूरी है और परिवार नियोजन से परिवार को क्या-क्या लाभ हो सकते हैं इसके ऊपर विस्तार पूर्वक चर्चा की । साथ ही परिवार नियोजन के साधन स्थाई और अस्थाई साधन जैसे महिला बंध्याकरण व पुरुष बंध्याकरण माला डी और छाया अंतर निरोध आदि के ऊपर चर्चा की ।साथ ही इसके उपयोग,परिवार में नवजात शिशु को कैसे देखभाल किया जाय इसके ऊपर भी चर्चा किया गया । अगर बच्चा छोटा हो या फिर नवजात शिशु हो तो उसको स्तनपान, मदर केयर साफ-सफाई के ऊपर जानकारी दी गई ।

जिससे की हम बच्चों को सही से देखभाल कर सकें और होने वाली बहुत प्रकार की बीमारियों से बच्चे को बचाव किया जा सकता है । साथ ही समूह के लोगों को इस बात की जानकारी दी गई कि अभी अगर कोई आपके परिवार में या आपकी जानकारी में कोई हाइड्रोसील का पेसेंट है तो उनका ऑपरेशन निःशुल्क सरकार द्वारा कराई जा रही है । यह सुविधा भी आप लोग ले सकते हैं । मौके पर जीविका के एरिया कोऑर्डिनेटर आलोक कुमार , राजेश कुमार ,पिरामल के कुश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

बजरंगी साह हत्या कांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार डीएसपी ने प्रेसवार्ता कर किया खुलासा

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) : बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता की । प्रेसवार्ता के दौरान डीएसपी ने कहा कि 20 नवंबर को समय करीब 10.15 बजे नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार को सूचना मिली कि नासरीगंज थानान्तर्गत ग्राम बरडीहा निवासी बजरंगी साह पिता स्व० गोरख साह को ईट पत्थर से मारकर हत्या कर दी गयी है । उक्त सूचना पर नासरीगंज थाना की टीम घटनास्थल पहुंची । टीम द्वारा आसपास के लोगों से पूछने पर बताया गया कि बजरंगी साह चाय पीने के लिए घर से निकले थे कि रास्ते में ही अज्ञात लोगों द्वारा उनकी हत्या कर दी गयी है ।

नासरीगंज थाना की टीम द्वारा आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के क्रम में बात प्रकाश में आई कि विधि विरूद्ध बालक द्वारा बजरंगी साह को ईट से मारकर हत्या कर दिया गया है ।इस संबंध में मृतक के पुत्र संतोष कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर नासरीगंज थाना कांड संख्या 390/24 के आलोक में सुसंगत धारा 103 (1) भा०न्या०सं० तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया ।

उन्होंने कहा कि प्राथमिकी दर्ज होने के उपरांत घटनाकारित करने वाले विधि विरूद्ध बालक को उसके बहन के घर ग्राम खपड़ा थाना अकोढ़ी गोला से गिरफ्तार कर हत्या कांड मामले का उद्भेदन कर दिया गया । डीएसपी ने कहा कि जांच के क्रम में यह बात प्रकाश में आई है कि इस विधि विरूद्ध बालक द्वारा वर्ष 2022 में भी ग्राम बरडीहा के एक 13 वर्षीय बच्चा पंकज कुमार पिता राम प्रवेश राम ग्राम बरडीहा थाना नासरीगंज की हत्या कर बोरा में लाश को रखकर सड़क चाट में पानी लगे गढे में फेंक दिया गया था ।

जिसे उक्त विधि विरूद्ध बालक द्वारा अपने बयान में बताया गया जहां से पंकज कुमार के शव को बरामद किया गया तथा इस संबंध में नासरीगंज थाना कांड संख्या 105/22 दर्ज किया गया था । उक्त कांड में इस विधि विरूद्ध बालक को बाल सुधार गृह सासाराम भेजा गया था ।

अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर जब्त

नासरीगंज(रोहतास) : कछवां पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है । थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत तुर्कबिगहा गांव से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है । उन्होंने बताया कि पुलिस को देख चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला । श्री कुमार ने कहा कि उक्त मामले में ट्रैक्टर चालक एवं मालिक के विरुद्ध संबंधित मामले में प्राथमिकी दर्ज किया गया है । उन्होंने बताया कि जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों के पास रिपोर्ट भेज दी गई है । साथ ही साथ जब्त ट्रैक्टर को स्थानीय पुलिस **की निगरानी में रखा गया है ।**

किसान नेता रामजीत राय समेत आठ लोगों ने अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन दाखिल

राजपुर(रोहतास) : पैक्स चुनाव के लिए प्रखंड कार्यालय पर नामांकन के तीसरा दिन गुरुवार को किसान नेता रामजीत राय उर्फ पप्पू राय समेत आठ लोगों ने अध्यक्ष पद के लिए नमांकन पत्र दाखिल किया। निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ रविराज ने बताया कि प्रखंड अंतर्गत छः पंचायत में प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति के चुनाव कराए जा रहे हैं। वही राजनडीह पंचायत अंतर्गत पैक्स अध्यक्ष पद के लिए रामजीत राय उर्फ पप्पू राय, विभा देवी, राजपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नीतीश कुमार, दिवाकर सोनी, सियांवक पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए मनीष कुमार, दुर्गावती देवी, रोतवा पंचायत से सुमेर सिंह, बराव पैक्स अध्यक्ष अमरजीत कुमार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं पड़रिया पंचायत में पैक्स के लिए तीसरा दिन किसी ने नामांकन नहीं किया है। जिसमें सदस्य पद के लिए सभी पंचायत में 50 सदस्य पद के लिए लोगों ने नमांकन पत्र जमा किया है।

धान फसल की उत्पादकता माफ के लिए हुई क्रॉप कटिंग

प्रातः किरण संवाददाता

संझौली(रोहतास)। संझौली प्रखंड के चांदी इंग्लिस पंचायत अंतर्गत ग्राम तिलई में गुरुवार को धान की क्रप्टिंग की गई। किसान जवाहर सिंह के खेत में खाता संख्या-209, खेसरा-832 में अगहनी धान की क्रॉप कटिंग की गयी। फसल क्रॉप कटिंग 105 मीटर के क्षेत्रफल में किया गया। हर दाने का वजन 25.200 ग्राम जो कि प्रति हेक्टेयर 50 क्विंटल 400 ग्राम आंकलन किया गया। इस दौरान बीडीओ सुश्री प्रभा कुमारी, सांख्यिकी पदाधिकारी दीपक कुमार दीपांकर, कृषी समन्यवक अखिलेश कुमार की उपस्थिति में क्रॉप कटिंग की गयी। बताया गया कि इस साल क्षेत्र में धान की अच्छी फसल हुई है। लक्ष्य से अधिक पैदावार होने की पूरी संभावना है। किसानों में इसको लेकर खुशी है। इस वर्ष धान की अच्छी फसल के लिए मौसम हर तरह से अनुकूल रहा। बीडीओ ने भी क्षेत्र की अच्छी फसल को देखकर खुशी जाहिर की। किसानों को उनकी मेहनत का समुचित फल मिलने की बातें कही। किसान सलाहकार अभिषेक कुमार,हरिद्वार प्रसाद,उदय कुमार सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

जनता के समस्याओं को सुनना और हल करना ही हमारी प्राथमिकता:सुदामा प्रसाद

आरा सासंद ने किया जनसंवाद, जनसंवाद के चौथे कड़ी में आई सैकड़ों समस्या

प्रातः किरण संवाददाता

आज भाकपा - माले जिला कार्यालय में आरा सासंद सुदामा प्रसाद ने क्षेत्र की जनता के साथ जनसंवाद किया। जो 11 बजे से तीन बजे तक चला। जिसमे जवाहर टोला से चन्दन , अंकुश नाम के दो बच्चे के लापता होने, बिरमपुर के 200 लोगों का लगभग एक करोड़ रुपया सीएसपी संचालक द्वारा गबन, वीर कुंअर सिंह विश्वविद्यालय के एक कॉलेज से कम्प्यूटर ऑपरेटर सुमन कुमारी को पद से हटाने, अगिआंव में शिक्षकों का मुद्दा, दुर्घटना में मृत आश्रित को मुवाजा नही मिलने, वर्षों से आंगन में बिजली के खम्भा नही हटाने सहित कई जमीनी विवाद, रोजगार, सड़क नाली गली बनाने का आवेदन लेकर लोग पहुंचे थे। कई शिकायत थाने की आई जिसमे ५१ होने के बाद भी करवाई नही हो रहा था।

सभी आवेदनों को क्रमवाइज सुना गया और तत्काल अधिकारियों से बात कर हल किया गया। कुछ आवेदनों को अधिकरीयों से बात कर यथोचित करवाई के लिए अग्रसारित किया गया। इस मौके पर सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि सभी व्यस्तता के बाद भी जो गरीब गुरबा जनता हमे जीता कर भेजी है उनकी समस्या सुन्ना और उस पर करवाई करना हमारे लिए प्रथमिक काम है। हमने तय किया है कि महीना में दो दिन जरूर जनसंवाद किया जाए। क्योंकि जनता के पास समस्याओं का अंबार है।

धान अधिप्राप्ति को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम/रोहतास। जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह ने गुरुवार को धान अधिप्राप्तिको लेकर टास्क फोर्स की बैठक की। बैठक में संबंधित सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सभी पैक्स को क्रियाशील बनाने, किसानों का पैक्स के साथ निबंध करना, जिन किसानों के द्वारा धान की खरीद की गई है उन्हें विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में ससमय भुगतान किया जाना, विभागीय पोर्टल पर निबंधित मिलो का भौतिक सत्यापन करने सहित पैक्स के साथ कोऑपरेटिव बैंक का एग्रीमेंट के संबंध में समीक्षा की गई। जिसमें उपस्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में 195 पैक्स वर्तमान में कार्यरत है, जिसमें अब तक 20 पैक्स का एग्रीमेंट हो गया है एवं शेष का एग्रीमेंट कराया जाना बाकी है।

इस संबंध में जिलाधिकारी ने खेद प्रकट की तथा सभी पैक्स का अब तक एग्रीमेंट नहीं कराया जाने के आलोक में उपस्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी से स्पष्टीकरण 24 घंटे के अंदर देने का निर्देश दिया।

नामांकन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न हो गई

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज/काराकाट/रोहतास/बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत काराकाट प्रखंड में पांचवें चरण यानी अंतिम चरण के पैक्स चुनाव जो आगामी 3 दिसंबर 2024 को होने वाला है । उसके मद्देनजर काराकाट प्रखंड में 19 नवंबर 2024 से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई । जो 21 नवंबर यानी गुरुवार को नामांकन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न हो गई ।उसी के आलोक में काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी के प्रखंड कार्यालय सामुदायिक भवन में एक काउंटर एवं मनरेगा कार्यालय परिसर में दो काउंटर यानी नामांकन को लेकर तीन काउंटर बनाए गए थे । प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति के नामांकन प्रक्रिया के पहले और दूसरे दिन कुल मिलाकर अध्यक्ष व सदस्य पद को लेकर करीब 170 अभ्यर्थियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया । प्राप्त जानकारी के अनुसार नामांकन के अंतिम दिन गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए 09 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया । खबर लिखे जाने तक सदस्य लोगों की नामांकन प्रक्रिया चल रही थी । प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था के बीच पैक्स चुनाव का नामांकन 21 नवंबर को शांतिपूर्ण संपन्न हो गया । जानकारी देते हुए निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि नामांकन पत्रों की संविक्षा 22 नवंबर एवं 23 नवंबर को संपन्न की जाएगी । जबकि मतदान 3 दिसंबर 2024 को प्रातः 7:00 बजे से शुरू होकर सायं 4:30 बजे संपन्न हो जाएगा । साथ ही साथ मतगणना का कार्यक्रम 4 दिसंबर 2024 को निर्धारित की गई है । श्री सिंह ने बताया कि मतगणना का कार्य प्रखंड मुख्यालय के राम रूप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर के अंदर संपन्न होगी । बताया कि नामांकन का कार्य सुबह 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक निर्धारित किया गया था । निर्वाचन पदाधिकारी श्री सिंह ने बताया कि बैलेट पेपर के माध्यम से अध्यक्ष पद सहित प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न होगा । मिली जानकारी के अनुसार काराकाट प्रखंड में कुल 17 कृषि साख समिति पैक्स का चुनाव हो रहा है । मौके पर स्थानीय थाना के एसआई संजय कुमार यादव , रोहित कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

बिहार की सड़कों को अमेरिका की तरह बनवा दूंगा:गडकर

छह सड़क परियोजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता

गया। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को गडकरी ने बिहार में 3700 करोड़ की लागत से 6 सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए विकास की नई दिशा की ओर कदम बढ़ाने का आह्वान किया है ।नितिन गडकरी ने बिहार की सड़कों को अगले चार साल में अमेरिका के राष्ट्रीय राजमार्गों की तर्ज पर विकसित करने का भरोसा दिलाया है। समस्या को देखकर पॉलिसी बनानी चाहिए। अमेरिका की नकल से बिहार का विकास नहीं होगा लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि चार साल में बिहार के राष्ट्रीय राजमार्गों को अमेरिका के बराबर बना दूंगा।

आज शिलान्यास हुई परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग 20 के बख्तियारपुर-रजौली खंड और रजौली से हल्दिया के मार्ग चौड़ीकरण से झारखंड और बिहार के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी और नवादा जिले को लाभ होगा। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है ।जिनमें सीआरआईएफ के तहत विकसित परियोजनाएं शामिल है। जहानाबाद शहर में मुथेर से गोल बगीचा मार्ग चौड़ीकरण परियोजना से जहानाबाद शहर के भीतर यातायात सुगम होगी। चाकंद से गया शहर और दोमुंहान के सड़क चौड़ीकरण से पटना और बोधगया के बीच कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी। नवादा शहर में राज्य मार्ग 8 पर आरओबी, नालंदा में मेजर ब्रिज और पूलियां के निर्माण से आवाजाही आसान होगी।

घोषणा

बिहार में 1 लाख 50 हजार की लागत से ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे बनाने की घोषणा की है ।पटना से बेतिया तक 7 हजार करोड़ की लागत से सड़क बनाने की घोषणा की है।

नितिन गडकरी ने बिहार के कई शहरों में आर ओ बी बनाने की घोषणा की है ।पटना, बोधगया में सड़क परियोजनाओं की घोषणा की है,गया में 22 किलोमीटर बाइपास सड़क बनाने की घोषणा की.बनारस-सारनाथ वाया डोभी होकर बोधगया तक सड़क बनाने की घोषणा की है ।विकास के लिए गडकरी ने सुझाव देते हुए कहा कि देश में धन की कमी नहीं है बल्कि ईमानदारी और कमिटमेंट से काम करने वालों की कमी है।

उन्होंने पारदर्शिता, भ्रष्टाचारमुक्त सिस्टम और समय की पाबंदी को देश के विकास का मूलमंत्र बताया है। गडकरी ने कहा कि ह्लमैं दो-तीन हजार करोड़ रुपये से कम के प्रोजेक्ट्स में हिस्सा नहीं लेता है। मेरे पास पैसों की कोई कमी नहीं है। समाज और देश के प्रति ईमानदारी ही हमें विश्वगुरु बनाएगी।अपने संबोधन में उन्होंने बिहार में जातिगत सियासत पर प्रहार करते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि बिहार में जात-पात का बोलबाला सुना है लेकिन मैं साफ कहता हूं कि जात की बात करने वालों को दरकिनार करना चाहिए। आदमी अपनी जाति से नहीं बल्कि अपने गुणों से बड़ा होता है। रेस्टोरेंट या अस्पताल में किसी की जाति नहीं पूछी जाती, वहां उसकी काबिलियत देखी जाती है।

नितिन गडकरी ने बिहार को बुद्ध की धरती बताते हुए जातिवाद से ऊपर उठने और विकास की राह पर चलने की अपील की है आगे कहा कि बिहार का भविष्य उज्ज्वल है, बशर्ते जातिवादी मानसिकता को त्याग कर एकजुट होकर काम किया जाए।

केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के कार्यो को सराहा,मज़ार पर की चादरपोशी

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।हजरत नूरुल होदा कादरी के उर्स के मौके पर केंद्रिय मंत्री भारत सरकार जीतन राम मांझी ने चादरपोसी की एवं बिहार के अमन,शांति, विकास और आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए विशेष दुआ की वहीं श्री मांझी ने विकास कुमार माली और कन्या विवाह विकास सोसायटी के पूरी टीम को ऐसे सामाजिक और धार्मिक कार्यो में हिस्सेदारी और भागीदारी के लिए सराहा ,इस चादरपोशी समारोह का नेतृत्व खानकाह के मसहूर आलीमेदिन एवं जदयू के सीनियर लीडर मौलाना उमर नूरानी ने की,इस मौके पर मौजूद रहे ।

बताते चलें हजरत नूरुल होदा कादरी के उर्स के मौके पर गया जिला प्रशासन की तरफ से गया डीएम डॉक्टर त्यागराजन ,एसएसपी आशीष भारती ने चादरपोशी की,इस चादरपोशी समारोह का नेतृत्व खानकाह के मसहूर आलीमेदिन एवं जदयू के सीनियर लीडर मौलाना उमर नूरानी ने की, इस अवसर पर बिहार के अमन, शांति,विकास और आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए विशेष दुआ की गई है,याद रहे इस खानकाह में हर साल उर्स के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से चादरपोशी की जाती है,इस मौके पर मौजूद रहे कन्या विवाह & विकाश सोसाइटी के सचिव जनाब विकास कुमार माली ने कहा की ऐसे पावन मौको पर सेवा कार्यकर के मन को बड़ा सुकून मिलता है वहीं हसीबुल्लाह अंसारी ने मेहमानों के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी है।सभी का स्वागत कबीलेतारीफ था, इस पावन मौके पर शाहजी कमर,आफताब आलम उर्फ रिंकू,मोहम्मद बॉबी खान,बादशाह, सैयद इकबाल हुसैन,असद परवेज उर्फ कमांडर, अंसारी,एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

मगध विश्वविद्यालय कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री को शामिल नही करने की प्रधानमंत्री एवं राज्यपाल से करेगा शिकायत

प्रातः किरण संवाददाता

गया । हम पार्टी के द्वारा जिला इकाई की एक अहम बैठक की गई जिसमें अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी के द्वारा की गई बैठक में सभी कार्यकताओं ने आक्रोश व्यक्त किया है मगध विश्वविद्यालय बोधगया में 22 वा विहार आर्थिक परिषद सम्मेलन आयोजित किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि एवं उद्घाटन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सड़क परिवहन राजमार्ग शामिल हुए है,विशिष्ट अतिथि डॉ अशोक चौधरी ग्रामीण कार्य विभाग बिहार सरकार शामिल हुए लेकिन स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी जो लघु सूक्ष्म मध्य उद्योग भारत सरकार के मंत्री हैं उन्हें ना तो आमंत्रित किया गया ,ना अति विशिष्ट अतिथियों में नाम दिया गया जो आक्रोश का मुख्य कारण है कुलपति मगध विश्वविद्यालय बोधगया ने इन्हें दलित होने के नाते ऐसा किया जो घोर निंदनीय है पार्टी ने इसे पूरे गया लोकसभा क्षेत्र की जनता का अपमान कहा है। जनप्रतिनिधियों और पार्टी नेताओं ने कुलपति के खिलाफ जन आक्रोश निकालने के भी बात कही यह कुलपति ना तो सीनेट के सदस्यों को सम्मान दे रही है ना तो सिंडिकेट सदस्य को सम्मान दे रहे हैं जबकि सीनेट के सदस्य भी माननीय हैं ऐसी स्थिति में पार्टी नेताओं ने प्रेस विज्ञप्ति व पत्र के माध्यम से बिहार सरकार के कुलाधिपति एवं भारत सरकार के यशस्वी प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मगध विश्वविद्यालय कुलपति पर कार्रवाई की मांग की है अगर पार्टी की मांग नहीं मानी गई तो पार्टी जन आक्रोश मार्च निकालकर इसका विरोध करेगी। साथी यह पार्टी मांग करती है कि मगध विश्वविद्यालय के कुलपति को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उचित कार्रवाई करें जनप्रतिनिधियों और केंद्रीय मंत्री को शामिल न करके प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है इस बैठक में मुख्य रूप से नारायण प्रसाद मांझी जिला अध्यक्ष गया डॉ .शिक़्बातुल्लाह खान उर्फ टूटू खान पूर्व जिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव ई .नंदलाल मांझी प्रदेश सचिव असद प्रवेज जिला अध्यक्ष दिना मांझी सागर सिंह संतोष सागर सत्येंद्र कुमार राय मनोज मांझी आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे हैं।

भूमि विवाद को लेकर बीती रात हुई गोलीबारी

कुर्था पुलिस ने घटनास्थल से दो जिंदा कारतूस व एक खोखा किया बरामद

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी रामाश्रय यादव व रामानुज यादव से विगत कई वर्षों से भूमि को लेकर विवाद चल रहा था जिसके बाद देर रात रामानुज यादव के घर पर गोलीबारी करने का मामला प्रकाश में आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार रामाश्रय यादव व रामानुज यादव छः भाई हैं जिसमें रामानुज यादव के दो पुत्री हैं ऐसे में उनके भाइयों ने इन्हें हिस्सा देने से इनकार कर दिया हालांकि रामानुज यादव ने बताया कि हमलोग बारा अपने गांव में रहते थे जहां बीते वर्ष इनलोगों ने मारपीट कर हमें घर से बाहर कर दिया था। जिसके बाद कुर्था पावर ग्रिड के समीप स्थित घर में हमलोग रहने लगे लेकिन देर रात रामाश्रय यादव व उनके बच्चों ने बुधवार की देर रात मेरे घर पर गोली से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिससे मेरे घर के दरवाजे पर गोली के दो निशान भी मौजूद है इसके बाद हमने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी सूचना पाते हैं कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार दलवल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे इस संबंध में कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि विगत वर्ष से इनके के भाइयों में भूमि का विवाद चल रहा था जिसके बाद बुधवार के देर रात उनके घर पर गोलीबारी की गई थी। पुलिस ने घटनास्थल से दो जिंदा कारतूस व एक खोखे बरामद किया है हालांकि उन्होंने कहा कि उसके घर के दरवाजे पर दो गोली के निशान हैं सूचक शांति देवी के द्वारा आवेदन दी गई है जिसमें 14 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है कुर्था थाना कांड संख्या 265/20 24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मनीष कुमार को गिरफ्तार कर ली गई है साथ ही मामले की तहकीकात की जा रही है साथ ही उन्होंने कहा कि भूमि विवाद को लेकर पूर्व में भी प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसमें दो लोगों को जेल भेजी गई थी।

खुदीराम बोस पूसा-कर्पूरीग्राम स्टेशनों के मध्य लेवल क्रॉसिंग संख्या 59 सी के बदले आरयूबी व सब-वे के निर्माण के संबंध में सड़क डायवर्जन कार्य प्रगति पर

हाजीपुर। खुदीराम बोस पूसा-कपूरींग्राम स्टेशन के किमी 41/11-13 पर लेवल क्रॉसिंग नंबर 59 सी के स्थान पर आरयूबी/सब-वे के निर्माण कार्य के संबंध में कार्य की प्रगति पर है। एलसी नंबर 59 सी पर सड़क के डायवर्जन का काम शुरू कर दिया गया है। सड़क डायवर्जन में मिट्टी भरने का काम चल रहा है। सड़क डायवर्जन का काम पूरा होने के बाद 59 सी पर मौजूदा लेवल क्रॉसिंग को डायवर्ट स्थान पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। लेवल क्रॉसिंग नंबर 59 सी को स्थानांतरित करने के बाद, मौजूदा एलसी के स्थान पर आरयूबी/सब-वे के निर्माण का काम शुरू किया जाएगा ।लेवल क्रासिंग 59 सी के बदल आरयूबी/सब-वे के निर्माण हो जाने से ट्रेनों के संरक्षित परिचालन तथा समय पालन में मदद मिलेगी । साथ ही सड़क उपयोगकत्ताओं की आवाजाही भी और आसान हो जाएगी ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने गुमशुदा पिता को अपने परिवार से मिलवाया

प्रातः किरण संवाददाता

गया। गया के चंदौती थाना अंतर्गत हबीपुर के रहने वाले दिनेश प्रसाद उर्फ दिनेश मिस्त्री 9 अक्टूबर को घर से बाजार के लिए निकले थे ।फिर वह घर वापस नहीं लौटे और भटकते भटकते असम पहुंच गए थे ।बीते 20 तारीख को असम के दरांग मंगलदई के जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शताब्दी भुइया ने दूरभाष पर गया जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अरविंद कुमार दास से संपर्क स्थापित कर गुमशुदा दिनेश मिस्त्री उर्फ दिनेश प्रसाद के बारे में विस्तृत जानकारी दी है।

गया जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अरविंद कुमार दास ने पारा लीगल वालंटियर व व्यवहार न्यायालय एक कर्मचारी के सहयोग से उनके घर का पता लगाकर उनके बेटा सुदर्शन शर्मा और पोता रोशन कुमार को प्राधिकार में बुलाकर गुरुवार को असम से उनके पिता को लाने के लिए रवाना किया है

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञान ,मोक्ष की भूमि पर उत्तम कुशवाहा ने पोर्ट्रेट भेंट कर किया स्वागत

प्रातः किरण संवाददाता

बोधगया। बोधगया के महाबोधि संस्कृति केंद्र में मगध विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बिहार आर्थिक परिषद के 22वे सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी का आगमन हुआ है ,इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने मगध विश्वविद्यालय को ऐतिहासिक बताया एवं यह कहा कि हमें दृढ़ संकल्प के साथ काम करने वाले लोगों को जरूरत है , ईमानदारी के साथ काम करने वाले लोगों को जरूरत है हमारे पास इंफ्रास्ट्रक्चर की कोई कमी नहीं है तथा विशिष्ट अतिथि अशोक चौधरी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो पहले का बिहार था वह आज नया बिहार बन चुका है, देश के एसवी प्रधानमंत्री के सानिध्य तथा हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार देश के बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। सभा के अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय कुलपति शशि प्रताप शाही ने नितिन गडकरी से विश्वविद्यालय मेन गेट के सामने अंडरलाइन पाथ वे तथा विश्वविद्यालय में भव्य ऑडिटोरियम की मांग की जिसे मंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही इसे पूरा कर लिया जाएगा,

इसी क्रम में जहां उपस्थित छात्र जदयू विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा ने मुख्य अतिथि नितिन गडकरी को उनका पोर्ट्रेट देकर उनका स्वागत किया एवं कहां की जिस मगध विश्वविद्यालय से वर्षों पहले लोग घृणा करते थे उस विश्वविद्यालय की गौरवपूर्ण इतिहास पुनः वापस लौट रहा है , एवं हमारा बिहार एक नई और विकसित बिहार बनने की ओर अग्रसर है जिस प्रकार बिहार को विकसित करने में हमारे विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिन-रात मेहनत कर रहे हैं ।

ठीक उसी प्रकार मगध विश्वविद्यालय को विकसित करने में एवं खोई हुई गरिमा को दोबारा पाने के लिए कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही दिन रात मेहनत कर रहे हैं, उत्तम कुशवाहा ने कहा कि इतनी बड़ी अधिवेशन होना हम सबों के लिए गर्व की बात है, मौके पर अनिल यादव कुंदन कुमार सत्यम कुमार सौरभ चंद्रवंशी राहुल सुमित चौधरी समेत अन्य लोग रहे उपस्थित ।

चुनाव जीतने के लिए बूथ जीतना होगा:भाजपा

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा के महत्वपूर्ण बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के नेतृत्व में भाजपा जिला मुख्यालय अरवल में किया गया। बैठक का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह अरवल विधानसभा के संयोजक भास्कर कुमार ने किया। बैठक की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गायन के साथ किया गया ।उसके बाद प्रदेश से आए अतिथियों का कार्यकताओं के द्वारा अंग वस्त्र से स्वागत किया गया ।इस बैठक में महत्वपूर्ण रूप से भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री सह पूर्व बिहार विधान परिषद सदस्य राधा मोहन शर्मा ने कहा कि अरवल जिला संगठन युवाओं की टीम है और युवा ही देश की शक्ति होते हैं सारे कर्मठ कार्यकर्ता पदाधिकारी संगठन सहयोगी पर्व चल रहा है आप सभी देव दुर्लभ कार्यकताओं से मेरा आग्रह है कि गांव गांव जाकर बुथ कमिटी का गठन कार्य को पूर्ण कर संगठन को मजबूत करे। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य प्रोफेसर रामकिशोर सिंह ने कहा कि विगत अगले वर्ष 2025 में बिहार विधानसभा के चुनाव संपन्न होना है, किसी भी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी अरवल के प्रत्याशी को बिहार विधानसभा में भेजने के लिए चुनाव जीतना होगा और चुनाव जीतने के लिए हमे बूथ जितना होगा इसलिए अरवल विधानसभा के सभी बूथों को सशक्त एवम् मजबूत करे। भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि संगठन के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी को जो दायित्व मिला है उसे ससमय पूर्ण करे। इस अवसर पर बीजेपी बिहार प्रदेश के प्रवक्ता सच्चिदानंद पीयूष, पूर्व जिला अध्यक्ष राम विनय शर्मा, जिला महामंत्री चंदन कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष आनंद चंद्रवंशी, सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नामांकन प्रक्रिया में संबिक्षा के दौरान अबतक सभी प्रत्याशी मैदान में

प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी। प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को पैक्स में नामांकन के बाद अभ्यर्थियों के नामांकन पर्चा का संबिक्षा किया गया जिसमें एक भी अभ्यथीयो के कागजात में त्रुटि नहीं पाया गया। इधर जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद ने बताया कि पैक्स चुनाव को लेकर पांच पंचायत से कुल107 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पर्चा भरा था। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए चेरकी पंचायत से 5 बेला पंचायत से 4, कचौड़ी पंचायत से 8, ढाब चिड़ैया पंचायत से 2 एवं चाँपि पंचायत से 5 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पर्चा भरा है। जबकि सदस्य पद के लिए 83 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पर्चा भरा है वही कागजी प्रक्रिया संबिक्षा के दौरान एक भी त्रुटि नहीं पाई गई है, जबकि पैक्स चुनाव को लेकर अब तक 5 पंचायत से कुल 107 अभ्यर्थी मैदान में अपना किस्मत आजमाने वाले है।

छात्राओं ने कुलगीत और वैदिक मंगलाचरण प्रस्तुत किया

गया ।मगध विश्वविद्यालय बोधगया के द्वारा महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित बिहार आर्थिक परिषद के 22 वें वार्षिक सम्मेलन में आए अतिथियों का स्वागत संस्कृत विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ ममता मेहरा एवं मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मीनाक्षी के निर्देशन में गुंजा, सोनी प्रवीण,रजिया सुल्ताना, पूजा, पूनम, अणु,नीलम, नेहा,हर्ष प्रखर,पप्पू कुमार आदि छात्र-छात्राओं ने कुलगीत और वैदिक मंगलाचरण के साथ किया।

गया स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के मद्देनजर ब्लॉक लिए जाने के कारण ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। गया स्टेशन का पुनर्विकास कार्य तीव्रगति से किया जा रहा है । इसी के मद्देनजर गया स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 06 एवं 07 पर दिनांक 24.11.2024 से 07.01.2025 तक 45 दिनों का ब्लॉक लिए जाने के कारण गया स्टेशन से खुलने/पहुंचने तथा गुजरने वाली ट्रेनों के परिचालन में निम्नानुसार बदलाव किया गया है:-

मार्ग परिवर्तन

1.गाड़ी संख्या 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन का परिचालन 25.11.2024 से 06.01.2025 तक परिवर्तित मार्ग वाया पटना-झाझा-प्रधानखंटा-धनबाद के रास्ते किया जाएगा ।

2.गाड़ी संख्या 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन का परिचालन 27.11.2024 से 01.01.2025 तक परिवर्तित मार्ग वाया धनबाद-प्रधानखंटा-झाझा-पटना के रास्ते किया जाएगा ।

3.गाड़ी संख्या 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन का परिचालन 29.11.2024 से 03.01.2025 तक परिवर्तित मार्ग वाया धनबाद-प्रधानखंटा-झाझा-पटना के रास्ते किया जाएगा ।

4.गाड़ी संख्या 13243 पटना-गया-भभुआ रोड एक्सप्रेस का परिचालन 24.11.2024 से 07.01.2025 तक परिवर्तित मार्ग वाया पटना-आरा-सासाराम के रास्ते किया जाएगा ।

5.गाड़ी संख्या 13244 भभुआ रोड-गया-पटना एक्सप्रेस का परिचालन 24.11.2024 से 07.01.2025 तक सासाराम-आरा-पटना के रास्ते किया जाएगा ।

6.गाड़ी संख्या 14223 राजगीर-वाराणसी बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस का परिचालन 23.11.2024 से 06.01.2025 तक पटना-बक्सर-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते ।

7.गाड़ी संख्या 14224 वाराणसी-राजगीर बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस का परिचालन 23.11.2024 से 06.01.2025 तक पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-बक्सर-पटना के रास्ते किया जाएगा।

8.गाड़ी संख्या 18623 इसलामपुर-हटिया एक्सप्रेस का परिचालन 23.11.2024 से 06.01.2025 तक पटना-इसलामपुर-तिलैया-पैमार-बंधुआ के रास्ते किया जाएगा।

9.गाड़ी संख्या 18624 हटिया-इसलामपुर एक्सप्रेस का परिचालन 23.11.2024 से 06.01.2025 तक बंधुआ-पैमार-तिलैया-इसलामपुर-पटना के रास्ते किया जाएगा।

24 नवंबर से 07 जनवरी .2025 तक परिचालन रद्द की गयी ट्रेनों का विवरण

1.गाड़ी संख्या 03336 गया-पटना मेमू । 2.गाड़ी संख्या 03353 पटना-गया मेमू । 3.गाड़ी संख्या 03381 गया-डेहरी ऑन सोन मेमू

4.गाड़ी संख्या 03382 डेहरी ऑन सोन-गया मेमू । 5.गाड़ी संख्या 03385 झाझा-गया पैसेंजर स्पेशल

6.गाड़ी संख्या 03386 गया-झाझा पैसेंजर स्पेशल । 7.गाड़ी संख्या 03390 गया-किऊल पैसेंजर स्पेशल

8.गाड़ी संख्या 03393 किऊल-गया पैसेंजर स्पेशल । 9.गाड़ी संख्या 03394 गया-किऊल पैसेंजर स्पेशल

10.गाड़ी संख्या 03613 पटना-गया पैसेंजर स्पेशल । 11.गाड़ी संख्या 03614 गया-पटना पैसेंजर स्पेशल

12.गाड़ी संख्या 05510/05509 जमालपुर-सहरसा-जमालपुर पैसेंजर स्पेशल।

इसके साथ ही परिचालन रद्द की गयी ट्रेनें

1.गाड़ी संख्या 03313 राजेंद्रनगर टर्मिनल-गया एक्सप्रेस स्पेशल 23.11.2024 से 06.01.2025 तक

2.गाड़ी संख्या 03314 गया-राजेंद्रनगर टर्मिनल एक्सप्रेस स्पेशल 24.11.2024 से 07.01.2025 तक

3.गाड़ी संख्या 03615 जमालपुर-गया पैसेंजर स्पेशल -24.11.2024 से 08.01.2025 तक

4.गाड़ी संख्या 03616 गया-जमालपुर पैसेंजर स्पेशल -23.11.2024 से 07.01.2025 तक

5.गाड़ी संख्या 03627 किऊल-गया पैसेंजर स्पेशल - 24.11.2024 से 08.01.2025 तक

आंशिक समापन/प्रारंभ कर चलायी जाने वाली ट्रेनें

1.दिनांक 24.11.2024 से 07.01.2025 तक गाड़ी संख्या 03275/03276, 03337/03338 03365/03340 एवं 03373/03374 पटना-गया-पटना मेमू पैसेंजर का आंशिक समापन एवं प्रारंभ चाकन्द में/से किया जाएगा ।

2.दिनांक 23.11.2024 से 04.01.2025 तक गाड़ी संख्या 14260 एवं 14262 लखनऊ-गया एकात्मता एक्सप्रेस का आंशिक समापन गया के बदले पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन में किया जाएगा । 3.दिनांक 24.11.2024 से 05.01.2025 तक गाड़ी संख्या 14259 एवं 14261 गया-लखनऊ एकात्मता एक्सप्रेस गया के बदले पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगी ।

4.दिनांक 25.11.2024 से 06.01.2025 तक गाड़ी संख्या 15620 कामाख्या-गया एक्सप्रेस का आंशिक समापन गया के बदले मानपुर में किया जाएगा ।

5.दिनांक 26.11.2024 से 07.01.2025 तक गाड़ी संख्या 15619 गया-कामाख्या एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ गया के बदले मानपुर से किया जाएगा ।

6.दिनांक 23.11.2024 से 04.01.2025 तक गाड़ी संख्या 22410 आनंद विहार-गया गरीब रथ एक्सप्रेस का आंशिक समापन गया के बदले पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन में किया जाएगा ।

7.दिनांक 24.11.2024 से 05.01.2025 तक गाड़ी संख्या 22409 गया-आनंद विहार गरीब रथ एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ गया के बदले पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से किया जाएगा ।

8.दिनांक 22.11.2024 से 05.01.2025 तक गाड़ी सं. 20802 नई दिल्ली-इसलामपुर मगध एक्सप्रेस का आंशिक समापना पटना जं. में किया जायेगा ।

केन्द्रीय मंत्री ने विकसित नवादा के संकल्प की ओर बढ़ते कदम में लोकार्पण एवं शिलान्यास किया: विवेक ठाकुर

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नवादा सहित पूरे बिहार के विकास की रफ्तार बढ़ाते हुए आज बोधगया से कई परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया है। विकसित नवादा के संकल्प को गति प्रदान करने हेतु समस्त नवादा वासियों के तरफ से नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है सांसद विवेक ठाकुर ने।

आज गुरुवार को विकसित नवादा की दिशा में निम्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण हुआ है ।नवादा शहर में वारिसलीगंज - नवादा रेलखंड पर रेल ओवर ब्रिज का शिलान्यास। नवादा शहर में रेलवे गुमटी पर हर रोज लगने वाली भीषण जाम से अब जल्द मुक्ति मिलेगी।

बख्तियारपुर-रजौली राष्ट्रीय राजमार्ग के रजौली से हरदिया तक की फोर लेन सड़क का शिलान्यास।

एन एच20बख्तियारपुर-रजौली राष्ट्रीय राजमार्ग के हसनपुर से बख्तियारपुर तक की 4 लेन सड़क का लोकार्पण।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं म मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकुशल नेतृत्व में नवादा के विकास के लिए हम कृतसंकल्पित हैं।

डीएम व एसएसपी ने की विधि-व्यवस्था की समीक्षा

एसडीओ एवं एसडीपीओ को अवैध शराब के धंधेबाजों पर सख्त कार्रवाई का दिया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जिलाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना श्री राजीव मिश्रा ने कहा है कि विधि-व्यवस्था संधारण से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। सभी पदाधिकारी इसके प्रति सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहें। अधिकारीद्वय आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में इस विषय पर आयोजित एक बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को अवैध शराब में संलिप्त लोगों के विरूद्ध विधि-सम्मत कठोर कार्रवाई करने का निदेश दिया है। सूचना संग्रहण, शराब का विनष्टीकरण, वाहनों की नीलामी इत्यादि पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया गया।डीएम डॉ. सिंह व एसएसपी श्री मिश्रा ने कहा कि भूमि विवादों का प्रभावी निष्पादन एवं अनुश्रवण आवश्यक है। संबंधित पदाधिकारी- थानाध्यक्ष, अंचलाधिकारी, सहायक पुलिस अधीक्षक तथा अनुमंडल पदाधिकारी- उच्च प्राथमिकता के आधार पर इसका समाधान करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पदाधिकारियों के विरूद्ध जिम्मेदारी निर्धारित कर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रशासन, पुलिस, राजस्व, निबंधन, खनन, मद्य-निषेध, परिवहन सहित सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच सार्थक समन्वय एवं सुदृढ़ संवाद की आवश्यकता है। विभिन्न विभागों के पदाधिकारी इसे सुनिश्चित करते हुए जनहित के मामलों में विशेष रूचि प्रदर्शित कर मामलों का नियमानुसार समाधान करें। अधिकारीद्वय ने कहा कि पटना काफी तेज गति से विकास करता हुआ क्षेत्र है। जन-सुविधाओं की सुगम उपलब्धता के लिए सभी को सक्रिय रहना होगा। सुचारू यातायात प्रबंधन, शांति तथा विधि-व्यवस्था संधारण के लिए सम्पूर्ण प्रशासनिक तंत्र 24७7 क्रियाशील रहे।

इस बैठक में सभी पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक पुलिस अधीक्षक, जिला खनन पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक तथा अन्य भी उपस्थित थे।

पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता के साथ आप सभी लोक शिकायतों का निवारण करें। केवल निष्पादन से काम नहीं चलेगा। उनके लिए जनता की संतुष्टि अनिवार्य है। आप सभी पदाधिकारी इसे सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भूमि विवादों के प्रभावी निष्पादन एवं अनुश्रवण के लिए सूक्ष्मतम स्तर पर निगरानी, भूमि विवाद के मामलों की गंभीरता का आकलन, अधिकारियों को प्राथमिक सूचना की विस्तृत जानकारी, भूमि विवाद निराकरण के संबंध में कृत कार्रवाई की समीक्षा, विवादित भूमि के पूर्ववृत (हिस्ट्री शीट) की जानकारी एवं भूमि विवाद समाधान का योजनाबद्ध क्रियान्वयन आवश्यक है। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संयुक्त रूप से भूमि संबंधी मामलों का अनुश्रवण करें।

रबी कर्मशाला सह कृषक प्रशिक्षण केंद्र का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

राजपुर(रोहतास)। राजपुर प्रखंड के कृषि कार्यालय में रबी कर्मशाला सह कृषक प्रशिक्षण केंद्र का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ रवि राज, बीईओ अखिलेश कुमार,आत्मा अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, वैज्ञानिक डॉ रतन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जहां रबी खेती के आधुनिक तरीके ,जैविक खेती ,फसल अवशेष प्रबंधन पर कृषकों को प्रशिक्षण दिया गया। किसान गोष्ठी के दौरान खेती, उत्पादन एवं किसानों की समस्या के संबंध में चर्चा किया गया। गेंहू, दलहन, तेलहन व सब्जी की फसल को रख रखाव एवं संभावित उपज के बारे में किसान जानकारी ली गई। वही दुसरे तरफ आत्मा योजना, एफआईजी, एफएसजी का निर्माण व वागवानी मिशन के साथ प्राकृतिक खेती बारे जानकारी दिया गया। बीडीओ ने बताया कि किसानो को प्रशिक्षण, परिभ्रमण व किसान पाठशाला में महत्वपूर्ण समझ कर भाग लेना चहिए। ताकि नए गुर से खेती किया जा सकें। वही आत्मा अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ने किसानो को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि समय समय पर मिट्टी की जांच अतिआवश्यक है। ताकी प्राकृतिक खेती, खाद की उचित मात्रा का उपयोग किया जा सकें। ताकी प्राकृतिक से शुद्ध व जैविक से उपजाऊ आनज मिल सकें। वही कृषि पदाधिकारी ने बताया कि फसल की अवशेष को ₹3 प्रति किलो की दर से खरीद कर उनके द्वारा जैव खाद बनाने पर कृषकों का ध्यान आकृष्ट किया गया है। फसल अवशेष जलाने पर धरती माता के नुकसान धरती में मौजूद सूक्ष्म पोषक तत्व की पोषक तत्वों की क्षति पर कृषकों का ध्यान आकृष्ट कराया गया। मौके पर किसान मोहन कुमार, पप्पू राय, मनु सिंह, श्रीराम सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

साईबर क्राइम के तहत फ्रॉड कॉल से रहें सावधान

जिला पदाधिकारी सिवान एवं अनुमंडल पदाधिकारी छपरा सदर के मोबाइल नंबर पर 9109405800 नंबर से आयुक्त, सारण प्रमंडल छपरा के नाम से आया फर्जी कॉल

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।विगत 20 नवंबर से जिला पदाधिकारी सिवान एवं अनुमंडल पदाधिकारी, छपरा सदर के मोबाइल नंबर पर 9109405800 नंबर से आयुक्त सारण प्रमंडल, छपरा के नाम से फर्जी फोन कॉल एवं मैसेज आया है। जिला पदाधिकारी सिवान एवं अनुमंडल पदाधिकारी छपरा सदर द्वारा इस बात को आयुक्त सारण प्रमंडल, छपरा के संज्ञान में लाया गया है। वार्ता करने पर ज्ञात हुआ कि 91094 05800 से किया गया कॉल फर्जी है। आयुक्त, सारण प्रमंडल श्री गोपाल मीणा ने कहा है कि उनके द्वारा जिलाधिकारी, उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी या डीसीएलआर से नीचे किसी भी पदाधिकारी को कॉल नहीं किया जाता है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि उनके द्वारा पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया जाता है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा उनके सरकारी सीयूजी नंबर के अलावा किसी भी अन्य नंबर से किसी भी अधिकारी को कॉल नहीं किया जाता है। इस मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक,सारण एवं साईबर थाने को दी गई है। पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। आयुक्त श्री मीणा ने सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं आमलोगों को ऐसे फर्जी कॉल से सावधान रहने की अपील की है। ऐसा मामला होने पर तुरंत साइबर थाने में सूचित करने को कहा है। साइबर अपराधी किसी बड़े अधिकारी के नाम से फर्जी कॉल कर साइबर अपराध/वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए धमकी देने या निजी जानकारी चुराने की कोशिश करते हैं।

ऐसे मामलों में लोगों को सतर्क रहने तथा संचार साथी पोर्टल शू की चक्षु-रिपोर्ट सस्पेक्टेड फ्रॉड कम्युनिकेशन सुविधा पर ऐसी धोखाधड़ी वाली कॉल की शिकायत करने की सलाह दी जाती है। इस तरह के त्वरित शिकायत से दूरसंचार विभाग को साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी आदि के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने में मदद मिलती है। डॉट नागरिकों को पहले से ही साइबर अपराध या वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार होने की स्थिति में साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 या साईबर कामईम के वेबसाइटपर रिपोर्ट की करने की सलाह देता है।इसके साथ ही नजदीकी साइबर क्राइम थाने पर भी इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाई जा सकती है।

विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में कुलपति प्रोफेसर. प्रमेन्द्र कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में जयप्रकाश नारायण के दर्शन में विकसित भारत के अवधारणा विषय पर दो दिवसीय (20-21 नवम्बर) राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सम्पन्न हुआ। यह आयोजन जयप्रकाश अध्ययन केंद्र एवम राजनीति विज्ञान विभाग म के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

इस संगोष्ठी का उद्घाटन जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पमरेंद्र कुमार बाजपेयी , मुख्य सूचना आयुक्त त्रिपुरारी शरण , आई सी एस एस आर के सदस्य सचिव डॉ धनन्जय सिंह , लेखिका एवं स्तम्भकार सुजाता प्रसाद एवं महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविदयालय के कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव के द्वारा संयुक्त रूप से लोकनायक के प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रवज्जलित कर किया गया।इस संगोष्ठी में देश के प्रतिष्ठित टी आई एस एस मुंबई से प्रोफेसर. अश्विनी कुमार, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय से प्रोफेसर राम कृष्ण प्रधान जैसे ख्यातिप्राप्त वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन 21 नवम्बर को हुआ। इन दो दिनों में देशभर के जानेमाने राजनीतिज्ञ ,लेखक , इतिहासकार एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। इस संगोष्ठी में 6 तकनीकी सत्रों का आयोजन हुआ जिसमें प्रोफेसर , असिस्टेंट प्रोफेसर एवं लगभग 200 शोधार्थियों ने मुख्य रूप से अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

सभी वक्ताओं ने मुख्य रूप से जयप्रकाश नारायण के विचारों को आज के समय के प्रासंगिकता पर अपनी बात रखीं। भारत को 2047 तक विकसित भारत राष्ट्र बनाने के लिए जयप्रकश नारायण के विचारों को अपनाना होगा।

संगोष्ठी के आयोजन सचिव एवं राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर. विभू कुमार ने अपने समापन भाषण में कहा कि शोधार्थियों के सहयोग से ऐसे आयोजन सफल होते है एवं इस संगोष्ठी से भविष्य में और बड़े आयोजन कराने कि प्रेरणा मिलती है। संगोष्ठी के संयोजक प्रो संजय कुमार ने सबका धन्यवाद करते हुए संगोष्ठी की सफलता सहभागियों के प्रतिभागिता को दिया है।

और अंत में इस संगोष्ठी का धन्यवाद ज्ञापन पूर्व कुलसचिव प्रो रणजीत कुमार ने किया ,उन्होंने अपने भाषण में जेपी को याद करते हुए कहा कि आजतक 1975 के बाद आपातकाल जैसे स्तिथि नही आने का श्रेय जयप्रकाश की सम्पूर्ण क्रांति को जाता है।

अनाज गबन मामले में डीलर के खिलाफ मुकदमा हुआ दर्ज

शेरघाटी।पीडीएस दुकानदार के द्वारा अनाज गवन कर बेच देने के मामले में मुकदमा हुआ दर्ज घटना शेरघाटी प्रखंड क्षेत्र के लक्ष्णैती गांव की है, जहां जन वितरण प्रणाली के दुकानदार राजाराम भुईया के द्वारा सरकारी अनाज को बेचने के मामले में शेरघाटी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह ने मुकदमा दर्ज करवाया है। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि जन वितरण प्रणाली दुकानदार के द्वारा उठाओ किए गए अनाज से पंजी का मिलन नही हुआ और नही वितरण किया गया। और भंडार पंजी के जांच में 450 क्यूटल अनाज भौतिक रूप से कम पाया गया जो गवन प्रतीत होता है,वही इस बात को लेकर शेरघाटी एसडीओ को इसकी रिपोर्ट समर्पित किया गया।

इसके उपरांत दिए गए आदेश अनुसार पीडीएस दुकानदार के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज करवाई गई है। उन्होंने यह भी बतलाया कि पीडीएस दुकानदार से जब पूछताछ की गई तो उसने पूछताछ के दौरान संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जबकि प्रथम दृश्य में यह अनाज गवन करने प्रतीत होता है,इसके बाद जन वितरण प्रणाली दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

शेरघाटी।थाने के पुलिस ने थाना क्षेत्र के मलहचक गाँव में छापेमारी करते हुए 15 लीटर जावा महुआ के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। इधर जानकारी देते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष रागिनी कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मलहचक गांव से शराब कारोबारी के यहां छापेमारी करते हुए संजय चौधरी नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया है।

बिजली चोरी को लेकर 6 लोगों पर हुआ प्राथमिकी, 159148 का लगा जुमार्ना

कुर्था (अरवल) साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के निर्देश पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने छापेमारी अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में बिजली चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस बाबत कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के पोंदिल धर्मपुर गांव निवासी महेंद्र भारती पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज करते हुए 46040 का जुमार्ना लगाया है वही नव्या देवी पर 18085 अरविंद कुमार पर 40320 सृजय यादव पर 13213 प्रभादेवी पर 13826 उमेश चौधरी पर 2764 रुपए का जुमार्ना लगाया गया इस मौके पर कनीय सारणी राहुल कुमार के अलावा कई विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मी सामिल थे।

केंद्रीय परिवहन मंत्री ने 3700 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण किया

कई विकास कार्यों की मांग पर मिला सकारात्मक आश्वासन: डॉ प्रेम कुमार

प्रातः किरण संवाददाता

गया। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को गया में 3700 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया है। इस अवसर पर बिहार सरकार के सहकारिता, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया है। डॉ. प्रेम कुमार ने गयावासियों और बिहारवासियों की ओर से केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि ये योजनाएं प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।इस कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने गया जिले से संबंधित कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं, जो क्षेत्र के विकास और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहायक होंगी। उनकी प्रमुख मांगों में शामिल हैं।बेंगलुरु, मुंबई और रांची की तर्ज पर गया में रिंग रोड बनाने की मांग, जिससे यातायात का दबाव कम हो और शहर को जाम से मुक्ति मिले।

गया-राजगीर-बिहार शरीफ रोड पर घुघरीटांड के निकट फ्लाईओवर का निर्माण।अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज से रामपुर-गांधी मैदान होते गया रेलवे स्टेशन तक फ्लाईओवर का निर्माण।फल्गु नदी के किनारे बोधगया से चाकंद एनएच-83 तक फ्लाईओवर बनाने की मांग।गया मां बागेश्वरी रामशिला तक, गया-पटना रेलखंड पर चाकंद के निकट, परैया रोड एफ सी आई के निकट और फतेहपुर स्टेट हाईवे पर बंधुआ के निकट रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण।

गया औद्योगिक पार्क को नेशनल हाईवे 23 से जोड़ने और आमस-दरभंगा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे को बोधगया से जोड़ने की मांग।डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इन मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बिहार के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इन परियोजनाओं पर प्राथमिकता के साथ विचार किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री डॉ कुमार के शिष्टमंडल में लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक प्रेम सागर, महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, अशोक साहनी, विकास कुमार, देवानंद पासवान, विजय मांझी, मुन्नीलाल, धनंजय धीरू, अभ्यास चंद्रवंशी आदि शामिल रहे हैं।

आयुष्मान भारत फाउंडेशन ने अपने कार्य क्षेत्र को बढ़ाने के लिए सदस्यों का किया विस्तार

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। आयुष्मान भारत फाउंडेशन ने अपने कार्य क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से देश के अन्य राज्यों और जिलों में अपने नवनियुक्त सदस्य मनोनीत किया है।

बिहार राज्य में पटना जिला से चर्म रोग चिकित्सक डॉ आर के गुप्ता और इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा, मोतिहारी से डॉ कुमार राजकिरण, छपरा से दीपक जायसवाल को सदस्य मनोनीत किया गया है।

वहीं देवरिया उत्तरप्रदेश से अमरनाथ द्विवेदी, कपीश तिवारी,अमित श्रीवास्तव, पिंटू यादव, श्याम सुन्दर यादव, ऋषभ कुमार श्रीवास्तव, अजय यादव, विकास यादव, रवि कुमार यादव, शुभम कुमार चौबे, मार्कण्डेय यादव, सत्येंद्र कुमार गौड़, आशुतोष कुमार मिश्रा, सोनू कुमार यादव, पवन तिवारी, निखिल मौर्या, आकाश वर्मा। कुशीनगर से अभय पाण्डेय, रविकांत शुक्ला, अफरोज आलम, रामु कुमार गुप्ता, महबूब अली, विकास यादव, राजकुमार शर्मा, वीरेंद्र चौहान, शिवम् चौधरी, शैलेश यादव, अमित कुमार मिश्रा, मुन्ना कुशवाहा, श्रीराम गुप्ता। गोरखपुर से कुंदन सिंह,

डॉ सोनू मिश्रा, शशांक शुक्ला, चन्दन सिंह, रितेश कुमार गुप्ता, पवन कुमार श्रीवास्तव, अशोक कुमार। महराजगंज से शिवम् चौबे, संदीप सिंह, इरफान अहमद, नीरज चौधरी, श्रीकांत यादव। बलिया से अजित कुमार सिंह, नन्दलाल शर्मा, मान सिंह यादव, अजित कुमार प्रसाद, योगेश कुमार उपाध्याय, सूर्यभान सिंह, घनश्याम वर्मा, अजय कुमार यादव, योगेश यादव, संदीप कुमार, हरिकेश कुमार, अकबर अली अंसारी, प्रत्युश पाण्डेय, प्रदुमन कुमार, विराट सिंह, विकास सिंह, रविशंकर यादव, उपेंद्र यादव, शिवम् वर्मा, मिलन कुमार सोनी, विक्की पाण्डेय, वीरेंद्र शर्मा। वाराणसी से महेंद्र सिंह, नीरज तिवारी, सुमित सिंह, रजनीश उपाध्याय, पृथ्वीराज चौहान, शिवम् गुप्ता। धार (मध्य प्रदेश) से यशवंत खराड़ी। दिल्ली से मानक जैन। सिद्धार्थनगर से डॉ जे. डी यादव। लखनऊ से डॉ जे.डी.यादव। संतकबीरनगर से हरिओम कसौधन, अरविन्द वर्मा। राजस्थान से कपिल जैन, भागचंद बैरवा। गाजीपुर से प्रभा शर्मा। जौनपुर से गनेश सिंह को सदस्य मनोनीत किया है।

मुख्य सचिव ने बिहटा में यातायात प्रबंधन तथा योजनाओं का निरीक्षण किया, कार्यों में अच्छी प्रगति की सराहना की

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। मुख्य सचिव, बिहार श्री अमृत लाल मीणा द्वारा आज जिलाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना राजीव मिश्रा के साथ बिहटा में यातायात प्रबंधन, बिहटा हवाई अड्डा पर सिविल इन्क्लेव, दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडॉर, शिवाला आरओबी निर्माण, कन्हौली बस अड्डा के लिए भू-अर्जन सहित विकास की विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यों में अच्छी प्रगति पर प्रशंसा की। मुख्य सचिव द्वारा अधिकारियों को जनहित की योजनाओं को गुणवतापूर्ण ढ़ंग से समयसीमा के अंदर पूरा करने का निदेश दिया गया।

मुख्य सचिव ने कहा कि जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पटना जिला में विकासात्मक तथा लोक-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था संधारण की बेहतर स्थिति है। जो भी छोटी-छोटी समस्याएँ आ रही है उसका समय से समाधान किया जा रहा है। सभी स्टेकहोल्डर्स को विश्वास में लेकर जनहित के कार्यों के प्रति संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार के उद्देश्यों के अनुरूप जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सड़कों एवं पुलों का निर्माण किया जा रहा है। यातायात प्रबंधन के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है। गाँवों एवं शहरों के सौन्दर्यीकरण के लिए अनेक योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। दानापुर अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसी कई परियोजनाएँ चल रही है। जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बिहटा सैन्य हवाई अड्डा पर सिविल इन्क्लेव निर्माण, दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडॉर निर्माण, शिवाला आरओबी निर्माण, कन्हौली में प्रस्तावित बस स्टैण्ड निर्माण, उसरी-छितनावाँ पथ निर्माण परियोजना, हाथीखाना मोड़-चांदमारी पथ चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण परियोजना सहित क्षेत्र विकास की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं में प्रगति का जायजा लेने के लिए आज अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण में देखा गया कि योजनाओं में अच्छी प्रगति है। इसे समय से पूरा कर लिया जाएगा। जो भी समस्याएँ आ रही हैं उसे जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा समय से हल किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से जनता को उत्कृष्ट सुविधाएँ उपलब्ध होगी।

1. मुख्य सचिव सबसे पहले 10.00 बजे पूर्वाह्न बिहटा चौक पहुँचे। वहाँ उन्होंने यातायात प्रबंधन तथा योजनाओं के क्रियान्वयन का अनुश्रवण किया। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्य सचिव महोदय के संज्ञान में सभी तथ्यों को लाया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासन द्वारा जन-सुविधाओं पर नियमित ध्यान दिया जा रहा है। बिहटा चौक पर ट्रैफिक जाम एक बड़ी समस्या है। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने भी पूर्व में अनेक बार निरीक्षण किया था। आज मैं भी निरीक्षण करने आया हूँ। ये देखने के लिए कि इस जगह को डीकॉनजेस्ट करने के लिए इम्मिडिएट्ली क्या किया जा सकता है। बिहटा चौक के दो तरफ खाली जमीन मिल गयी है। वहाँ पर स्लिप रोड बनाने के लिए एजेंसी को निदेश दिया गया है। बिहटा से परेब तक जो टू-लेन रोड है उसको फोर-लेन करने के लिए एजेंसी को निदेश दिया गया है। इसमें यदि कोई बाधा आएगी तो जिला प्रशासन पूरा सहयोग देगा। एजेंसी द्वारा बताया गया है कि 45-60 दिन के अंदर में फोर-लेन कार्य हो जाएगा। बिहटा से परेब तक फोर-लेन हो जाने से ट्रैफिक प्रोब्लम इज आउट हो जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा कि जमीन अधिग्रहण में कोई समस्या नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों को उचित कंपेनसेशन दिया गया है और आगे भी यह दिया जाएगा। कहीं कोई समस्या नहीं है। सभी स्टेकहोल्डर्स को विश्वास में लिया जा रहा है। भूमि एवं संरचना का मुआवजा भुगतान तेजी से किया जा रहा है।

2. बिहटा चौक पर निरीक्षण के बाद मुख्य सचिव द्वारा बिहटा हवाई अड्डा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया तथा सिविल इन्क्लेव के निर्माण-रनवे के विस्तारीकरण हेतु किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्य सचिव महोदय के संज्ञान में सभी तथ्यों को लाया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि बिहटा हवाई अड्डे पर सिविल इन्क्लेव का निर्माण जनहित की एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इससे यात्रियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार के निदेश के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए सभी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने कहा कि किसी भी मौसम में कोई भी एयरक्राफ्ट लैण्ड कर सके इसके लिए रनवे की लंबाई 8,000 फीट से बढ़ाकर 12,000 फीट किया जाना है। इसके लिए 400 मीटर लंबी तथा 1,500 मीटर चौड़ी भूमि की आवश्यकता है। इस कार्य हेतु 190.50 एकड़ भूमि की खोज की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा रनवे के विस्तार के लिए 190.50 एकड़ भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु पूर्व में ही एक बहु-सदस्यीय टीम का गठन किया गया था। इस दल द्वारा स्थल का भ्रमण करते हुए भूमि की उपलब्धता हेतु सभी विकल्पों का विस्तृत अध्ययन किया गया है। मुख्य सचिव ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी स्टेकहोल्डर्स से समन्वय स्थापित किया गया है। जनहित के दृष्टिकोण से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करने के लिए द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य सचिव के संज्ञान में लाया गया कि बिहटा एयरपोर्ट के लिए पूर्व में ही 108 एकड़ जमीन उपलब्ध कराया जा चुका है। 8 एकड़ अतिरिक्त भूमि भी उपलब्ध कराई जा रही है। सिविल इन्क्लेव निर्माण अंतर्गत मौजा विशंभरपुर में रकबा 8 एकड़ की अतिरिक्त भूमि के भू-अर्जन की कार्रवाई तेजी से प्रक्रियाधीन है। 28 सितम्बर को अधिसूचना का प्रकाशन किया गया था। प्राप्त आपत्तियों की विधिवत सुनवाई कर निर्धारित समय-सीमा के पश्चात अधिघोषणा का प्रकाशन करते हुए दिसम्बर माह में दखल-कब्जा दे दिया जाएगा। एनएच-922 से प्रस्तावित बिहटा सिविल एन्क्लेव तक कनेक्टिविटी हेतु 6-लेन एप्रोच रोड बनाने के लिए भू-अर्जन पहले ही हो चुका है। एयरपोर्ट लिंकरोड का कार्य प्रगति पर है। मुख्य सचिव द्वारा कार्यों में अपेक्षित प्रगति की सराहना की गई।

3. मुख्य सचिव द्वारा दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण कार्य, कन्हौली बस टर्मिनल के भू-अर्जन कार्यों तथा शिवाला आरओबी निर्माण कार्यों में प्रगति का अनुश्रवण करने के लिए स्थल निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि बिहटा से लेकर दानापुर तक का जो एलिवेटेड रोड बन रहा है वह कंट्री का वन ऑफ द लांगेस्ट एलीवेटेड रोड है। उस पर बहुत तेजी से काम चल रहा है। दो साल में परियोजना को पूर्ण किया जाना है। जिला प्रशासन द्वारा एनएचएआई को हर संभव सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। कार्यों में अच्छी प्रगति है। जो भी छोटी-मोटी समस्याएँ आ रही है उसका क्षेत्रीय पदाधिकारी समाधान कर रहे हैं।

कोहली पाकिस्तान में खेलना चाहते हैं...
चैम्पियंस ट्रॉफी पर शोएब अख्तर का बड़ा बयान

नईदिल्ली, एजेंसी। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है. मगर इसका आयोजन पाकिस्तान में हो पाएगा या नहीं, इस पर सस्पेंस बरकरार है. भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को साफ-साफ बता दिया है कि उसकी टीम इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं नहीं करेगी. ऐसे में यह टूर्नामेंट या तो किसी दूसरे देश में शिफ्ट हो सकता है, या हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित हो सकता है.

हालांकि पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) चीफ मोहसिन नकवी ने हाइब्रिड मॉडल को अस्वीकार कर दिया. पीसीबी ने आईसीसी से इस बारे में स्पष्टता मांगी है कि भारत पाकिस्तान क्यों नहीं जाना चाहता है. भारत ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान में क्रिकेट नहीं खेला है. आईसीसी चैमपियंस ट्रॉफी का आयोजन फरवरी-मार्च में होना है.

अब चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर का बयान सामने आया है. अख्तर को उम्मीद है कि भारत चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जरूर आएगा. अख्तर ने एक समचार चैनल से कहा, पर्दे के पीछे बातचीत होगी. युद्ध के दिनों में भी पर्दे के पीछे बातचीत होती है. हमें उम्मीद नहीं खोनी चाहिए. हमें समाधान की ओर देखना होगा. हम जानते हैं कि आईसीसी के लिए 95-96 प्रतिशत स्पॉन्सरशिप भारत से आता है.

कोहली पाकिस्तान में खेलना चाहते हैं: अख्तर - शोएब अख्तर ने आगे कहा, यह वास्तव में सरकारों पर निर्भर करता है. इसका बीसीसीआई से कोई लेना-देना नहीं है. विराट कोहली पहली बार पाकिस्तान में खेलने की कोशिश कर रहे हैं. पाकिस्तान विराट को पाकिस्तान में खेलते देखना चाहता है. कल्पना कीजिए कि वह पाकिस्तान में शतक बनाते हैं. यह उनके लिए एक फुल राउंड होगा. शोएब अख्तर कहते हैं, पाकिस्तान पर यह टैग लगा है कि वह वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी नहीं कर सकता. अगर चैम्पियंस ट्रॉफी होती है तो यह बड़े आयोजनों के लिए एक कदम होगा. उम्मीद है कि ऐसा होगा. आखिरी क्षण तक प्रतीक्षा करें. फिलहाल, मुझे लगता है कि भारत पाकिस्तान आ रहा है.

चैम्पियंस ट्रॉफी 2017 के बाद पहली बार द्विष्टष्ट कैलेंडर में वापसी कर रही है. इसे हाइब्रिड मॉडल में बदला जा सकता है, जिसमें भारत अपने सभी मैच किसी दूसरे स्थान पर खेल सकता है, संभवतः श्र में... जबकि टूर्नामेंट का बाकी हिस्सा पाकिस्तान द्वारा आयोजित किया जाएगा. पाकिस्तान ने 2017 में इंग्लैंड में आयोजित चैम्पियंस ट्रॉफी के पिछले संस्करण को जीता था. वह इस बार 19 फरवरी से 9 मार्च तक होने वाले टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा.

भारतीय महिला हॉकी टीम ने 'मिशन लॉस एंजिलिस 2028 का किया आगाज

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत की पुरुष जूनियर टीम को लखनऊ में 2016 में विश्व कप जिता चुके अनुभवी कोच हरेंद्र सिंह और इस टीम के लिए यह नई शुरुआत है. अप्रैल में टीम के साथ फिर जुड़ने के बाद से हरेंद्र का एक ही लक्ष्य है ...लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिए क्वालिफाई करना. कोच हरेंद्र सिंह का मानना था कि एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी जीतकर विश्व कप 2026 और ओलंपिक 2028 की तैयारियों की सही शुरुआत की जा सकती है.

बिहार के राजगीर में खेले गए इस टूर्नामेंट (एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी) के फाइनल चीन पर 1-0 से मिली जीत के बाद कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि इस जीत से अधिक से अधिक लड़कियों को हॉकी खेलने की प्रेरणा मिलेगी. मुझे खुशी है कि हम अपने देश को और प्रशंसकों को इस जीत का तोहफा दे सके.' इस टूर्नामेंट से कई सितारों का जन्म हुआ जिनमें 20 साल की युवा स्ट्राइकर दीपिका शामिल हैं. दीपिका ने 11 गोल किए, जिसमें 4 फील्ड गोल थे. संगीता कुमारी ने 4, प्रीति दुबे, नवनीत कौर और लालरेम्सियामी ने 3-3 गोल दागे. 17 साल की सुनेलिता टोप्पो ने शानदार ड्रिबलिंग और फ्लैंक से दौड़ते हुए विरोधी डिफेंस को तहस-नहस कर डाला. भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में सभी 7 मैच जीते ।

संजय मांजरेकर पर बुरी तरह भड़के मोहम्मद शमी
बोले- थोड़ा ज्ञान अपने फ्यूचर के लिए भी बचा लो

नईदिल्ली, एजेंसी। मोहम्मद शमी इंजरी के चलते टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं. उन्होंने भारत के लिए आखिरी मुकाबला 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के रूप में खेला था. इंजरी के कारण शमी 2024 का आईपीएल भी नहीं खेल पाए थे. शमी गुजरात टाइटंस का हिस्सा थे. अब वह 2025 मेगा ऑक्शन के लिए मैदान पर होंगे. लेकिन उससे पहले शमी टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर पर बुरी तरह भड़क गए. तो आइए जानते हैं कि आखिर पूरा माजरा क्या है. दरअसल संजय मांजरेकर ने एक बयान देते हुए कहा था कि शमी को ऑक्शन में मनाचाही कीमत नहीं मिलेगी. शमी की इंजरी को ध्यान में रखते हुए संजय मांजरेकर ने यह बात कही थी. इस पर शमी ने कहा कि फ्यूचर जानने के लिए लोग संजय सर से मिलें. शमी ने इंस्टाग्राम के जरिए एक स्टोरी शेयर की. स्टोरी में मांजरेकर की भविष्यवाणी लिखी हुई थी, जो उन्होंने भारतीय पेसर के बारे में की थी. फिर इसके नीचे शमी ने लिखा, बाबा की जय हो. थोड़ा सा ज्ञान अपने फ्यूचर के लिए भी बचा लो काम आएगा संजय जी. किसी को फ्यूचर जानना हो तो सर से मिले.

गुजरात टाइटंस ने किया रिलीज - बता दें कि गुजरात ने शमी को 2022 के मेगा ऑक्शन में अपने साथ जोड़ा था. 2022 में शमी ने 16 मैचों में 20 विकेट लिए थे. फिर अगले सीजन यानी आईपीएल 2023 में शमी 17 मैचों में 28 विकेट लिए थे, जिसके बाद वह सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे. लेकिन फिर उसके अगले साल 2024 का सीजन शमी इंजरी के चलते नहीं खेल पाए, जिसके बाद फ्रेंचाइजी ने उन्हें मेगा ऑक्शन से पहले रिली कर दिया.

मोहम्मद शमी का आईपीएल करियर - गौरतलब है कि मोहम्मद शमी ने अब तक अपने करियर में 110 आईपीएल मुकाबले खेल लिए हैं. इन मैचों की 110 पारियों में गेंदबाजी करते हुए उन्होंने 26.86 की औसत से 127 विकेट चटका लिए हैं ।

आईपीएल 2025:
जोफ्रा आर्चर ले सकते हैं ऑक्शन में हिस्सा, जानिए कितना होगा बेस प्राइस?

नईदिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 2025 के ऑक्शन के लिए जब खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया तो उसमें जोफ्रा आर्चर का नाम नहीं देखकर फैंस को हैरानी हुई थी. लेकिन, अब उन्हीं क्रिकेट फैंस के लिए फिर से चौंकने का वक्त है. क्योंकि, ऐसी खबर है कि आर्चर आईपीएल 2025 के

ऑक्शन में हिस्सा ले सकते हैं. द क्रिकेटर ने एक रिपोर्ट छापी है, जिसमें उसने इस बात के संकेत दिए हैं. जॉर्ज डोबेल ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि जोफ्रा आर्चर के आईपीएल मेगा ऑक्शन से जुड़ने की उम्मीद है. यानी वो नीलामी के लिए खुद को उपलब्ध करा सकते हैं.

2 दिन के ऑक्शन में 574 खिलाड़ियों की लगेगी बोली - आईपीएल 2025 का मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होना है. इसके लिए कुल 574 खिलाड़ियों के नाम शॉर्टलिस्ट हुए हैं. उन 574 नामों में 37 खिलाड़ी इंग्लैंड से हैं. आर्चर का नाम उन 37 खिलाड़ियों में तो शामिल नहीं था. लेकिन, अब जैसी खबर है उसके मुताबिक हो सकता है कि वो ऑक्शन में बोली लगाने वाली 10 फ्रेंचाइजियों के लिए उपलब्ध रहें.

क्या होगी ऑर्चर की बेस प्राइस - अब सवाल है कि आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में जोफ्रा आर्चर अगर उतरते हैं तो उनकी बेस प्राइस क्या होगी? इस बारे में जानकारी ठीक वैसे ही आधिकारिक नहीं है जैसे अभी आर्चर के ऑक्शन में उतरने पर पूरी तरह से कुछ क्लियर नहीं. लेकिन, आर्चर ऑक्शन में आए तो उम्मीद के मुताबिक उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये हो सकती है. आईपीएल के पिछले ऑक्शन में भी आर्चर की बेस प्राइस यही रही है.

आर्चर का आईपीएल वाला रिपोर्ट कार्ड - इंग्लैंड के लिए 29 ङ्क20 मैचों में 35 विकेट चटका चुके आर्चर ने आईपीएल में दो टीमों- मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व किया. उन्होंने अब तक कुल 40 आईपीएल मैच खेले हैं, जिसमें 48 विकेट हासिल किए हैं. आर्चर का आईपीएल डेब्यू 2018 में हुआ था. उन्होंने अपना आखिरी मैच आईपीएल 2023 में खेला है. आईपीएल 2024 में वो इंजरी के चलते खेल नहीं पाए थे.

आईपीएल 2025 के ऑक्शन में भी उनके नहीं उतरने की वजह फिटनेस ही बताई जा रही थी. कहा जा रहा था कि आईपीएल उन्हें अगले टेस्ट समर के लिए फिट रखना चाहता है.

इंडिया-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट
बुमराह और कमिंस मिलकर रचेंगे अनोखा कीर्तिमान
टेस्ट के 147 साल के इतिहास में सिर्फ 5 बार हुआ ऐसा

नईदिल्ली, एजेंसी। क्रिकेट के इतिहास में पहला टेस्ट मैच साल 1877 में मेजबान ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मेलबर्न में खेला गया था। इस मैच के बाद से 147 साल का वक्त बीत चुका है। इस दौरान एक से बढ़कर एक टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं। अब पर्थ में भारत और मेजबान ऑस्ट्रेलिया 22 नवंबर को एक दूसरे से भिड़ने के लिए तैयार हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के पहले मैच का आगाज भारतीय समयानुसार सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर शुरु होगा। इस मैच में जैसे ही टॉस होगा तो क्रिकेट में अनोखा रिकॉर्ड बन जाएगा। दरअसल, भारतीय टीम पहले टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा के बिना ही उतरेगी। रोहित शर्मा अभी भारत में ही हैं और परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। ऐसे में पर्थ में टीम इंडिया की कप्तानी का जिम्मा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। पर्थ टेस्ट में जब जसप्रीत बुमराह कल सुबह टॉस के लिए ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस के साथ मैदान में उतरेंगे तो मैदान पर एक अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। इस तरह बुमराह और कमिंस मिलकर टेस्ट में अनोखा कीर्तिमान रच देंगे।

टेस्ट क्रिकेट में बनेगा अनोखा रिकॉर्ड - टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा बहुत ही कम देखने को मिला है जब एक टेस्ट मैच में दोनों ही टीमों की कप्तानी तेज गेंदबाजों ने संभाली हो। अब पर्थ में ये बड़ा करिश्मा होने जा रहा है जब दोनों ही टीमों के कप्तान तेज गेंदबाज होंगे। जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस दोनों ही तेज गेंदबाज हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अब तक सिर्फ 5 बार ऐसा हुआ है जब एक टेस्ट मैच में दोनों ही कप्तान तेज गेंदबाज रहे हैं। गौरतलब है कि जसप्रीत बुमराह ने सिर्फ एक टेस्ट मैच में टीम इंडिया की कप्तानी की है जबकि पैट कमिंस लंबे समय से ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व कर रहे हैं। बुमराह ने साल 2022 में इंग्लैंड के घर में एक टेस्ट मैच में टीम इंडिया की कप्तानी की थी। इस मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, पैट कमिंस ने 28 टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की है। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया को 17 मैचों में जीत जबकि 6 मैच में हार का मुंह देखना पड़ा है। वहीं, 5 मैच ड्रॉ रहे हैं।

जिस वजह से टीम से बाहर किया था, वही हरकत कर रहे हैं पृथ्वी शॉ, अर्जुन तेंदुलकर ने किया वीडियो लीक

नईदिल्ली, एजेंसी। पृथ्वी शॉ अच्छे दोस्त हैं. लेकिन क्या अर्जुन तेंदुलकर उन्हें एक्सपोज कर सकते हैं? हो सकता है कि ऐसा ना हो लेकिन गलती से ही सही ऐसा होता जरूर दिखा है. कैसे वो हम आपको बता और दिखा देते हैं? दरअसल, अर्जुन तेंदुलकर ने अपनी इंस्टा स्टोरी में एक वीडियो पोस्ट किया है, जो कि पृथ्वी शॉ की है. शेयर वीडियो में पृथ्वी जो करते दिखाई दे रहे हैं वही हैरान करने वाली है. वीडियो देखकर हैरानी क्यों होगी इसके पीछे भी एक कहानी है.

अर्जुन तेंदुलकर ने पृथ्वी शॉ का कौन सा वीडियो शेयर किया - पिछले दिनों मुंबई की रणजी टीम से पृथ्वी शॉ को बाहर कर दिया गया था. शॉ के बाहर होने की वजह उनके बढ़े

हुए वजन को बताया गया था. इसके बाद हम सभी ने पृथ्वी शॉ को वजन कम करने के लिए अपनी फिटनेस पर मेहनत करते, उन्हें जिम में पसीना बहाते भी देखा. लेकिन, अब जो अर्जुन तेंदुलकर ने वीडियो पोस्ट की है वो पृथ्वी की उस सारी मेहनत पर पानी उड़ेलने जैसी है.

वजन की समस्या के बीच बिरयानी खाते हुए शॉ का वीडियो- अर्जुन तेंदुलकर की इंस्टा स्टोरी में डले वीडियो में पृथ्वी शॉ मजे से बिरयानी खाते दिख रहे हैं. उनके साथ उनके दोस्त-यार भी वहां है. संभवतः उनके दोस्तों में शामिल अर्जुन भी वहीं होंगे क्योंकि ऐसा लग रहा है कि वीडियो भी उन्होंने खुद से बनाया है. हालांकि, हम ये दावे से नहीं कह सकते कि अर्जुन तेंदुलकर ने बिरयानी खाई या नहीं. अब एक तरफ जहां पृथ्वी शॉ को अपना वजन घटाने की सलाह दी गई है. वहीं दूसरी ओर वो बिरयानी खा रहे हैं. ऐसे खाने से जिम में पसीना बहाने से जो वजन घट रहा है, वो दोगुनी तेजी से बढ़ सकता है ।

डेविस कप फाइनल्स
कनाडा को हराकर जर्मनी सेमीफाइनल में

मैलागा (स्पेन), एजेंसी। जान-लेनार्ड स्ट्रफ और डैनियल अल्टमायर ने अपने-अपने मैच जीते, जिससे जर्मनी ने कनाडा को 2-0 से हराकर बुधवार को डेविस कप फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी ने 2019 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और कनाडा को आसानी से हराया।

अल्टमायर ने शुरुआत में घबराहट से उबरते हुए गैब्रियल डायलो को सीधे सेटों में 7-6(5) 6-4 से हराया, इससे पहले स्ट्रफ ने किसी तरह डेनिस शापोवालोव के खिलाफ रोमांचक मुकाबले को 4-6 7-5 7-6(5) से जीत लिया। स्ट्रफ ने कहा, आज मुझे लगता है कि दोनों खिलाड़ी जीत के हकदार थे। लेकिन मैं अंत में जीत हासिल करके खुश हूं। डेनिस शानदार खेल रहे थे, उन्होंने पूरे मैच में बेहतरीन सर्विस की। वापसी करना मुश्किल था। टाईब्रेक में भी, उन्होंने कुछ विनर्स लगाए। यह बहुत करीबी मुकाबला था। इस जीत ने जर्मनी और नीदरलैंड के बीच सेमीफाइनल मुकाबले की नींव रखी, जब डच ने स्पेन को हराकर मंगलवार रात राफेल नडाल के टेनिस करियर को खत्म कर दिया।

स्ट्रफ पुराने खेल प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित थे। उन्होंने कहा, यह अद्भुत होगा। हमारे लिए क्वार्टर फाइनल से सेमीफाइनल में जाना एक बड़ा कदम है। हम जीतना चाहते हैं और अब फाइनल में जाना चाहते हैं। जर्मन स्टार ने कहा, नीदरलैंड ने शानदार मुकाबला खेला। हमें कड़े मुकाबले की उम्मीद है। हम जानते हैं कि जर्मन और डच के बीच थोड़ी प्रतिद्वंद्विता है और डच लोगों के पास अद्भुत प्रशंसक हैं, इसलिए मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

शापोवालोव को एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ़ चूके मौकों का अफसोस होगा, जिसने 2022 में इस प्रतियोगिता में तीसरे सेट के टाईब्रेक में भी उन्हें हराया था। कनाडाई खिलाड़ी कई बार अजेय रहे, उन्होंने 27 ऐस और 24 विनर्स लगाए। लेकिन उन्होंने डबल फॉल्ट के साथ 13 फ्री पॉइंट भी गंवाए, जिसमें मैच को अपने प्रतिद्वंद्वी को सौंपने का तोहफा भी शामिल है।

इससे पहले, शुरुआती मैच में, पहले सेट के दौरान दोनों खिलाड़ी आशंकित दिखे। अल्टमायर ने टाईब्रेक में 5-0 की बढ़त को जाने दिया और फिर 7-5 से जीत हासिल की। दूसरा सेट बेहतर रहा और यह तभी संभव हुआ जब जर्मन खिलाड़ी ने 15-40 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दसवें गेम में कनाडाई खिलाड़ी की सर्विस तोड़ी और मैच जीत लिया।

अल्टमायर ने यह भी बताया कि जर्मन टीम कल रात राफेल नडाल के आखिरी टेनिस मैच का अनुभव लेने स्टेडियम गई थी। उन्होंने कहा, हमने पूरा पहला सेट देखा। जब हमने तस्वीरें देखीं तो हम सभी की आंखों में आंसू आ गए। मैं उन्हें तब से देख रहा हूं जब हम बहुत छोटे लड़के थे, इसलिए यह वाकई बहुत मार्मिक और यादगार है।

कोहली पर ऑस्ट्रेलिया में खेलने का दबाव भारत की तुलना में कम होगा : मार्क वॉ

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मार्क वॉ ने कहा कि विराट कोहली पर ऑस्ट्रेलिया में खेलने का दबाव भारत की तुलना में कम होगा, क्योंकि दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियां पसंद हैं और उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार है। कोहली खराब फॉर्म के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। उन्होंने अपनी दस हालिया टेस्ट पारियों में 20.62 की औसत से रन बनाए, जो ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में उनके 54.08 के औसत और उनके कुल करियर औसत 47.83 से काफी कम है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में अपने कुछ ऐतिहासिक शतक लगाने और 2018/19 में भारत को यहां 2-1 से सीरीज जिताने के बाद, 22 नवंबर से पर्थ स्टेडियम में शुरू होने वाली आगामी पांच मैचों की सीरीज में उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है। वॉ ने फॉक्स क्रिकेट से कहा, ऑस्ट्रेलिया में उनका रिकॉर्ड शानदार है, उन्हें परिस्थितियां पसंद हैं। मुझे लगता है कि वह स्पिन की तुलना में तेज गेंदबाजी के बेहतर खिलाड़ी हैं।

आईपीएल 2025 से पहले रजत पाटीदार बने कप्तान, आरसीबी ने दी बधाई

नईदिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 2025 धीरे-धीरे करीब आता जा रहा है. टूर्नामेंट से पहले मेगा ऑक्शन होना है, जिसमें तमाम खिलाड़ियों की बोली लगनी है. लेकिन उससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलने वाले रजत पाटीदार के कप्तान बनने की खबर सामने आई है. खुद आरसीबी ने पाटीदार को कप्तान बनने की बधाई दी. दरअसल रजत पाटीदार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के लिए मध्य प्रदेश का कप्तान बनाया गया है. रजत मध्य प्रदेश के लिए ही फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेलते हैं. शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए टीम की कमान सौंपी गई. सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की शुरुआत 23 नवंबर से होगी, जबकि टूर्नामेंट का फाइनल मैच 15 दिसंबर को खेला जाएगा.

आरसीबी ने किया रिटेन

आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन करने वाले रजत पाटीदार को आरसीबी ने आईपीएल 2025 के लिए रिटेन किया. रजत ने आरसीबी के लिए 2024 के सीजन में 15 मैचों की 13 पारियों में 30.38 की औसत और 177.13 के शानदार स्ट्राइक रेट से 395 रन बनाए थे, जिसमें 5 अर्धशतक शामिल थे. बताते चलें कि आरसीबी ने सिर्फ तीन खिलाड़ियों को ही रिटेन किया, जिसमें विराट कोहली, रजत पाटीदार और यश दयाल शामिल हैं. पिछले सीजन टीम की कमान संभालने वाले फाफ डु प्लेसिस को फ्रेंचाइजी ने रिलीज कर दिया है. ऐसे में देखने वाली बात यह होगी कि अब 2025 के सीजन में टीम की कमान कौन संभालता है.

रजत पाटीदार का अंतर्राष्ट्रीय और फर्स्ट क्लास करियर - गौरतलब है कि रजत पाटीदार ने अब तक 3 टेस्ट और 1 वनडे खेल लिया है. टेस्ट में उन्होंने 63 और वनडे में 22 रन बनाए हैं. उन्होंने दिसंबर, 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए वनडे के जरिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया था. वहीं उन्होंने अब तक अपने करियर में कुल 66 फर्स्ट क्लास मुकाबले खेल लिए हैं. इन मैचों की 113 पारियों में पाटीदार ने 43.32 की औसत से 4636 रन स्कोर कर लिए हैं ।

संक्षिप्त समाचार

ओडिशा: दबंग ने आदिवासी महिला से की शर्मनाक हरकत, चेहरे पर मला मल

बलांगीर, एजेंसी। ओडिशा के बालांगीर से एक शर्मनाक घटना सामने आई है. जमीन विवाद को लेकर एक युवा आदिवासी महिला के साथ क्रूर एवं अमानवीय अत्याचार किया गया है. जानकारी के मुताबिक यहां 20 साल की एक महिला के साथ पहले मारपीट की गई और उसके बाद उसे मल खाने के लिए मजबूर किया गया. यह घटना उस समय हुई जब पीड़िता ने अपने खेत में ट्रैक्टर घुसने का विरोध किया. बता दें, यह घटना 16 नवंबर को घटित हुई. जब 30 साल के अभय बाग नाम के शख्स ने जबरदस्ती महिला के खेत में ट्रैक्टर घुसाकर फसलों को नष्ट करने की कोशिश की. महिला ने जब इसका विरोध किया तो दबंग ने उसके साथ हाथापाई की और जबरदस्ती मल खाने को मजबूर किया. उसने पीड़िता के चेहरे पर भी मल को मलने का दुस्साहस किया. पीड़िता ने बंगोमुंडा थाने में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने बताया कि आरोपी मौके से फरार है और उसकी तलाश की जा रही है. कांटाबांजी एसडीपीओ गौरांग चरण साहू ने कहा कि एक आदिवासी युवती ने शिकायत दर्ज कराई है. जिसमें उसके साथ गाली-गलौज की गई और उसे जबरदस्ती मानव मल खिलाया गया. हम आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं. घटना से नाराज स्थानीय निवासियों ने इलाके में नारेबाजी करते हुए विरोध-प्रदर्शन किए. आदिवासी संगठन आरोपी की गिरफ्तारी की मांग भी कर रहे हैं. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि घटना को चार दिन बीत गए हैं, लेकिन पुलिस अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है.

टाटा प्ले बिंज ने पुरुष प्रधान फिल्मों के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस

मुंबई एजेंसी। अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस विश्व में 19 नवंबर को मनाया जाता है, जहाँ टाटा प्ले बिंज ने सर्वश्रेष्ठ पुरुष प्रधान फिल्में विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म्स से प्रदर्शित की, जिन्हें एक ही टाटा प्ले बिंज ऐप पे देखा जा सकता है, एक ही सब्सक्रिप्शन के साथ ये सारे ओटीटी ऐप देखने के लिए टाटा प्ले बिंज की सदस्यता लें और एक ही सदस्यता में 30 से ज्यादा राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय ओटीटी ऐप्स एवं गेम्स का आनंद लें। 249/- रुपए मासिक में टाटा प्ले डीटीएच की सदस्यता लेकर 30+ ऐप्स में से अमेज़न प्राइम सहित कोई भी 6 ऐप्स देखे जा सकते हैं। टाटा प्ले डीटीएच के सदस्य डीटीएच चैनलों के साथ मिश्रित पैक में नेटफ्लिक्स की सदस्यता ले सकते हैं। दर्शक एलजी, सैमसंग और एंड्रॉयड स्मार्ट टीवी, टाटा प्ले बिंज + एंड्रॉयड सेट टॉप बॉक्स, अमेज़न फायरटीवी स्टिक के टाटा प्ले संस्करण द्वारा बड़ी स्क्रीन पर ये सभी ऐप्स देख सकते हैं। है ना अच्छी बात यह अद्भुत है। 30 से ज्यादा ओटीटी प्लेटफॉर्म्स देखने के लिए टाटा प्ले बिंज ऐप डाउनलोड करें, जिनमें डिज़्नी+ हॉटस्टार, एप्पल टीवी+, अमेज़न प्राइम वीडियो, डिस्कवरी+, डिस्ट्रोटीवी, ज़ी5, सोनीलिव, फ़्यूज़न+, फैनकोड, हॉलमार्क, एमएक्स प्लेयर, लॉयंसगेट प्ले, अहा, ब्रॉट, पीटीसी प्ले, एनिमैक्स, सन नैक्स्ट, रीलड्रामा, स्टेज, चौपाल, नम्मा फ्लिक्स, प्लैनेट मराठी, मनोरमामैक्स, आईस्ट्रीम, तरंग प्लस, हंगामा प्ले, शेमारूमी, क्यूरियोसिटी स्ट्रीम, एपिक ऑन, ट्रैवलएक्सपी, डॉक्यूबे, शॉर्ट्सटीवी, प्लेफ्लिक्स, क्लिक और गेम्स शामिल हैं।

ग्रेटर नोएडा में पुलिस के साथ मुठभेड़ में शातिर बदमाश घायल

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ में एक बदमाश को पुलिस की गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 20 नवंबर को थाना बिसरख पुलिस एटीएस चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। तभी पर्थला की तरफ से एक एलएलपी मोटरसाइकिल एफजेड-5 पर सवार एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। रुकने का इशारा करने पर वह पुलिस टीम को देखकर यू टर्न लेकर तेजी से हिंडन पुस्ता की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया गया। भागने के क्रम में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। आरोपी ने पुलिस टीम पर गोली चलानी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक खोखा और एक जिन्दा कारतूस .315 बोर और पांच हजार रुपये नकद बरामद हुए हैं।

भारत के प्रत्येक नागरिक को त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध कराना मोदी सरकार की प्राथमिकता है

नईदिल्ली, एजेंसी। 140 करोड़ से अधिक आबादी वाले भारत देश में जहाँ संपूर्ण देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नित नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। वहीं विकास की डगर पर चलते भारत देश में अनेकों चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। इन्हीं चुनौतियों से निपटने के लिए भारत देश को वाह्य एवं आंतरिक रूप से मज़बूत बनाने के लिए मोदी सरकार प्रतिबद्ध है। यही वजह है कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत देश के प्रत्येक नागरिक को त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए गृह मंत्री अमित शाह तीन नए क़ानून लेकर आए हैं। जिसके आने के बाद से जहाँ 150 वर्ष पहले अंग्रेजों के बनाए क़ानून खत्म हो गए। वहीं आजादी के इतने दशकों बाद भारत की आंतरिक सुरक्षा और आपराधिक न्याय प्रणाली में बहुत क्रांतिकारी बदलाव हुआ है। क्योंकि अंग्रेजों के बनाए उन कानूनों में भारत और यहाँ के नागरिकों को केंद्र में रखकर क़ानून तैयार नहीं किए गए थे। बल्कि अंग्रेजों ने उन्हें अपनी हुकूमत को चलाने के लिए और देश में राज करने के लिए कानून तैयार किए थे।

जबकि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लाए गए इन तीन नए कानूनों में जहाँ नवीनतम तकनीक को समाहित किया

है। वहीं आने वाले समय में तकनीक और बदलाव से क़ानून को बदलना नहीं पड़ेगा। क्योंकि इन कानूनों का निर्माण दुनिया में सबसे आधुनिक, वैज्ञानिक तौर पर किया गया है। इन नए कानूनों के ज़रिए जहाँ स्न.ढ्ढ.क्रलिखने से लेकर सुप्रीम कोर्ट में मामला जाने और फैसले में सिर्फ 3 साल के भीतर न्याय मिलेगा। वहीं क्रिमिनल को भी 3 साल के भीतर सजा दी जाएगी। इतना ही नहीं इन नए आपराधिक कानूनों को आधुनिक बनाने के लिए तकनीक का बेहतर उपयोग, फ़ॉरेंसिंक विज्ञान की मदद, आपदा प्रबंधन, ब्लॉक चेन तकनीक का उपयोग, साइबर धोखाधड़ी इन सभी चुनौतियों से निपटने के लिए विकल्प तैयार किए गये हैं।

इसी कड़ी में देश की सुरक्षा प्रणाली को मज़बूत करने के लिए जहाँ नए आपराधिक कानूनों पर अमल की दिशा में सबसे पहले कम्प्यूटराइजेशन को पूरा किया गया है। साथ ही देश के 100 प्रतिशत पुलिस स्टेशनों को कंप्यूटराइज्ड कर क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स के साथ जोड़ने का काम पूरा हो चुका है, 22000 अदालतों को ई- कोर्ट के साथ जोड़ा जा चुका है और ई-प्रिजन के तहत दो करोड़ से ज्यादा कैदियों का डाटा उपलब्ध है। ई- प्रॉसीक्यूशन से डेढ़ करोड़ से ज्यादा अभियोजन का डाटा उपलब्ध है और ई-फॉरेंसिक के माध्यम से 23 लाख से अधिक फॉरेंसिक रिज़ल्ट्स का डाटा भी उपलब्ध है। इंडीग्रेटेड मॉनीटरिंग ऑफ टेररिज़्म के अंतर्गत रजिस्टर्ड मामलों की मॉनीटरिंग के लिए 22000 आतंकवादी मामलों का डाटा भी उपलब्ध है। इसे और बेहतर एवं सुगम बनाने के लिए जहाँ इन आंकड़ों को और बेहतर किया जाएगा। साथ ही ढ्ढ की मदद से भी अलग-अलग डेटा को सम्मलित कर उपयोग योग्य बनाने की दिशा में प्रयास होगा।

वोट प्रतिशत जब भी बढ़ता है तो भाजपा को ही इसका लाभ मिलता है: देवेंद्र फडणवीस

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में शुरुआती घंटों में लग रहा था कि मतदान धीमा है, लेकिन शाम को आंकड़ा आया तो सारे रिकॉर्ड ही टूट गए। महाराष्ट्र में बीते तीन दशकों में पहली बार 65 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ है। वहीं गढ़चिरौली और कोल्हापुर जैसे जिलों में मतदान का आंकड़ा 75 फीसदी तक पहुंच गया। अब बढ़े हुए वोटिंग प्रतिशत को लेकर राजनीतिक पंडितों के अपने कयास हैं, लेकिन डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस उत्साहित हैं। उनका कहना है कि भाजपा और महायुति को इस बार फिर से जनता का आशीर्वाद मिलेगा। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा मतदान ग्रामीण जिलों में हुआ है, जबकि मुंबई क्षेत्र में तो 52 फीसदी वोटिंग ही हुई।

देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वोट प्रतिशत जब भी बढ़ता है तो भाजपा को ही इसका लाभ मिलता है। साफ है कि भाजपा और महायुति को इस बार भी फायदा मिलने वाला है। वहीं मतदान के बाद वह बुधवार की शाम को आरएसएस मुख्यालय गए और वहां संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात भी की। सूत्रों का कहना है कि इस मीटिंग के दौरान मोहन भागवत के अलावा सीनियर लीडर भैयाजी जोशी भी मौजूद थे। वह करीब 20 मिनट तक संघ मुख्यालय में रहे और फिर निकल गए। भाजपा नेता या अन्य किसी सूत्र ने इस मुलाकात को लेकर कुछ कहा नहीं है। लेकिन यह चर्चा तेज हो गई है कि शायद सीएम पद के लिए फडणवीस को आरएसएस का समर्थन मिल गया है। दरअसल चुनाव के बीच में ही मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि वह सीएम पद की रेस में नहीं हैं। इसके बाद से ही माना जा रहा है कि यदि महायुति को बहुमत मिला तो इस बार मौका देवेंद्र फडणवीस को मिल सकता है। हालांकि अब तक कुछ भी स्पष्ट नहीं है। इसका कारण यह है कि भाजपा का हाईकमान ही तय करता है कि मुख्यमंत्री कौन होगा। बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर अब तक जो 8 सर्वे आए हैं, उनमें से 5 में भाजपा को सबसे बड़ी पार्टी बताया गया है। वहीं 3 सर्वे ऐसे भी हैं, जो मानते हैं कि महाविकास अघाड़ी को सत्ता मिल सकती है। कुल मिलाकर देखें तो टाइट फाइट की तस्वीर ही एग्जिट पोल्स से उभरती दिख रही है।

चंडीगढ़ पर हक चाहिए तो 107 गांव वापस दो

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा विधानसभा में राजधानी चंडीगढ़ पर नियंत्रण का सवाल उठा है। नया विधानसभा परिसर चंडीगढ़ में बनाने के फैसले का पंजाब सरकार ने विरोध किया है और इसे लेकर हरियाणा विधानसभा में भी चर्चा हुई है। मंगलवार को इस बारे में लंबा मंथन चला और सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि सभी दलों को इस मामले में एकजुट होकर साथ आना चाहिए। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में नई विधानसभा बनने का विरोध करना गंभीर मामला है। इसमें आप सभी लोग दल से परे होकर साथ दें। वहीं इस पर बात करते हुए पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकार को चंडीगढ़ पर दावा नहीं छोड़ना चाहिए।

भूपिंदर हुड्डा ने कहा, सरकार को चंडीगढ़ पर अपने अधिकार से पीछे नहीं हटना चाहिए। विधानसभा वहीं बननी चाहिए, जहां जमीन का आवंटन हुआ है। उसे दूर नहीं ले जाना चाहिए। इसके अलावा पंजाब के साथ पानी के बंटवारे और हिंदी भाषी गांवों पर अधिकार के मसले को भी जोरदारी से रखना चाहिए।

उनके अलावा कांग्रेस के सीनियर लीडर अशोक अरोड़ा ने भी कहा कि चंडीगढ़ पर हरियाणा का भी बराबर अधिकार है। अरोड़ा ने कहा, चंडीगढ़ दोनों राज्यों की साझा राजधानी है। यह तब रहेगी, जब तक पंजाब हमें अबोहर और फाजिल्का के 107 हिंदी भाषी गांव नहीं दे देता। उन्होंने हमारे पानी के हिस्से को भी नियंत्रण में रखा है। अरोड़ा ने कहा कि सतलुज-यमुना लिंक नहर के माध्यम से ऐसा हो रहा है, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने आदेश भी जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के नेता अकसर गैर-जिम्मेदाराना बयान देते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने नए विधानसभा परिसर के बदले में पंजाब को किसी तरह के धन या फिर जमीन नहीं देनी चाहिए। इस बहस पर विधानसभा स्पीकर हरविंदर कल्याण ने कहा कि इस पर सभी दलों को मंथन करना चाहिए। जब तक सर्वदलीय मीटिंग में इस पर चर्चा नहीं होती, तब तक असेंबली में भी इस पर चर्चा नहीं कराई जा सकती।

सीएम सैनी ने कहा कि पंजाब के नेताओं ने तो सतलुज-यमुना लिंक नहर के मसले का भी राजनीतिकरण किया है। ऐसा तब हुआ है, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के किसानों के हित में फैसला सुनाते हुए कहा है कि उनका भी जल पर अधिकार है। इस तरह सुप्रीम कोर्ट के आदेश को भी किनारे लगाने का मामला देश में पहली बार दिखता है। अब तो वे लोग चंडीगढ़ में हमारी नई विधानसभा बनने का भी विरोध कर रहे हैं। हमारे यहां 2026 में परिसीमन होना है और उससे पहले हम नई विधानसभा बना रहे हैं ताकि ज्यादा संख्या में विधायकों के बैठने की व्यवस्था बन सके। उन्होंने कहा कि विधानसभा में एकमत से जो फैसला होगा, उस पर हम आगे बढ़ेंगे।

खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमला, 12 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक आत्मघाती हमलावर विस्फोटकों से लदे वाहन मलिकेल क्षेत्र में एक संयुक्त चौकी में घुस गया. इससे वहां धमाका हो गया. घटना में कम से कम 12 पाकिस्तानी सेना के जवान मारे जाने की खबर है. पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के अनुसार, आतंकवादियों ने मंगलवार देर रात बन्नू जिले के मालीखेल क्षेत्र में एक संयुक्त चौकी पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन सैनिकों ने चौकी में घुसने के उनके प्रयास को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया.

12 सैनिकों की मौत: आईएसपीआर के बयान के हवाले से पीटीआई ने कहा, आत्मघाती विस्फोट के कारण दीवार का एक हिस्सा ढह गया और आस-पास के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा, जिसके चलते सुरक्षा बलों के 10 सैनिकों और

फ्रंटियर कांस्टेबुलरी के दो सैनिकों सहित 12 सैनिकों की मौत हो गई.

हाफिज गुल बहादुर समूह ने ली जिम्मेदारी: पाकिस्तानी सेना ने कहा कि गोलीबारी में छह आतंकवादी भी मारे गए हैं. पीटीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है. एपी की रिपोर्ट के अनुसार हाफिज गुल बहादुर समूह के नाम से मशहूर पाकिस्तानी तालिबान के एक अलग गुट ने हमले की जिम्मेदारी ली है.

बयान में कहा गया है, इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है और इस जघन्य कृत्य के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा. गौरतलब है कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर-पख्तूनख्वा प्रांतो सहित पाकिस्तान में आतंकवाद से संबंधित घटनाओं में वृद्धि हुई है.

क्वेटा के रेलवे स्टेशन पर हुआ था धमाका: इससे पहले महीने की शुरुआत में 9 नवंबर को क्वेटा में एक रेलवे स्टेशन पर हुए विस्फोट में 14 पाकिस्तानी सेना के जवानों सहित 25 लोग मारे गए थे. यह विस्फोट उस समय हुआ था, जब यात्री बलूचिस्तान की राजधानी में मुख्य रेलवे स्टेशन के एक प्लेटफॉर्म पर इंतजार कर रहे थे. सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज ने कहा है कि 2024 की तीसरी तिमाही में पाकिस्तान में हिंसा में 90 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाएगी. इस बीच पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने बुधवार को दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादियों के खिलाफ एक नए सैन्य अभियान की घोषणा की, जो खैबर पख्तूनख्वा की सीमा पर है और प्रमुख चीनी बेल्ट एंड रोड परियोजनाएं चल रही है।

माली के प्रधानमंत्री मैगा को सैन्य शासन की आलोचना पड़ी भारी, जुंटा ने कर दिया बर्खास्त

बमाको , एजेंसी। माली के प्रधानमंत्री चोगुएल मैगा को देश के सैन्य शासन की निंदा करने के बाद बुधवार को बर्खास्त कर दिया गया। माली के सैन्य नेता कर्नल असिमी गोइता ने इस संबंध में राष्ट्रपति का आदेश जारी किया। राष्ट्रपति के महासचिव ने सरकारी टेलीविजन चैनल 'ओआरटीएम पर यह आदेश पढ़ा। वर्ष 2020 में सैन्य शासन 'जुंटा द्वारा सत्ता पर कब्जा किए जाने और उसके अगले वर्ष एक और तख्तापलट करने के बाद से माली पर सैन्य नेताओं का शासन है।

जून 2022 में 'जुंटा ने मार्च 2024 तक नागरिक शासन की बहाली का वादा किया था, लेकिन बाद में चुनाव स्थगित कर दिए। राष्ट्रपति चुनाव के लिए अभी कोई तारीख तय नहीं की गई है। मैगा को सेना ने दो साल के लिए नियुक्त किया था। उन्होंने शनिवार को अपने समर्थकों की एक रैली में उन्हें सूचित किए बिना चुनाव स्थगित करने का आरोप 'जुंटा पर लगाया था। मैगा के बयान के जवाब में 'जुंटा ने उनके खिलाफ प्रदर्शन आयोजित किए। अब तक नए प्रधानमंत्री के नाम की घोषणा नहीं की गई है।

सुंदर पिचाई ने ट्रंप को बधाई के लिए किया कॉल, बीच में आ गए एलन मस्क

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मशहूर बिजनेसमैन एलन मस्क की दोस्ती के किस्से अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने ट्रंप को बधाई देने के लिए कॉल किया। हालांकि, इस कॉल में एक अनोखा मोड़ आया जब एलन मस्क भी इसमें शामिल हो गए। पिचाई ने इस कॉल के जरिए न केवल ट्रंप को बधाई दी बल्कि ट्रंप और मस्क की साझेदारी को भी समझने का मौका दिया। यह कॉल मस्क और ट्रंप के प्रशासनिक एजेंडे की ओर इशारा करता है, जहां सरकारी कामकाज को आधुनिक और कुशल बनाने पर जोर दिया जाएगा। सुंदर पिचाई द्वारा ट्रंप को किया गया यह कॉल एलन मस्क की मौजूदगी के कारण खास बन गया।

यह घटना न केवल ट्रंप और मस्क की दोस्ती बल्कि ट्रंप प्रशासन में मस्क की बढ़ती भूमिका को भी उजागर करती है। अब देखना यह है कि मस्क और रामास्वामी की टीम ट्रंप के सेव अमेरिका अभियान को कितना सफल बना पाती है।एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप को उनके दूसरे राष्ट्रपति चुनाव में खुलकर समर्थन दिया। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, मस्क ने ट्रंप समर्थक एक समूह को कम से कम 119 मिलियन का दान दिया, जो उनके व्यवसायों को सरकारी नियमन और नीति समर्थन से बचाने की व्यापक रणनीति का हिस्सा था। उनके व्यवसाय, जैसे टेस्ला की इलेक्ट्रिक कारें, न्यूरालिंक के ब्रेन चिप्स और स्पेसएक्स के रॉकेट, सभी सरकारी नीतियों और सब्सिडी पर निर्भर करते हैं।

मस्क ने 13 जुलाई को ट्रंप का समर्थन किया, उसी दिन जब पेन्सिलवेनिया में एक असफल हत्या प्रयास में ट्रंप घायल हुए थे। मस्क ने ट्रंप के लिए चुनाव प्रचार के अंतिम दिनों में कई बार भाषण दिए और चुनाव की रात उनके मार-ए-लागो क्लब में उनके साथ समय भी बिताया। सुंदर पिचाई ने डोनाल्ड ट्रंप को हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में मिली जीत के लिए फोन किया। इस कॉल के दौरान एलन मस्क भी मौजूद थे। मस्क हाल के दिनों में ट्रंप के साथ लगातार सार्वजनिक कार्यक्रमों में दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में उनकी मौजूदगी इस कॉल को और भी खास बना गई। एलन मस्क को ट्रंप की नई सरकार में एक अहम जिम्मेदारी दी गई है, जिसके तहत वह अमेरिकी सरकारी संस्थानों को अधिक प्रभावी और कुशल बनाने में मदद करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क को अपने प्रशासन में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (सरकारी दक्षता विभाग) का प्रमुख नियुक्त किया है। जिसमें उनका काम सरकारी खर्चों में कटौती, फेडरल एजेंसियों को पुनर्गठित करनाऔर अनावश्यक नियम-कायदों को खत्म करना आदि शामिल है। मस्क इस विभाग को भारतीय-अमेरिकी कारोबारी विवेक रामास्वामी के साथ मिलकर संभालेंगे। एलन मस्क और विवेक रामास्वामी मिलकर सरकारी ढांचे को सरल और प्रभावी बनाएंगे। यह कदम सेव अमेरिका अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अमेरिकी चुनाव के दौरान मस्क ने गूगल पर आरोप लगाया था कि डोनाल्ड ट्रंप को सर्च करने पर कमला हैरिस से जुड़ी खबरें दिखाई जा रही थीं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129